YouTube kanwhizztimes
Facebook @kanwhizztimes lucknow
Twitter @kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-266 | शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



नरेन्द्र मोदी के भारत को विकसित और अग्रणी राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए हमें सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा जीवनभर साधे गए आदर्शों और मूल्यों को निरंतर स्मरण और जागृत रखना होगा। **आरिफ मोहम्मद खान**

लालू यादव ने बिहार को अपराध का अड्डा बनाया था : शाह 11

बिहार विस चुनाव : बागी तय करेंगे किसे मिलेगी कुर्सी 12

# पूर्व की सरकारों ने किसानों की उपेक्षा की, जिससे यूपी बीमारू राज्य बना

## गोपाष्टमी पर मुख्यमंत्री आवास पहुंचे गन्ना किसान, गन्ना मूल्य बढ़ाने पर किया योगी का अभिनंदन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




### योगी बोले

- 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद पहली बार सरकारों के एजेंडे में खेती
- अन्नदाता किसानों का अपमान करके कोई देश या राज्य कभी उन्नति नहीं कर सकता
- मुख्यमंत्री 2017 में सरकार बनने के पहले दिन ही हमने 86 लाख किसानों की कर्जमाफी का वादा पूरा किया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पूर्व की सरकारों ने किसानों की उपेक्षा की, जिसके कारण उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य बन गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद पहली बार खेती और किसानों का हित सरकारों के एजेंडे में आया है। जिस मिट्टी में फसल पैदा होती है, उसके सेहत ही सुधि किसी को नहीं थी परंतु पीएम मोदी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड की व्यवस्था की। पीएम किसान सम्मान निधि ने रोजमर्रा के काम के लिए साहूकारों के जाल से किसानों को मुक्ति दिलाई है। अब सीधे बैंक अकाउंट में जा रहा पैसा पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना मूल्य बढ़ोतरी के ऐतिहासिक निर्णय से उत्साहित प्रदेश के गन्ना किसानों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने गन्ना किसानों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में सरकार बनने के पहले दिन ही हमने 86 लाख किसानों की कर्जमाफी का वादा पूरा किया। बीते साढ़े आठ वर्षों में 23 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित की गई है। तब भी मेहनत किसान की, फसल किसान की, लेकिन मुनाफा बिचौलियों को मिलता था। हमने इस व्यवस्था को बदला और आज जिसका खेत, उसी से खरीद करते हुए सीधा उसके बैंक अकाउंट में पैसा जा रहा है। पहले की सरकारों में बंद और बिक रही थीं चीनी मिलें मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसानों का अपमान करके कोई देश या राज्य कभी उन्नति नहीं कर सकता। चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश की खुशहाली का रास्ता किसानों के खेत से होकर जाता है, लेकिन पूर्व की सरकारों ने किसानों की उपेक्षा की और नतीजा उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य हो गया। प्रदेश को बीमारू बनाने के पीछे सत्ता के लोगों की बीमार मानसिकता थी। उन्हें अपने परिवार की चिंता थी। पहले की सरकारों में चीनी मिल बंद हो रही थीं, बिक रहीं थीं। हमने यह रोका। आज आठ वर्ष बाद 4 नई चीनी मिलें स्थापित हुई। 6 बंद मिलें पुनः शुरू हुईं और 42 मिलों में क्षमता विस्तार हुआ। 8 नई बड़ी मिलों के बराबर उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई और दो मिलों में सीबीजी संयंत्र स्थापित किया गया। 122 चीनी मिलें चल रही हैं और इनमें 105-106 ऐसी हैं, जो एक सप्ताह में गन्ना खरीद का भुगतान कर रही हैं। यही नहीं, अब तो हम शुगर कॉम्प्लेक्स बनाने जा रहे हैं। गन्ना क्षेत्र में आ रहा नया निवेश मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना क्षेत्र में नया निवेश आ रहा है। गन्ना अब सीजनल नहीं रहा, पूरे वर्ष का कार्यक्रम है। कहीं सीबीजी, कहीं डिस्टिलरी, कहीं कोजन प्लांट सब कुछ आगे बढ़ रहा है। सम्मान तो सरकार का नहीं, अन्नदाता किसान का होना चाहिए, जिन्होंने यूपी को चीनी, गन्ना व एथेनाल उत्पादन में देश में नम्बर एक कर दिया है। हमने 1,42,879 करोड़ रुपये अधिक भुगतान हुआ मुख्यमंत्री ने कहा कि 2007 से 2017 तक मात्र 1,47,346 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान हो सका था। 2017 से अब तक साढ़े आठ वर्ष में 2,90,225 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान हुआ। पिछली सरकारों के 10 वर्षों की तुलना में हमारी सरकार में 1,42,879 करोड़ रुपये अधिक भुगतान हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि ढ़ाई करोड़ लोग गन्ना सेक्टर से जुड़े हुए हैं। सरकार सबका ध्यान रखेगी। अन्नदाता किसान सहयोग करें, सरकार सब सुविधा उपलब्ध कराएगी। चीनी मिलों के माध्यम से 10 लाख परिवारों को मिली आजीविका मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट गन्ना किसान' प्रणाली से गन्ना पर्ची व्यवस्था पूरी तरह ऑनलाइन हुई और बिचौलियों का राज खत्म किया गया। अब किसी को सिफारिश की जरूरत नहीं है। इसी तरह और तकनीकी नवाचार भी किये जाएंगे। अकेले चीनी मिलों के माध्यम से 10 लाख परिवारों को आजीविका मिली है। सरकार ने खांडसारी को भी प्रोत्साहित किया है। जहां जरूरत होगी ● शेष पेज 11 पर

# प्रदूषण ने तोड़ी सांसों की डोर

पीएम 2.5 के कारण 2022 में देश में 17 लाख से ज्यादा मौतें



एजेंसी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली-एनसीआर में व्यापक रूप से वायु प्रदूषण का असर देखा जा रहा है। विशेषकर दिवाली के बाद से दिल्ली की हवा लगातार प्रदूषित होती जा रही है। गुरुवार (30 अक्तूबर) को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 पार हो गया है। हवा में बढ़ते सूक्ष्मकण (पीएम 2.5) को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट करते हैं। अध्ययनों में पीएम 2.5 के कारण होने वाले कई दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को लेकर अलर्ट किया गया है। इससे हृदय रोगों से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा हो सकता है।

इसी से संबंधित एक हालिया अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने पीएम 2.5 के कारण होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों को लेकर सावधान किया है। द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, मानव-जनित पीएम 2.5 प्रदूषण के कारण साल 2022 में भारत में 17 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई। साल 2010 की तुलना में मौत के मामलों में 38 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इतना ही नहीं जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी 44 प्रतिशत मौतों का कारण बना। 'द लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025 की रिपोर्ट' में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के कई स्रोत हैं और इसका संपूर्ण स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक असर देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए सड़क परिवहन के लिए पेट्रोल के उपयोग से होने वाले प्रदूषण ने 2.69 लाख लोगों की जान ले ली। अनुमान यह भी बताते हैं कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण 2022 में हुई समय से पहले मृत्यु के चलते 339.4 बिलियन अमरीकी डॉलर का वित्तीय नुकसान भी ● शेष पेज 11 पर

### दिल्ली में धुंध और 'स्मॉग' की चादर, वायु गुणवत्ता 'गंभीर' स्तर के करीब पहुंची

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी की ओर बढ़ रही है और बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 375 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शहर में धुंध और 'स्मॉग' के कारण दृश्यता कम हो गई है। शहर में (पार्टिकुलेट मैटर) पीएम 2.5 का स्तर 184.4 और पीएम10 का स्तर 301.9 दर्ज किया गया है।

## संक्षेप

### दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से, सीबीएसई ने घोषित की तिथि

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने गुरुवार को बोर्ड परीक्षाओं की तिथियों की घोषणा करते हुए बताया कि 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी 2026 से शुरू होंगी। सीबीएसई ने पहली बार परीक्षा शुरू होने से 110 दिन पहले डेटशीट जारी की है। दसवीं की परीक्षा 17 फरवरी से 10 मार्च तक और 12वीं की 17 फरवरी से 09 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। परीक्षाएं विषयों के अनुसार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे और दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई ने कहा कि दोनों कक्षाओं में विद्यार्थियों द्वारा लिए जाने वाले दो विषयों के बीच पर्याप्त अंतराल दिया गया है। कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों को ध्यान में रखा गया है, और बोर्ड परीक्षाएं प्रवेश परीक्षाओं से काफी पहले समाप्त करने का प्रयास किया गया है। इससे विद्यार्थिओं को बोर्ड और प्रवेश दोनों परीक्षाओं की बेहतर समय-प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

### न्यायमूर्ति सूर्यकांत उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

**नयी दिल्ली।** न्यायमूर्ति सूर्यकांत को उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरूवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति सूय कांत 24 नवम्बर को पद की शपथ लेंगे। वह मौजूदा मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई का स्थान लेंगे जो 23 नवम्बर को सेवानिृत हो रहे हैं। न्यायमूर्ति गवई ने कुछ ही दिन पहले न्यायमूर्ति सूर्यकांत को अगला मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53 वें मुख्य न्यायाधीश होंगे और उनका कार्यकाल करीब 15 महीने का होगा। वह फरवरी 2027 में सेवानिृत होंगे। उन्हें मई 2019 में उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।

### फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए केवाईवी प्रक्रिया को बनाया सरल

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण-एनएचएआई ने जन सामान्य की असुविधा के निराकरण करने और सुविधाओं को आसान तथा बेहतर बनाने के लिए फास्टैग उपयोगकर्ताओं के वास्ते अपने वाहन को जानें-केवाईवी प्रक्रिया को सरल बना दिया है। भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड-आईएचएमसीएल ने संशोधित दिशानिर्देशों में कहा है कि हाल ही में जारी सरकारी निर्देशों के अनुसार, गैर-अनुपालन वाले वाहनों के लिए फास्टैग सेवाएं तत्काल बंद नहीं होंगी और उपयोगकर्ताओं को केवाईवी प्रक्रिया पूरा करने के लिए पर्याप्त अवसर मिलेंगे।

# मिलावटखोरी के आरोप सिद्ध हुए तो होगा सामाजिक बहिष्कार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- प्रदेश में चौराहों पर लगेंगे मिलावटखोरों के पोस्टर और होर्डिंग्स-पोस्टर
- शासन ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को जारी किए निर्देश



लखनऊ। खाद्य व पेय पदार्थ में मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसेगा। मिलावटखोरों पर दोष सिद्ध होने पर उनका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। हर जिले में उनकी सूची सार्वजनिक की जाएगी। उन्हें सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करने के लिए शहरों में प्रमुख स्थलों पर उनकी तस्वीरें व होर्डिंग लगाए जाएंगे। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों व नकली दवा कारोबारियों का बड़ा नेटवर्क है।

बोतल बंद पानी भी शुद्ध नहीं है। इस धंधे से जुड़े लोगों के खिलाफ अब चौतरफा कार्रवाई का निर्णय लिया गया है। एक ओर उन पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के नियमों के तहत कार्रवाई होगी तो दूसरी ओर आपराधिक मुकदमा भी चलाया जाएगा। इसके अलावा उन्हें सार्वजनिक रूप से चिन्हित कर मिलावटखोर के रूप में चिन्हित करने की मुहिम चलेगी। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा. रौशन जैकब ने इसे लेकर प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को आदेश जारी किए हैं। हर जिले में मिलावट के धंधे से जुड़े दोष सिद्धि वाले लोगों की लिस्ट चस्पा करने के साथ ही उनकी तस्वीरें भी लगेंगी। सभी डीएम को भेजे आदेश में इस संबंध में न्यायालय के आदेश का हवाला भी दिया गया है।

# हम अफगानिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए प्रतिबद्ध : भारत

एजेंसी



- भारत ने जम्मू कश्मीर पर ओआईसी के बयान को सिरे से खारिज किया
- अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह परियोजना पर प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट दी

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को कहा कि वह अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रायल का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संघर्ष चल रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''पाकिस्तान इस बात से नाराज है कि अफगानिस्तान अपने इलाकों पर संप्रभुता का इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान को लगता है कि उसे बिना किसी सजा के सीमा पार आतंकवाद फैलाने का अधिकार है। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान के पड़ोसी इसे स्वीकार नहीं करते। भारत, अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।'' गौरतलब है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष इस महीने की शुरुआत में काबुल पर पाकिस्तानी हवाई हमले के बाद शुरू हुआ था। अफगानिस्तान ने इस हमले का कड़ा जवाब दिया जिसके बाद संघर्ष और बढ़ गया है। भारत ने जम्मू कश्मीर के बारे में इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के बयान को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि संगठन को भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, '' हम उन बयानों को खारिज करते हैं। उन्हें भारत के आंतरिक मामलों पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि ओआईसी ने हाल ही में एक बयान में जम्मू कश्मीर पर पाकिस्तान का राग अलापते हुए कहा था कि भारत ने जम्मू कश्मीर पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह परियोजना पर अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट दी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ भारत की बातचीत जारी है। उन्होंने एक प्रेस वार्ता में कहा कि भारत रूसी तेल कंपनियों पर हाल ही में लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभावों का अध्ययन कर रहा है। जायसवाल ने कहा, ''हम रूसी तेल कंपनियों पर हाल ही में लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं। हमारे निर्णयों में ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में हरित हाइड्रोजन केंद्र के लिए जापान ने दिखाई रुचि

लखनऊ। राज्य सरकार जापान के यामानाशी प्रांत के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में हरित हाइड्रोजन के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। इस पहल का सीधा उद्देश्य अत्याधुनिक शैक्षणिक साझेदारियों के माध्यम से ग्रीन हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान, नवाचार और औद्योगिक अनुप्रयोगों को तीव्र गति से बढ़ावा देना है। इंवेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों, यूनिवर्सिटी ऑफ यामानाशी और यामानाशी प्रांत सरकार के प्रतिनिधियों के बीच गुरुवार को एक उच्च-स्तरीय वर्चुअल बैठक हुई। चर्चा का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा अनुसंधान, नवाचार को बढ़ावा देने और आधुनिक हाइड्रोजन तकनीक विकसित करने के लिए एक रोडमैप तैयार कर कार्ययोजना को आगे बढ़ाना है। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि कार्यान्वयन की योजना को जल्द ही अंतिम रूप देने के लिए वे फिर से चर्चा करेंगे। प्रस्तावित सीओई एक बहु-उद्देशीय केंद्र के रूप में काम करेगा, जिसमें भारत के अग्रणी संस्थान ● शेष पेज 11 पर

# स्कूलों में तीसरी कक्षा से आगे एआई पर पाठ्यक्रम शुरू होगा

एजेंसी




नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि स्कूलों में कक्षा तीन से आगे एआई पर पाठ्यक्रम शुरू किया जायेगा।

शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने भविष्य के लिए तैयार शिक्षा के आवश्यक घटकों के रूप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग को आगे बढ़ाने के लिए आज अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (एआई और सीटी) सीखने, सोचने और सिखाने की अवधारणा को सुदृढ़ करेगी और धीरे-धीरे ''सार्वजनिक हित के लिए एआई'' के विचार की ओर विस्तारित होगी। यह पहल जटिल चुनौतियों को हल करने के लिए एआई के नैतिक उपयोग की दिशा में एक नया लेकिन महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह तकनीक कक्षा तीन से शुरू होगी। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा तीन के बाद से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग की शुरुआत की जायेगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एआई और सीटी पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए आईआईटी मद्रास के प्रोफ़ेसर कार्तिक रमन की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ● शेष पेज 11 पर

## राहुल, तेजस्वी पर प्रधानमंत्री रहे हमलावर, सबसे भ्रष्ट परिवार के 2 युवराज मुझे गालियां दे रहे

# कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन और करप्शन राजद-कांग्रेस गठबंधन की पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर में गुरुवार को चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजद-कांग्रेस गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इनकी पहचान पांच शब्दों से की जा सकती है- कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन और करप्शन। मोदी ने कहा कि जहां कट्टा चलता है, वहां कानून ठहर नहीं सकता, जहां क्रूरता राज करती है, वहां जनता का विश्वास टूट जाता है। उन्होंने महागठबंधन पर बिहार को अराजकता और भ्रष्टाचार की राह पर ले जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब जनता सब समझ चुकी है और विकास के रास्ते से उसे कोई नहीं भटका सकता।

पीएम ने कहा कि दोनों युवराज हजारों करोड़ के घोटालों के मामले में जमानत पर हैं और जो जमानत पर होते हैं उनका सम्मान नहीं होता। चर्चा में बने रहने के लिए ये नामदार लोग कामदार को गालियां देते रहते हैं। इसके बगैर इनका खाना हजम नहीं होता। पिछड़ों, दलितों को गाली देना ये अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। एक चाय बेचने वाला पिछड़े गरीब घर का व्यक्ति यहां तक पहुंच गया, यह बर्दाश्त इन्हें नहीं होता। मोदी ने कहा कि आरजेडी और कंाग्रेस का रिश्ता तेल और पानी की तरह है। कभी इनमें मेल नहीं हो सकता। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता आपस में एक दूसरे को नीचा दिखाने का खेल कर रहे हैं। बाहर से एक दिखते हैं पर अंदर से अलग-अलग हैं। इनका मकसद सिर्फ सत्ता पर कब्जा करना है। बस इसी लालच में एक साथ हैं ताकि फिर से बिहार को लूट सकें। पीएम मोदी ने लालू यादव पर भी निशाना साधा। कहा कि जिन बाबा साहेब आंबेडकर को पूरा देश पूजता है उन्हें ये पैर के पास रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद और कंाग्रेस की अब तक की सबसे बड़ी हार होने जा रही है वहीं एनडीए की सबसे बड़ी जीत होने जा रही है। बिहार चुनाव में राजद और कंाग्रेस को अब तक की सबसे कम ● शेष पेज 11 पर

### कांग्रेस-राजद ने छठी मैया का अपमान किया : मोदी

मुजफ्फरपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने छठी मैया का अपमान किया है, जिसे बिहार की जनता कभी नहीं भूलेगी। श्री मोदी ने आज मोतीपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि छठ महापर्व के बाद यह उनकी पहली जनसभा है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व बिहार और देश का गौरव है। देश और दुनिया में छठ महापर्व मनाया जाता है। हम छठ के गीत सुनते हैं, तो भाव विभोर हो उठते हैं। छठी मैया की पूजा में मां की भक्ति है। क्षमता, ममता और सामाजिक समरसता है। ये हमारी साझी विरासत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आपने देखा है कि आपका ये बेटा छठी मइया की जय-जयकार पूरी दुनिया में करा रहा है। लेकिन कांग्रेस और राजद के के लोग छठी मइया का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा क्या कोई सिर्फ वोट पाने के लिए छठी मइया का अपमान कर सकता है। क्या बिहार, हिंदुस्तान और वो माताएं जो निर्जला व्रत रखती हैं, ऐसा अपमान बर्दाश्त करेंगी।छठी मइया का अपमान करने वालों को जनता देगी। श्री मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस के नेता बेशर्मी से कह रहे हैं कि छठ पूजा एक नौटंकी है, एक ड्रामा है। उन्होंने पूछा क्या ऐसे लोगों को सजा नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा जो महिलाएं बिना पानी के इतना लंबा व्रत रखती हैं, जो गंगा जी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देती हैं, राजद और कांग्रेस के नेताओं की नजर में वो सब ड्रामा करती हैं। उन्होंने पूछा क्या बिहार की माताएं और बहनें छठी मईया का ये अपमान सहेंगी। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि बिहार का कोई भी व्यक्ति इस अपमान को कभी नहीं भूलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार कोशिश कर रही है कि हमारे छठ महापर्व को यूनेस्को की सूची में शामिल किया जाए। इससे हर बिहारी को गर्व होगा, जब दुनिया में महान विरासत के तौर पर उसका नाम लिया जाएगा। हर हिंदुस्तानी को गर्व होगा।

# सांसद एवं जिलाधिकारी की वार्ता में खीचा गया प्रयागराज के विकास का खाका

## रोजगार, पेयजल सिंचाई, बिजली मुख्य मुद्दा जमुनापार काः उज्जवल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने प्रयागराज जिलाधिकारी मनीष वर्मा से मुलाकात कर प्रयागराज को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए एक मोटा मोटा सा खाका तैयार किया और कहा कि प्रस्ताव बनाकर भेजे तभी प्रदेश देश के मंत्री से मिलकर योजनाओं की स्वीकृति कराऊँगा।

वन टू वन वार्ता में रोजगार, परिवहन, सिंचाई,पेयजल, बिजली आदि मुद्दों पर गहन चर्चा हुईं यह जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने कहा कि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कचरी देवरी करछना में अधिग्रहित भूमि पर बिजली उत्पादन कारखाना व लोहगरा में भारत पेट्रोलियम कम्पनी द्वारा अधिग्रहित भूमि पर तेल शोधक व पेट्रोकेमिकल फैक्ट्री स्थापित करने का पुनः प्रयास होना चाहिए जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया हो सकें।दूसरा मुद्दा आउटर रिंग रोड़ और मिर्ज़ापुर मार्ग के चौडीकरण निरस्त हुए प्रस्ताव को पुनः सही एलिवेशन के साथ प्रदेश सरकार के द्वारा भारत सरकार को भेजा जाय सांसद उज्जवल रमण सिंह दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिल कर इसपर सहमति बनाने का प्रयास करेंगे जिससें प्रयागराज में जाम के झाम से छुटकारा मिलेगा।तीसरा मुद्दा शंकरगढ़ टाउन एरिया में पीपीजीसीएल कम्पनी के सीएसआर के तहत पाइपलाइन द्वारा पेयजल मुहैया कराना क्योंकि गर्मी में आज भी टैंकर से पानी की सप्लाई होती हैं शंकरगढ़ टाउन एरिया में।

प्रतिनिधि ने बताया कि धंधुवा वि.ख. मेजा, देवघाट,मझगवां में लघुडाल सिंचाई के तहत लिफ्ट कैनाल कि स्थापना व जमुनापार के सभी ड्रेन(नालों) की खुदाई हो।चौथा मुद्दा बिजली कि समस्या का समाधान के लिए बडो़खर कोरांव व बसही करछना में 33केवीए सब स्टेशन की स्थापना और ग्रामीणों पर अत्यधिक लादें गये बिजली बिल का कोई स्थाई समाधान।सासंद प्रतिनिधि ने कहा कि जिला खनिज फंड के तहत जमुनपार सभी विकास खंड के तरहार में एक एक विवाह घर की स्थापना हो जिससे गरीब अपने बच्चों की शादी विवाह के साथ आपदा के वक्त लोग शरण ले सकें।

## प्रवीण गर्ग इंडिया टीम डेलिगेशन चीफ बने

लखनऊ। 8वीं वर्ड वोवीनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 8 नवंबर को बाली, इंडोनेशिया में किया जा रहा है। चैंपियनशिप में प्रतिभाग के लिए 12 सदस्यीय भारतीय दल वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और डेलिगेशन चीफ प्रवीण गर्ग के नेतृत्व में शुक्रवार को बाली के लिए रवाना होगा।चयनित खिलाड़ियों में महाराष्ट्र की प्रगति कालिदास शिंदे, 66 किलोग्राम भार वर्ग में , असम से पप्पू अहमद, 54 किलोग्राम, राजू गोगोई 60 किलोग्राम, पप्पू भराली 92 किलोग्राम, मध्य प्रदेश से साहिल बोरीवली 68 किलोग्राम भार वर्ग,छत्तीसगढ़ से गोपाल यादव 72 किलोग्राम में प्रतिभाग करेंगे ।डॉ विष्णु सहाय फ़ेडरेशन फाउंडर चेयरमैन, अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, महासचिव शंकर महाबले प्रतियोगिता के दौरान वर्ल्ड वोवीनाम फ़ेडरेशन की वार्षिक आमसभा में भारतीय प्रतिनिधि के रूप में भी शामिल होंगे।प्रतियोगिता में विभिन्न 45 देशों से लगभग 400 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सीनियर कैटेगरी में फाइट और विभिन्न प्रदर्शन विधाओं में मेडल के लिए जोर आजमाइश करेंगे।

# पाँच नामजद एक अज्ञात के विरुद्ध भी विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

## आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर जान को खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज के माधोपुर पट्टी खरकौनी नैनी में एक अधिवक्ता के घर पर कुछ लोगों ने धावा बोलकर तोड़फोड़ की और लूटपाट की। अधिवक्ता अरुण कुमार द्विवेदी ने आरोप लगाया है कि चंद्रशेखर, जीत लाल, चंद्रकांत, मीतलाल और प्रिया प्रजापति समेत लगभग 50 लोगों ने उनके घर पर हमला किया और सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। उन्होंने बताया कि उनके मजदूर को बंधक बनाकर मारा-पीटा और उसका मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने घटना के पूर्व ही पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियो को एक महीने पहले ही इसकी सूचना दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि समय रहते हुए संज्ञान पुलिस विभाग ले लिया होता तो शायद यह घटना घटित न होती पीड़ित ने पाँच नामजद एक अज्ञात के विरुद्ध प्रार्थना दिया जिसपर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपियों की तलाश की जा रही है उम्मीद है जल्द ही आरोपियों के विरुद्ध नैनी पुलिस सख्त कार्यवाही करेगी।

## बाईपास हेतु अधिग्रहित भूमि के स्वामी प्रस्तुत कर सकेंगे आपत्ति एवं सुझाव

**बहराइच ।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जनपद बहराइच में लखनऊ-बहराइच मार्ग से बहराइच-गोण्डा मार्ग तक बहराइच बाईपास निर्माण हेतु कुल 08 ग्रामों तहसील महसी के ग्राम टेड़वा बसन्तपुर तथा तहसील बहराइच के ग्राम पिपरिया महिपाल, गौरिया, सेहरिया, बैकुण्ठा, गोकुलपुर, मसीहाबाद व खलीलपुर की कुल 27.4623 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। डीएम ने बताया कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (उ.प्र.) नियमावली-2016 के नियम-7 के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना के क्रियान्वयन हेतु कपूरथला परिसर स्थित कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी में विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बहराइच द्वारा 06 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लोक सुनवाई की जायेगी।डीएम श्री त्रिपाठी ने अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों से अपेक्षा की है कि 06 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लोक सुनवाई में उपस्थित होकर सम्बन्धित ग्रामों में स्थित भूमि के सम्बन्ध मे सामाजिक समाघात आंकलन रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना पर अपनी आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। डीएम ने बताया कि नामित एजेन्सी ई.एन.वी. डेवलपमेण्टल असिस्टेंस सिस्टम्स (1) प्रा.लि., सी-363, इंदिरा नगर, लखनऊ दूरभाष नम्बर 915224007470 व 4107624 तथा टेलीफैक्स नम्बर 0522-4021236 द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना तैयार की गई है।

## वायु सेना स्टेशन मनौरी के 100 मीटर क्षेत्र में निर्माण कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित

**प्रयागराज ।** उप जिलाधिकारी (सदर) अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि 24 उपस्कर डिपो वायु सेना स्टेशन मनौरी, इलाहाबाद (प्रयागराज) की परिधि की दीवार से 100 मीटर के भीतर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।यह प्रतिबंध ग्राम इस्माइलपुर कोटवा, पूरामुफ्ती/बिहका, अकबरपुर/सल्लाहपुर एवं मनौरी की भूमि पर लागू होगा जो वायु सेना स्टेशन की परिधि से 100 मीटर के दायरे में आती है। इस क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति नया निर्माण, दीवार निर्माण, मकान मरम्मत या भूमि समतलीकरण जैसी गतिविधि नहीं कर सकेगा।उप जिलाधिकारी ने कहा कि यह आदेश राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े नियमों के तहत जारी किया गया है, ताकि वायु सेना की परिसंपत्तियों और गतिविधियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने संबंधित ग्रामों के निवासियों से अपील की है कि वे निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें। यह विज्ञप्ति पूर्व में निर्गत आदेश दिनांक 05 दिसंबर 2008 के क्रम में पुनः जारी की गई है।

## व्यापार मंडल ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को किया सम्मानित

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष वीपी सिंह गोल्डी के नेतृत्व में वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल को सम्मानित किया गया।दरअसल, जिला कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में जो सराहनीय कार्य किए हैं, उनको भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपने कार्यकाल में जेल बंद बंदियों की उचित देखभाल के साथ बहुत मदद भी की। मिजाजी लाल ने समाजसेवी संगठनों से मिलकर जरूरतमंद बंदियों के लिए रोजमर्रा सामग्री के साथ कपड़े, कंबल, चप्पल आदि भी उपलब्ध कराए। जेल में लगातार स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए,ताकि बंदी स्वस्थ्य रहें। कोई भी बंदी अवसाद में ना रहे, इसलिए उन्होंने जेल में कई सांस्कृतिक आदि कार्यक्रम भी आयोजित कराए। प्रतियोगिताएं कराई, कौशल विकास आदि के तहत बंधिया को प्रशिक्षण दिलाया, ताकि वह जेल के बाहर जाकर कोई रोजगार कर सके। इसके अलावा वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने ऐसे कई कार्य किए हैं, जिसके लिए जेल में निरुद्ध बंदियों के साथ पूरा जनपद उनकी सराहना करता है। इसी कारण सेवानिवृत्त से पूर्व वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल को लगातार समाजसेवी संगठनों और संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वीपी सिंह गोल्डी ने जेल पहुंचकर वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल से मुलाकात की और उन्हें बधाई देते हुए सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शाहजहांपुर की जनता के साथ उनके व्यवहार की सराहना की।जिलाध्यक्ष वीपी सिंह गोल्डी ने कहा कि वरिष्ठ जेल अधीक्षक का व्यवहार जेल में निरुद्ध बंदियों के साथ ही जनपद के सभी जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी संस्थाओं के प्रति बहुत अच्छा रहा। उन्होंने जो व्यवहार कमाया है, वह सराहनीय है और जीवन भर वो सभी मिजाजी लाल के इस प्यार को याद रखेंगे और रिटायर होने के बाद भी उनके संपर्क में रहेंगे। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिला महामंत्री प्रदीप गुप्ता, महानगर अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला ,श्याम मोहन शुक्ला, आशीष वर्मा, चमन तिवारी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में जनपद प्रयागराज के 10 स्थान हुए अतिक्रमण मुक्त

**प्रयागराज ।** जनपद प्रयागराज में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 30.10.2025 को जनपद की सभी तहसीलों में राजस्व एवं प्रशासनिक टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 10 स्थलों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया।अभियान के दौरान—तहसील सोरांव के ग्राम उमरिया बादल उर्फ गैंडा में तालाब की भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया।तहसील कोरांव के ग्राम कोसफरा कला एवं उल्दा में चकमार्ग, ग्राम बिरहा व घेघसाही में नाली की भूमि मुक्त कराई गई।तहसील मेजा के ग्राम दुधरा में नवीन परती भूमि तथा ककराही में पहीड खाते की भूमि अतिक्रमणमुक्त की गई।तहसील फूलपुर के ग्राम नूरपुर में चकमार्ग और बटवंषी उर्फ पूरे विहारी में तालाब खाते की भूमि को मुक्त कराया गया।तहसील सदर के ग्राम करेंदहा उपरहार में चकमार्ग खाते की भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया।जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, साथ ही प्रत्येक तहसील में सरकारी एवं ग्रामसभा भूमि का नवीन सर्वे कराकर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण किया जाए ताकि कार्रवाई को और प्रभावी बनाया जा सके।जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं तथा आने वाले दिनों में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, जिससे जनपद को पूर्णतः अतिक्रमणमुक्त बनाया जा सके।

## जिलाधिकारी ने मुण्डेरा स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया

**प्रयागराज ।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गुरुवार को मुण्डेरा मंडी स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का भंडारण सुरक्षित और सुव्यवस्थित पाया गया। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा व्यवस्था और भवन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि वेयरहाउस में सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखी जाएं। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा सहित निर्वाचन संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संगम पर मत्स्य अंगुलिकाओं का संचय, मत्स्य उत्पादन बढ़ाने का अभियान

**प्रयागराज ।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत आज संगम नोज पर 2.35 लाख भारतीय मेजर कार्प प्रजाति (रोहू, कतला, नैन) की 80S100 मिमी आकार की मत्स्य अंगुलिकाओं का संचय किया गया। यह कार्यक्रम जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा व विधायक बारा के प्रतिनिधि प्रेमचंद्र निषाद की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मत्स्य विभाग के अधिकारी, मत्स्य पालक एवं मछुआ समुदाय के लोग उपस्थित रहे। विभाग द्वारा मत्स्य संपदा, निशादराज बोट योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई।

# प्रमुख सचिव ने की समीक्षा, कहा 31 अक्टूबर तक हर हाल में ऑनलाइन आवेदन पूरा करें

कैनविज टाइम्स सवाददाता



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की प्रगति की समीक्षा को लेकर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने बृहस्पतिवार को गोरखपुर एनेक्सी सभागार में एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में जनपद स्तर पर छात्रवृत्ति वितरण की स्थिति, ऑनलाइन आवेदन, वेरिफिकेशन एवं भुगतान की तैयारी की बिंदुवार समीक्षा की गई।बैठक में प्रमुख सचिव ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति वितरण कार्य को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि पात्र छात्र-छात्राएं 31 अक्टूबर 2025 तक अपने ऑनलाइन आवेदन (फॉर्म) अवश्य जमा कर दें।प्रमुख सचिव ने कहा कि जिन छात्रों के आवेदन सही पाए जाएंगे, उनके खातों में 28 नवंबर 2025 को छात्रवृत्ति की धनराशि सीधे ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी जाएगी। उन्होंने सभी संस्थानों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी विद्यालय या कॉलेज में डेटा फीडिंग या वेरिफिकेशन में लापरवाही पाई गई तो संबंधित संस्थान के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।बैठक के दौरान प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने जनपद गोरखपुर में छात्रवृत्ति वितरण से जुड़ी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। रिपोर्ट के अनुसार, गोरखपुर जनपद में माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबद्ध 514 विद्यालयों में से 385 विद्यालयों ने अब तक छात्रवृत्ति का डेटा भर दिया है। इन विद्यालयों के माध्यम से अब तक लगभग 29,000 छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन किया है, जिनमें से एक बड़े हिस्से का वेरिफिकेशन कार्य पूर्ण हो चुका है।

# धूमधाम से मनाया छठ महापर्व

## पहले दिन 'नहाय खाय' से शुरुआत होती है, दूसरे दिन 'खरना' और 'छोटी छठ' के अवसर पर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर ब्रतधारी महिलाओं ने छठ का पवित्र व्रत संपन्न किया।दीपावली के छठे दिन मनाया जाने वाला यह महापर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष में श्रद्धा, आस्था और भक्ति का संगम माना जाता है। तीन दिनों तक निराहार और निर्जल रहकर महिलाएँ इस व्रत को पूर्ण करती हैं।

पहले दिन 'नहाय खाय' से शुरुआत होती है, दूसरे दिन 'खरना' और 'छोटी छठ' के अवसर पर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद तीसरे दिन प्रातःकाल उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर महिलाएँ व्रत का समापन करती हैं।यह पर्व मुख्यतः बिहार और पूर्वांचल का महापर्व माना जाता है, परंतु अब इसकी भव्यता पूरे देश में देखने को मिलती है।इसी क्रम में राजधानी लखनऊ के थाना कृष्णा नगर क्षेत्र के ओशो नगर और कनौसी में भी छठ महापर्व का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया।यहाँ श्रीमती सुशीला देवी, पत्नी स्वर्गीय गया शंकर लाल ने अपने पूरे परिवार के साथ पारंपरिक विधि-विधान से छठ महापर्व मनाया।इस अवसर पर शैल सिन्हा, मंजू श्रीवास्तव, रेखा सक्सेना, अर्चना श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, वैभव सक्सेना, अनुज शुक्ला, रिंकू तिवारी, ओजस कुमार, आकांक्षा सिन्हा, नम्रता गुप्ता, हर्षिका श्रीवास्तव, अनन्या सक्सेना, राकेश श्रीवास्तव, शुभावती श्रीवास्तव सहित क्षेत्रीय सम्मानित नागरिक, महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।सूर्यास्त और सूर्योदय के समय पूरे क्षेत्र में छठ गीतों की मधुर गूंज, दीपों की रौशनी और भक्तिमय माहौल ने सबको भाव-विभोर कर दिया।ल्ललखनऊ में छठ महापर्व की आस्था और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला – महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर सुख-समृद्धि की कामना की।ङ्क

# भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ा हेल्थ एटीएम सेंटर

## यहां आने वाले मरीज बेहाल , शिकायत के बाद भी प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । केंद्र और राज्य सरकार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर योजनाएँ चला रही हैं, लेकिन कुछ लापरवाह अधिकारी और कर्मचारी इन मंसूबों पर पानी फ़ेरते नज़र आ रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर कब इन भ्रष्ट और अनुशासनहीन कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी, जिससे जनमानस को उसका वास्तविक लाभ मिल सके।

### खुर्दही कटरा में हेल्थ एटीएम सेंटर लगातार बंद

लखनऊ के बक्कास क्षेत्र स्थित खुर्दही कटरा हेल्थ एटीएम सेंटर पिछले कई दिनों से बंद पड़ा हुआ है। स्थानीय नागरिकों और मरीजों को जाँच व स्वास्थ्य सुविधाओं के




लिए भटकना पड़ रहा है। जब मीडिया टीम मौके पर पहुँची, तो सेंटर पूरी तरह बंद मिला। पूछताछ करने पर स्थानीय लोगों ने बताया कि सेंटर का कर्मचारी कभी-कभी थोड़ी देर के लिए आता है और फिर गायब हो जाता है।

### स्थानीय नागरिकों में आक्रोश

ग्रामीणों का कहना है कि ल्लसेंटर खुलने के बाद शुरू में सुविधा मिली थी, लेकिन अब महीनों से यह बंद पड़ा है।ङ्क सूत्रों से यह जानकारी भी मिली है कि कर्मचारी खुलेआम कहते हैं – ल्लमुझे यहाँ से कोई हटा नहीं सकता, मेरे पास ऊपर तक पावर है।ङ्कसेन्टर कर्मचारी के घर के पास ही स्थित होने के बावजूद, यह मनमानी और लापरवाही प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़े करती है।

### जनता भुगत रही है लापरवाही का दंश

यह हेल्थ एटीएम केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत खोला गया था, जिससे ग्रामीणों को घर के पास स्वास्थ्य जाँच की सुविधा मिल सके। परंतु लगातार बंद रहने से योजना का उद्देश्य ही विफल होता नज़र आ रहा है। मरीजों को मजबूर होकर निजी क्लिनिकों का रुख करना पड़ता है, जहाँ उन्हें महँगे दाम चुकाने पड़ते हैं।

### जिम्मेदारो पर उठ रहे सवाल

आख़िर कब तक जिम्मेदार कुंभकरण की नींद सोता रहेगे, कब ऐसे कर्मचारियों पर बाबा जी का बुलडोज़र चलेगा जनता का साफ कहना है कि यदि ऐसे लापरवाह कर्मचारियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो शासन की छवि पर सीधा असर पड़ेगा।

### मुख्यमंत्री से जनता की अपील

स्थानीय नागरिकों ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से आग्रह किया है कि इस मामले में त्वरित जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा नियमित और जिम्मेदार कर्मियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ मिल सके।

## रोडवेज बसों से लगने वाले जाम पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने बसें हटवाने के दिए निर्देश, नई सेवाएं जल्द

प्रयागराज । भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधि मंडल ने महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल के नेतृत्व में रोडवेज विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री रविंद्र सिंह से मुलाकात की। बैठक में सिविल लाइन्स रोडवेज बस स्टेशन के पुनर्निर्माण के चलते मुख्य सड़क पर खड़ी बसों से उत्पन्न जाम की समस्या पर विस्तार से चर्चा हुई।श्री गोयल ने बताया कि बसों के सड़क पर खड़े रहने से व्यापारी, दुकानदार और आमजन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इस पर गंभीरता दिखाते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक ने तुरंत आरएम को फोन कर बसों को हटवाने के निर्देश दिए और कहा कि जल्द ही बस स्टेशन का अस्थायी स्थानांतरण किया जाएगा ताकि जाम की समस्या समाप्त हो सके।उन्होंने बताया कि गोरखपुर और अयोध्या मार्गों पर एसी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जबकि प्रयागराज को शीघ्र नई बसें प्राप्त होंगी। योगेश गोयल ने सुझाव दिया कि झलवा, पीपलगांव आदि क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक बसें शुरू की जाएं और त्योहारों के समय दिल्ली के लिए एसी स्लीपर बस सेवा प्रारंभ की जाए।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने केंद्रीय चिकित्सालय प्रयागराज में विश्वास रोगी-परिचारक विश्रामालय का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में भर्ती रोगियों के साथ आने वाले परिजनों के लिए निर्मित ल्लविश्वासङ्क रोगी-परिचारक विश्रामालय का आज शुभारंभ महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. बालाचंद्र अय्यर द्वारा किया गया।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज रजनीश अग्रवाल, एम.डी. केंद्रीय चिकित्सालय एस. के. हांडू, अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, सचिव/महाप्रबंधक अखिल शुक्ला, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) जावेद, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वैभव गुप्ता, सी.एम.एस. डॉ. सुरेन्द्र नाथ, तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।ल्लविश्वासङ्क विश्रामालय का उद्देश्य भर्ती रोगियों के साथ आने वाले परिजनों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे वे उपचार अवधि के दौरान बेहतर सहयोग और विश्राम का अनुभव प्राप्त कर सकें।उद्घाटन के पश्चात महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने केंद्रीय चिकित्सालय के अपग्रेडेशन कार्यों का निरीक्षण किया और निर्माणाधीन क्र-3 भवन के कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के भविष्य के विस्तार कार्यों पर भी संबंधित अधिकारियों से चर्चा की ।

## शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना हेतु दिव्यांगजनों से आवेदन आमंत्रित

बहराइच । दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत विभागीय वेबसाइट दिव्यांगजन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष 2024-25 अथवा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पन्न हुआ हो वे अपना आवेदन साइबर कैफ़े, निजी इण्टरनेट, लोकवाणी के माध्यम से स्थापित ''जनसुविधा केन्द्रों'' आदि के माध्यम से ऑनलाइन करा सकते हैं। योजनान्तर्गत दिव्यांग दम्पति को विवाह करने पर दम्पति में पुरूष के दिव्यांग होने पर रू. 15000=00, महिला के दिव्यांग होने पर रू.. 20000=00 तथा यदि दम्पत्ति (पति-पत्नी) दोनों दिव्यांग है तो रू. 35000=00 प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किये जाने की व्यवस्था है।

## डीएम ने की कृषि कार्य, विपणन, एआईएफ योजना, उर्वरक व्यवस्था एवं धान क्रय केन्द्रों की समीक्षा

प्रयागराज। जनपद के 159 केन्द्रों पर होगी धान की खरीदप्रयागराज । जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को संगम सभागार में कृषि कार्य, विपणन कार्य, कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), उर्वरक व्यवस्था एवं धान क्रय केन्द्रों की तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में डिप्टी आरएमओ द्वारा बताया गया कि 01 नवम्बर से धान की खरीद प्रारम्भ होगी, जिसके लिए कुल 159 क्रय केन्द्र स्थापित किए गए हैं। सभी क्रय केन्द्रों को 01 नवम्बर से सक्रिय कर दिया जाएगा। राजकीय क्रय केन्द्रों का संचालन प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक किया जाएगा तथा इस अवधि में केन्द्र प्रभारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी केन्द्रों पर धान भण्डारण की पर्याप्त व्यवस्था, बारिश से सुरक्षा, तथा किसानों के लिए बैठने, पीने के पानी, साफ-सफाई और बोरे की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर ली जाए।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, आलमबाग लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51255623 | Sine wave Inverter 10 KVA 110 V DC/230V AC Single Phase 50 Hz, confirming to ICF specification No. ICF/ELEC/909, Rev-A | 73 Nos | 18.11.2025 |

निविदा शर्ते 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 51255623 दिनांक : 30.10.2025 3374/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चांदे बाबा तालाब से संबंधित मामले में विधायक ने रखा ग्रामीणों का पक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT, दिल्ली) में गुरुवार को सरोजनीनगर क्षेत्र के चांदे बाबा तालाब (गढ़ी चुनौती) से संबंधित मामला सुना गया। सुनवाई के दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे और तालाब क्षेत्र के गरीब दलित समुदाय के प्रभावित परिवारों की ओर से पक्ष रखा। डॉ. सिंह ने न्यायाधिकरण के समक्ष यह आग्रह किया कि इस क्षेत्र में रहने वाले गरीब परिवारों को विस्थापित न किया जाए, बल्कि तालाब का पुनर्विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यावरणीय सुधार जन-सहयोग और संवेदनशीलता के साथ किया जाए।

विधायक निधि से स्वीकृत किए 25 लाख : विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा इस क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, पुनर्विकास और वृक्षारोपण हेतु विधायक निधि से कुल ?25 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। यह प्रस्ताव न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे गब्ब्ह द्वारा सराहा गया और रिकॉर्ड पर लिया गया। साथ ही, जिला मजिस्ट्रेट लखनऊ ने न्यायाधिकरण में शपथपत्र दाखिल कर यह सूचित किया कि मैक्स हेल्थकेयर ग्रुप के एट्टट फंड्स के माध्यम से भी इस क्षेत्र के विकास कार्य कराए जाएंगे। डीएम लखनऊ द्वारा प्रस्तुत ड्रोन वीडियो को भी न्यायालय ने देखा और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। डीएफओ लखनऊ ने भी तालाब क्षेत्र में चल रहे वृक्षारोपण और हरियाली कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट न्यायाधिकरण में प्रस्तुत की।

महत्वपूर्ण रूप से, यह भी स्पष्ट किया कि दलित समुदाय के गरीब परिवारों को अभी विस्थापित नहीं किया जाएगा। न्यायाधिकरण का ध्यान अब 36.9 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले इस ऐतिहासिक तालाब के पर्यावरणीय पुनर्जीवन और समग्र विकास कार्यों पर केंद्रित है। इस निर्णय से यह सुनिश्चित हुआ है कि पर्यावरण संरक्षण और मानवीय संवेदनशीलता - दोनों के बीच संतुलन बना रहेगा। इस संबंध में डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, विकास का अर्थ यह नहीं कि किसी की छत छिन जाए। हमारा उद्देश्य है कि गरीबों की रक्षा करते हुए प्रकृति की भी रक्षा हो। चाँदे बाबा तालाब सरोजनी नगर की आस्था, हरियाली और एकता का प्रतीक बनेगा, मुझे पूर्ण विश्वास है।

# सरदार पटेल जयंती पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत नगराम क्षेत्र स्थित जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज, बहरौली में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्रमशः 10 छात्र-छात्राओं ने निबंध और 25 ने चित्रकला में भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुहानी (कक्षा 12-सी), द्वितीय भूमिका (कक्षा 12-सी) और तृतीय चांदनी (कक्षा 8-ए) ने प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में नंदिनी (कक्षा 8-ए) प्रथम, अंशिका (कक्षा 9-बी) द्वितीय और अंशिका (कक्षा 10-ए) तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक



अमित कुमार, उमेश कुमार और प्रियंका वर्मा ने किया।

# विधायिका की ताकत का प्रतीक हैं विधानसभा समितियां : सतीश महाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधानसभा के समिति कक्ष में गुरूवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा की विभिन्न समितियों की बैठकों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्राक्कलन समिति, महिला एवं बाल विकास संबंधी समिति, आश्वासन समिति, प्रतिनिहित विधायन समिति तथा संसदीय अनुश्रवण समिति की बैठकें आयोजित हुईं। इस अवसर पर अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि जनता ने सेवा करने का अवसर दिया है। प्रत्येक सदस्य, चाहे पक्ष का हो या विपक्ष का, जनता के प्रति जवाबदेह है। जो अधिकार हमें दिए गए हैं, उनका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। अधिकारियों के महत्व को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन जवाबदेही जनप्रतिनिधियों की ही होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी दल से हों, लक्ष्य सबका एक होना चाहिए – जनसेवा और जनता के विश्वास की रक्षा। उन्होंने कहा कि समितियां विधायिका का अभिन्न हिस्सा हैं, जो कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करती हैं। ये समितियां विधायिका की शक्ति का प्रतीक हैं और लोकतंत्र के सुचारू संचालन में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विधानसभा समितियां मिनी विधानसभा की तरह कार्य करती हैं और सरकार की विश्वसनीयता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। प्राक्कलन समिति के सभापति मुकेश चौधरी ने कहा कि अध्यक्ष ने सबको सम्मान दिया है और सदन की गरिमा को बढ़ाया है। न जाने कितने अध्यक्ष आए, लेकिन महाना जी जैसा कोई नहीं। महिला एवं बाल विकास संबंधी समिति की सभापति कृष्णा पासवान ने कहा कि जब से अध्यक्ष बने हैं, सभी सदस्यों का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने अध्यक्ष महाना का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। आश्वासन समिति के सभापति राजपाल बालियान ने कहा कि अध्यक्ष के मार्गदर्शन से समिति अपने कार्यों का कुशल संचालन कर पा रही है। प्रतिनिहित विधान समिति के सभापति राजीव सिंह बब्बू भाई ने कहा कि अध्यक्ष के दिशा-निर्देशन से उन्हें हमेशा प्रेरणा मिलती रही है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के सभापतित्व में अनुश्रवण समिति की बैठक में सदस्य अभय सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि विधानसभा की कार्यप्रणाली में आज भी जनता के विश्वास और जवाबदेही का आभास होता है।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला सम्मेलन आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बक्शी का तालाब स्थित श्री पति लॉन में भारतीय जनता पार्टी जिला लखनऊ की महिला मोर्चा द्वारा महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई,इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यालय मंत्री रमा सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा नीलम त्रिवेदी उपस्थिति रही।सम्मेलन को संबंध करते हुए रमा सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं के लिए शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा एवं आर्थिक स्वावलंबन के लिए कार्य कर रही है उन्होंने उपस्थित महिलाओं से कहा कि महिलाएं घर में प्रयोग होने वाले बहुत सी वस्तुओं का निर्माण स्वयं करें तथा उनका व्यापार करें




जिससे स्वदेशी के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी और महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी आगे उन्होंने कहा कि विकसित नारी विकसित देश का आधार बनेगी।सम्मेलन में उपस्थित विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को मुखिया बनाने का काम कर रही है सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं में महिलाओं को प्रमुखता दी जा रही है मुद्रा योजना प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाओं में महिलाओं को मुखिया बनाया गया है उन्होंने कहा कि पहले बेटा या बेटी के नाम के साथ पिता का नाम लिखा जाता था लेकिन आज पिता के साथ-साथ माता का भी नाम लिखा जाता है जो महिलाओं के सशक्तिकरण को प्रदर्शित करता है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अंजू रस्तोगी कार्यक्रम के संयोजक कामता प्रसाद रावत महिला मोर्चे की महामंत्री प्रतिभा वर्मा समेत सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही ।

## बीती रात हुई दुर्घटना में दो की मौत

लखनऊ।बीती रात गोसाईगंज इलाके के गांव कबीरपुर में सुल्तानपुर रोड पर हुई दुर्घटना में मोटर सायकिल सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई। मृतक सिठौली कला के निवासी बताए गए।

मिलीं जानकारी के अनुसार गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में आने वाले गांव सिठौली कला निवासी शिवराज (42) पुत्र अनंतु और मनोज कुमार (40) पुत्र राकेश मोटर सुल्तानपुर रोड पर मोटर सायकिल से अपने घर लौट रहे थे। वे कबीरपुर पहुंचे थे उसी समय स्विफ्ट डिजायर कार यूपी 32 ई यू 9389 ने टक्कर मार दी।दोनों मोटर सायकिल सवार बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस इलाज के लिए दोनों को सी एच सी ले गई। वहां डाक्टर ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में डाक्टर ने शिवराज को मृत घोषित कर दिया।दूसरे घायल मनोज कुमार को उसके परिजन इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए जहां के डाक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। इस घटना में पुलिस ने स्विफ डिजायर को कब्जे में ले लिया है।

# उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल नरहीं बाज़ार की कार्यकारिणी समिति बैठका संपंन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। देर शाम नरही स्थित पाल होटल में आयोजित हुई कार्यसमिति की बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे नरही आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह बबुआ एवं महामंत्री संजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के समक्ष नरही बाजार की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया

अजय प्रताप सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के समक्ष नरही बाजार में पार्किंग की समस्या के कारण चौपट हो रहे व्यापार पर चिंता जताते हुए पार्किंग बनवाने की मांग की तथा बाजार में पब्लिक टॉयलेट बनवाए जाने की भी मांग उठाई

बैठक में सभी व्यापारियों ने जीएसटी विभाग द्वारा सड़कों पर पकड़े गए ट्रकों को खड़े किए जाने के कारण लगातार आ रहे अवरोध की समस्या को पुरजोर तरीके से उठाया इसके अतिरिक्त नरही बाज़ार के महामंत्री संजय अग्रवाल ने कांटा बॉट माप के लाइसेंस की अवधि बढ़ाकर 5 साल किए जाने तथा फूड लाइसेंस की लेट फीस को बहुत अधिक बताते हुए कम करवाये जाने का भी विषय रखा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्त ने सभी व्यापारियों को आश्वासन देते हुए कहा संगठन इन सभी समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए संबंधित विभागों में इसकी आवाज उठाएगा तथा तथा क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद से भी मिलकर नरही बाजार में पार्किंग बनवाने का प्रयास करेगा

तथा जीएसटी के अधिकारियों से मिलकर सड़कों पर खड़े किए गए वाहनों को कहीं अन्यत्र खड़ा करने की मांग करेगा। कार्यसमिति की बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, विवेक श्रीवास्तव ,नरही आदर्श व्यापार मंडल चेयरमैन प्रकाश मोहन भार्गव ,अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, महामंत्री संजय अग्रवाल अनिल अग्रवाल, दिनेश सोनकर अश्विनी मिश्रा, कोषाध्यक्ष अभिषेक केसवानी विवेक श्रीवास्तव जफरुल हसन हनफी, अतुल जायसवाल, मनोज ,रमेश गुप्ता ,शिवम पाण्डेय ,संदीप गुप्ता शामिल थे ।

# गैंगरेप केस से मुक्ति दिलाने के नाम पर मांगी रिश्वत एंटी करप्शन ने दरोगा को रंगे हाथ दबोचा



**2 लाख की घूस ने उड़ाई वर्दी की इज्जत महानगर थाने में तैनात दरोगा धनंजय सिंह गिरफ्तार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।पैसा लाओ और गैंगरेप के मुकदमे से मुक्ति पाओ ऐसा ही सौदा कराने में जुटे लखनऊ कमिश्नरेट के महानगर थाने की पेपर मिल चौकी में तैनात दरोगा धनंजय सिंह को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार दरोगा धनंजय सिंह पर आरोप है कि उन्होंने पीड़ित प्रतीक गुप्ता से गैंगरेप के मुकदमे को मैनेज करने के नाम पर 45 लाख रुपये की भारी भरकम रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की। शिकायत के आधार पर टीम ने जाल बिछाया और जब प्रतीक गुप्ता रिश्वत के रूप में दो लाख रुपये देने पहुंचे तभी एंटी करप्शन की टीम ने दरोगा को फाइल में पैसे रखते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के मुताबिक राजधानी में ऐसे कई और अधिकारी हैं जो पर्दे के पीछे से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। एंटी करप्शन की टीम अब अन्य संदिग्ध मामलों की भी जांच में जुट गई है।

## राज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर व लद्दाख के स्थापना दिवस की दी बधाई

लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि हिमालय की गोद में बसे ये केन्द्र शासित प्रदेश, जिसकी धरा शौर्य, बलिदान और आध्यात्मिक महानता की साक्षी है, हमारे राष्ट्र की अद्वितीय अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। बर्फ की शुभ्र शीतलता, देवदार की सुरभित वायु, डल झील के नयनाभिराम तरंग और लद्दाख की विराट पर्वतमालाएं सदैव भारत की एकता, विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि का गान करती हैं। इस अवसर पर उन्होंने यहां के नागरिकों के मंगल और प्रगति की कामना करते हुए कहा कि यह दिवस हमें शांति, सद्भाव, राष्ट्रसमर्पण और विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर और वीरभूमि लद्दाख सदा प्रगति के पथ पर अग्रसर रहें और भारत माता की इस शिरोमणि विभूति में शांति, समृद्धि और सौहार्द का अक्षय दीप अनवरत प्रज्वलित रहे।

## उप्र में लौह पुरुष की जयंती पर पुलिस सुरक्षा में निकाली जाएगी, रन फॉर यूनिटी'

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को संरक्षित और मजबूत करने के प्रति देश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से राष्ट्रीय एकता से संदेश व्यापक रूप से लोगों में पहुंचाया जा सके। यह बातें पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था एल. आर. कुमार ने दी। वे लोक भवन के मीडिया सेंटर में गुरूवार को प्रेस कांफ्रेंस का संबोधित कर रहे थे। आईजी कानून-व्यवस्था ने कहा कि प्रदेश के सभी कमिश्नरेट, जनपद मुख्यालय एवं थानों को 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देश ?दिए हैं। यह कार्यक्रम में प्रमुख चौराहों, थानों से प्रारंभ होगी। इसकी अवधि प्रातः 7 बजे से 10 बजे के बीच की जाएगी और लगभग 30 मिनट की होगी। इसकी लंबाई एक से डेढ़ किलोमीटर तक होगी। इसमें सभी जनपद व थाने, खेल विभाग, विद्यालय, महाविद्यालय, एनसीसी, स्कॉउट के छात्र—छात्राओं मौजूद रहेंगे। इसमें पुलिस कर्मियों, जनसभागिता, समाजसेवियों व स्पोर्ट्स के खिलाड़ी आमंत्रित किए गए हैं। प्रतिभागियों द्वारा तिरंगा ध्वज भी प्रयोग किया जाएगा ताकि कार्यक्रम का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय एकता एवं सौहार्द का प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में दौरान सुरक्षा की व्यवस्था के साथ ही आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं से जुड़े सभी इंतजाम किए गए हैं। इसके क्रम में हम सबकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

## प्रदेश के सभी जनपदों में लगेगा रक्तदान शिविर

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मानवता और सेवा की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य रक्त संचरण परिषद एवं पुलिस मुख्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन नवम्बर के प्रथम सप्ताह में प्रदेश के सभी जनपदों में किया जाएगा।राज्य रक्त संचरण परिषद के निदेशक रवींद्र कुमार ने बताया कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नई ज़िंदगी दे सकता है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को इस पुण्य कार्य में भाग लेना चाहिए ताकि रक्त की कमी से कोई जीवन न खोए। उन्होंने समस्त पुलिसकर्मियों से आग्रह किया कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदान करें, जिससे जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। इस पहल में पुलिस मुख्यालय का सहयोग रहेगा। प्रत्येक जिले में आयोजित शिविरों में रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रमाणपत्र एवं धन्यवाद पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

# दलित महिला ने अवैध दबंग कब्जेदारो पर लगाया पति की हत्या किए जाने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । योगी सरकार में दलितों पर अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पेशाब प्रकरण के बाद अब पारा इलाके में दलित विधवा महिला की जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने मामला प्रकाश में आया है ।जहां दबंगों ने महिला की जमीन पर दबंग अवैध कब्जा किए हुए है। विरोध करने पर दबंगों ने पीड़ित पक्ष के साथ जमकर मारपीट की साथ ही फायरिंग भी की। मामले में पारा कोतवाली में दोनों पक्षों से कब्जे के विवाद को लेकर मुकदमा दर्ज है।

फिरोजा बाद के थाना मक्खनपुर के बिल्टी गढ़ रघौल निवासी मीरा देवी ने बताया कि मैं कोरी जाति की दलित विधवा हूं, मेरे पति स्वर्गीय नरेंद्र कुमार

दिनांक 29.7.2002 मेरे स्वर्गीय पति ने जनपद लखनऊ में ग्राम पारा के डिप्टी खेड़ा में स्थित गाटा संख्या 568, 569,570 का आधा भाग 2 बीघा 12.5 बिस्वा जमीन खरीदी थी। जिस रजिस्ट्री में अखिलेश मौर्य व सुरेश मौर्य गवाह थे जो नरेश मौर्य के भाई हैं । जब मेरे पति जीवित थे ,तब भी यह सारे भाई लगातार मेरे पति पर जमीन बेचने के लिए दबाव बना रहे थे। मेरे स्वर्गीय पति दिनांक 22-05-2014 को मौनिपुरा मंडी कासगंज के पास घायल अवस्था में मिले थे जिन्हें इलाज हेतु अलीगढ़ ले जाया गया और वह से रेफर कर दिल्ली में गुरुतेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी मृत्यु हो गई थी। हम परिवार वालो को पहले से ही आशंका थी मेरे पति की हत्या जमीन के चक्कर में मौर्य भाइयों द्वारा कराई गई थी।विपक्षी गढ़ फर्जी किराए नामा पर कब्जा करने का प्रयास करते रहते है। मेरी वरासत न्यायालय तहसील सदर द्वारा मेरा नाम खतौनी में दर्ज हो गया। बीती 29 अक्टूबर को हमें सूचना मिली कि मौर्य परिवार राजेंद्र सिंह पुत्र बौद्ध सिंह नरेश मौर्य अखिलेश मौर्या विपिन मौर्य हर्षित मौर्या यश मौर्य मयंक मौर्य आदि मेरी जमीन पर जेसीबी चला कर रास्ते बंद करना चाहते थे ताकि हम अपनी जमीन पर न पहुंच पाए और फर्जी तरीके से अपना कब्जा न्यायालय में नरेश मौर्या दिखा सकें। जब कई लोगों को हमने बुलाया तो विपक्षी गणों ने जानलेवा हमला कर दिया जो लोग सूचना पाकर मौके पर आए उनको दौड़कर पिटा । लोहे की राड से तलवार से हमला सर पर किया और नरेश मौर्य ने रिवाल्वर से सीधी फायर 15 राउंड लगातार जान से मारने की इरादे से दागी, इस घटना में दो महिलाएं भी शामिल थी इसका वीडियो मौजूद है। पूर्व में इस मामले में सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा जांच कर और विपक्षी गणों को दोषी पाए जाने का बाद पारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया परंतु इन दबंगों के दबाव में सहायक पुलिस आयुक्त साहब ने क्कट लगा दी जबकि विधिक राय में इनको जेल भेजने का निर्देश दिया गया था। और हमसे कहा गया कि इस जमीन को भूल जाये क्योंकि विपक्षी गण दबंग किस्म के लोग है आप उनसे लड़ नहीं पाएंगे। पूर्व में भी दो बार इन विपक्षी गण और इनके साथियों द्वारा हमें जान से मारने की कोशिश की और मारापीटा गया जिस सम्बन्ध में पारा थाने में मुकदमा दर्ज है। लगातार मुझ दलित विधवा को प्रताड़ित किया जा रहा है भू-माफिया दबंग मौर्य लोगों द्वारा मुझे ० मेरे परिवार को जान से मारने की कोशिश की जा रही है यदि इस सुशासन की सरकार में मुझ गरीब दलित विधवा महिला को शासन प्रशासन द्वारा न्याय नहीं मिलता है तो मैं मजबूर होकर इन विपक्षी गण दबंग भू माफियाओ के डर से आत्मादाह करने को मजबूर हो जाउंगी ।

# कुम्भी चीनी मिल में विधि-विधान के साथ हुआ नवीन पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमीरनगर खीरी । अमीरनगर स्थित कुम्भी चीनी मिल में गुरुवार को नवीन पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ किया गया। सुबह से ही मिल परिसर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। हवन-पूजन, नारियल फोड़ने और शंखध्वनि के साथ जैसे ही मिल की चिमनी से धुआं उठा, पूरे क्षेत्र में गन्ना किसानों के चेहरों पर उम्मीद की चमक दिखाई दी। कार्यक्रम में मिल के महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधकगण, तकनीकी अधिकारी, गन्ना समिति के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। मिल प्रशासन ने इस अवसर पर गन्ना किसानों के हितों को सर्वोपरि बताते हुए समय पर गन्ना भुगतान और पारदर्शी तौल व्यवस्था का भरोसा दिलाया। मिल के जीएम ने बताया कि इस सत्र में उत्पादन लक्ष्य को और बढ़ाया गया है। साथ ही मिल में आधुनिक तकनीक से संचालन की व्यवस्था की गई है, जिससे गन्ने की पेराई तेज़ और प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि ल्लकिसान ही हमारी रीढ़ हैं, उनका सहयोग ही हमारी ताकत है। मिल का उद्देश्य है कि हर किसान को उसका पूरा हक़ और सम्मान मिले।ङ्क किसानों ने भी मिल प्रशासन की तैयारियों की सराहना की और कहा कि समय से पेराई सत्र शुरू होने से उन्हें राहत मिली है। खेतों में तैयार गन्ना अब समय पर मिल तक पहुंचेगा, जिससे फसल की गुणवत्ता भी बनी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कहा कि कुम्भी चीनी मिल क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मिल से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों परिवारों की आजीविका जुड़ी हुई है।

वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि मिल के शुरू होते ही आसपास के इलाकों में रोजगार और व्यापारिक गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं।

ट्रैक्टर, ट्रॉली चालक, ढुलाई कर्मी, मजदूर सभी के चेहरों पर खुशहाली लौट आती है। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उल्लास और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। गन्ने की मीठी खुशबू और चिमनी से उठते धुएं के साथ पूरे क्षेत्र में यह संदेश गूंज उठा कि अब ''मीठे मौसम'' की शुरुआत हो चुकी है।

## बरेली में पटेल की जयंती पर पदयात्रा 31 अक्टूबर को

बरेली। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर होने वाले विभिन्न आयोजनों के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने विकास भवन स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। सीडीओ ने बताया कि रन फॉर यूनिटी का शुभारम्भ 31 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे पटेल चौक से किया जाएगा। यह पदयात्रा चौकी चौराहा और गांधी उद्यान होते हुए बरेली कॉलेज पहुंचकर समाप्त होगी। पदयात्रा के समापन स्थल बरेली कॉलेज में मुख्य आयोजन होगा, जहां स्वदेशी मेला, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, एडीएम नगर सौरभ दुबे, एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान, डीवीओ दिनेश यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह, उपायुक्त उद्योग विकास यादव सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान फ़ेस 5 के अंतर्गत अयोध्या पार्वती इंटर कॉलेज बिगहिया में बालिकाओं को किया गया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर मास्टरबाग । मिशन शक्ति अभियान फ़ेस 5 के अन्तर्गत 30 अक्टूबर 2025 दिन गुरुवार को विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र के अयोध्या पार्वती इंटर कॉलेज बिगहिया में थाना कमलापुर पुलिस टीम द्वारा बालिकाओं को जागरूक किया गया कमलापुर पुलिस टीम मे उपनिरीक्षक राम विशाल सिंह,महिला आरक्षी साधना सिंह, क्षमा शर्मा,गुड़िया सरोज,आरक्षी अनिकेत कुमार,संदीप चौधरी, व दिनेश कुमार,बालिकाओं को हेल्पलाइन।। नम्बरो के बारे में विस्तार से बताया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक आरसी यादव, प्रधानाचार्य राजीव प्रसाद यादव, देवकीनंदन, सुधीर कुमार यादव, मोहन लाल,अनिल कुमार यादव,सहित कालेज का समस्त स्टाफ व छात्र छात्राऐ उपस्थित रही ।

# नवागत जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य में मां ललिता देवी के किए दर्शन, विकास कार्यों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर (ब्यूरो)। नवागत जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज नैमिषारण्य पहुंचकर मॉ ललिता देवी में दर्शन करते हुये पूजन अर्चन किया। यहां मंदिर पुजारी लाल बिहारी शास्त्री ने माता का महत्व बताया एवं उनको हवन पूजा कराया। इसके पश्चात वह चक्रतीर्थ पहुंचे, जहां प्रधानपुजारी राजनारायण पांडेय, पुजारी सचिन शास्त्री ने जिलाधिकारी का स्वागत अभिनंदन किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य चक्रतीर्थ में निर्माणाधीन गेटों को देखते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि यथाशीघ्र कार्यों को पूर्ण कराया जाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। जिलाधिकारी ने चक्रतीर्थ के पीछे बनने वाले नये कुंड निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सीतापुर, हरदोई मार्ग बन रही मल्टीपार्किंग स्थल कार्य की गति में तेजी लाने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये। सीतापुर पार्किंग, हेलीपैड, बाईपास, ट्रैक्टर ट्राली पार्किंग, लखनऊ पार्किंग के कार्य को देखते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि शेष बचे कार्यों को ससमय एवं गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराया जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंद ताले ने खोली शिक्षा व्यवस्था की पोल ग्रामीण बोले, बच्चों का भविष्य अंधेरे में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मितौली खीरी । जनपद के मितौली विकासखंड के लोहन्ना गांव में संचालित प्राथमिक विद्यालय का ताला आज सुबह तक नहीं खुला, जिससे ग्रामीणों और अभिभावकों में भारी रोष देखने को मिला। सुबह से बच्चे विद्यालय के बाहर खड़े रहे, परंतु अध्यापक या शिक्षा विभाग का कोई जिम्मेदार व्यक्ति वहां नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी, जिसके बाद नायब तहसीलदार मितौली मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में अकसर शिक्षकों की लापरवाही और मनमानी देखने को मिलती है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अभिभावकों ने कहा कि जब बच्चे शिक्षा के लिए उत्सुकता से स्कूल आते हैं और उन्हें बंद ताला मिलता है, तो यह पूरे शिक्षा तंत्र पर सवाल खड़ा करता है।

सूत्रों के अनुसार, विद्यालय के प्रभारी और संबंधित शिक्षकों की कार्यशैली को लेकर पहले भी शिकायतें की गई थीं, लेकिन बीईओ मितौली द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी शिकायतें सुनने के बाद भी अनदेखी कर देते हैं, जिससे विद्यालयों में अनुशासन और जिम्मेदारी का अभाव बना हुआ है। नायब तहसीलदार मितौली ने मौके पर पहुंचकर ताला खुलवाने के निर्देश दिए और पूरे मामले की जांच का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ल्लबच्चों की शिक्षा के साथ किसी भी स्तर पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी लापरवाह या दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना कोई पहली नहीं है। कई बार स्कूल समय से नहीं खुलता और शिक्षक देर से आते हैं। स्कूल में स्वच्छता और व्यवस्था की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। उन्होंने मांग की कि जिम्मेदार अधिकारियों को तुरंत हटाकर नए, कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों की तैनाती की जाए।

# रतहरी गांव में बस और पिकअप की आमने–सामने टक्कर, बड़ा हादसा टला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




औरंगबाद खीरी । जनपद के औरंगाबाद क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मैगलगंज-लखीमपुर मुख्य मार्ग पर स्थित रतहरी गांव के पास एक निजी बस और पिकअप वाहन में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस लखीमपुर की ओर जा रही थी जबकि पिकअप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही थी। रतहरी गांव के मोड़ पर अचानक दोनों वाहन आमने-सामने आ गए और टक्कर हो गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और घायलों को वाहनों से बाहर निकाला। दोनों वाहनों के चालक और सवारों को मामूली चोटें आईं।

सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई और तुरंत सड़क पर जाम हुई यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया और हादसे की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन हादसे होते रहते हैं, क्योंकि सड़क संकरी और मोड़ खतरनाक हैं। लोगों ने प्रशासन से इस सड़क पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

फिलहाल पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गनीमत यही रही कि सुबह का यह हादसा किसी की जान नहीं ले सका, वरना बस में सवार यात्रियों के लिए यह घटना एक बड़ी त्रासदी साबित हो सकती थी।

# दुधवा जंगल में अवैध खैर कटान का खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । दुधवा टाइगर रिज़र्व से सटे मझगई रेंज में अवैध खैर कटान का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पूरे मामले में रेंजर अंकित कुमार पर लगभग 300 क्विंटल खैर लकड़ी के अवैध कटान के गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले ने वन विभाग की कार्यप्रणाली और ईमानदारी पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। जानकारी के अनुसार, दुधवा बफर जोन प्रशासन ने रेंजर अंकित कुमार के खिलाफ औपचारिक आरोप पत्र (चार्जशीट) जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि मझगईं क्षेत्र में हुए अवैध खैर कटान के दौरान रेंजर की भूमिका संदिग्ध रही है और उन्होंने अपने दायित्वों का सही निर्वहन नहीं किया। मामला गंभीर होने के चलते घ्एएक्क (प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट) ने आदेश दिया है कि इस प्रकरण की विस्तृत जांच दूसरे सर्किल के एएक्क(चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट) से कराई जाएगी, ताकि जांच निष्पक्ष हो सके। सूत्रों के मुताबिक, मझगईं रेंज में लंबे समय से अवैध कटान का खेल चल रहा था। खैर की लकड़ी की अवैध निकासी में वन माफिया और विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने पहले भी कई बार इस संबंध में शिकायतें की थीं, लेकिन कार्रवाई न होने से माफियाओं के हौसले बुलंद रहे। स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक संगठनों ने कहा है कि अगर वन विभाग के अधिकारी ही अवैध गतिविधियों में शामिल पाए जा रहे हैं तो जंगलों का संरक्षण कैसे होगा? उन्होंने मांग की है कि दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध कटान में शामिल माफियाओं को भी गिरफ्तार किया जाए। दुधवा जैसे अंतरराष्ट्रीय महत्व वाले जंगल में इस तरह की लापरवाही न केवल विभाग की साख पर दाग है बल्कि यह वन्यजीव संरक्षण के लिए गंभीर खतरा भी है। अब सबकी निगाहें घ्एएक्क की जांच पर टिकी हैं कि क्या वाकई इस मामले में सच्चाई सामने आएगी या एक बार फिर ल्लफाइलों में दफनङ्क हो जाएगी यह बड़ी कार्रवाई?

## कदम से कदम मिलाओ, एकता की दौड़ लगाओ

सीतापुर (ब्यूरो) कैनविज टाइम्स संवाददाता । 31 अक्टूबर को, भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर उनके अखंड भारत के सपने को सम्मान देने और देश की एकता व अखंडता के प्रति संकल्प को दोहराने के लिए जनपद सीतापुर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जा रहा है। जिस प्रकार सरदार पटेल जी ने सैकड़ों रियासतों को भारतीय संघ में मिलाया था, ठीक उसी तरह हमें भी भाषा, धर्म और क्षेत्र के भेद को भूलकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य की ओर दौड़ना है। तो, आइए, इस दौड़ में भाग लेकर दिखाएं कि विविधता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है! रन फॉर यूनिटि कार्यक्रम मुख्यालय स्तर से दिनांक 31.10.25 को प्रातः 07 बजे, सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक, नैपालापुर चौराहा से तथा प्रातः 8.00 बजे बहुगुणा चौराहा से प्रारंभ होगा। जिसमें थाना कोतवाली नगर, महिला थाना, रिक्रूट्स, आमजनमानस एवम् संभ्रांत लोग प्रतिभाग करेंगे।

## क्वांटम मेकैनिक्स के 100 वर्ष' पूरे होने पर आईआईटी कानपुर में प्रो मनोज के हरबोला ने दिया विशेष व्याख्यान

कानपुर । भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के भौतिकी विभाग ने आधुनिक विज्ञान के इतिहास की सबसे बेहतरीन उपलब्धियों में से एक—क्वांटम मेकैनिक्स के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम संस्थान के लेक्चर हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें भौतिकी विभाग के प्रोफ़ेसर मनोज के हरबोला ने क्वांटम मेकैनिक्स के 100 साल (1925S2025) 1925 में क्या हुआ? विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रो हरबोला ने अपने व्याख्यान की शुरुआत 1900 में मैक्स प्लैंक द्वारा प्रस्तुत ऊर्ज़ा के क्वांटाइजेशन के विचार से की, जिसने आधुनिक भौतिकी की नींव रखी। उन्होंने बताया कि अल्बर्ट आइंस्टीन ने 1905 में प्रकाश के क्वांटीकरण का सिद्धांत दिया, जबकि नील्स बोहर ने 1913 में हाइड्रोजन परमाणु मॉडल के माध्यम से परमाणु की ऊर्ज़ा स्तरों को सफलतापूर्वक समझाया। साथ ही उन्होंने भारतीय वैज्ञानिक जैसे मेघनद साहा और सत्येन्द्र नाथ बोस के योगदानों पर भी प्रकाश डाला, जिनके कार्यों ने खगोल भौतिकी और सांख्यिकीय मेकैनिक्स में क्वांटम सिद्धांत को नई दिशा दी। व्याख्यान के मुख्य भाग में प्रो हरबोला ने वर्नर हाइजेनबर्ग के 1925 के शोध–पत्र की चर्चा की, जिसे आधुनिक क्वांटम यांत्रिकी की वास्तविक शुरुआत माना जाता है। उन्होंने बताया कि हाइजेनबर्ग ने पारम्परिक भौतिकी विचार को छोड़कर केवल प्रेक्षणीय क्वांटिटी—जैसे कि विकिरण की आवृत्ति और आयाम—के आधार पर सिद्धांत को पुनः परिभाषित किया। इसी कार्य से मैट्रिक्स मेकैनिक्स की उत्पत्ति हुई, जिसने मैट्रिक्स मेकैनिक्स को समझने के हमारे तरीकों को पूरी तरह बदल दिया। यह वही आधार बना जिस पर बाद में बॉर्न, जॉर्डन, श्रोडिंगर और डिरॅक ने आधुनिक भौतिकी की नींव मजबूत की, जिसे सेमीकंडक्टर और लेज़रों से लेकर क्वांटम गणना और कण सिद्धांत तक, हर चीज़ प्रभावित हुए। क्वांटम मेकैनिक्स के 100 वर्ष पूरे होने पर बात करते हुए प्रो. हरबोला ने कहा, ल्लहाइजेनबर्ग का 1925 का कार्य मानव इतिहास में रचनात्मकता और तार्किक सोच का एक अद्भुत उदाहरण है। यही वह क्षण था जब भौतिकी ने शास्त्रीय से क्वांटम दुनिया की ओर कदम बढ़ाया। उन्होंने यह भी कहा कि क्वांटम मेकैनिक्स केवल एक सैद्धांतिक अवधारणा नहीं, बल्कि एक ऐसा ढांचा है जिसने तकनीक, दर्शन और हमारी वास्तविकता की समझ को गहराई से प्रभावित किया है।

## युवक के सीने में गोली मारने का आरोपित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद में थाना एका पुलिस टीम ने गुरुवार को हत्या के प्रयास में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्यवाही कर उसे जेल भेजा है। एका थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नगला पसी में 4 अक्टूबर को सीटू के साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए सीने में तमंचे से गोली मार दी गई थी। इस घटना में पुलिस ने पीड़ित के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। आज वांछित आरोपित महेशचन्द्र पुत्र भगवान सिंह को नगला चित्तर एटा रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गई है।

# बीमा की रकम की चाहत में मां ने बेटे को मरवाया

एजेंसी

कानपुर । रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली यह वारदात कानपुर देहात के बरौर थाना क्षेत्र के अंगदपुर गांव की है, जहां एक मां ने लालच और वासना में अंधी होकर अपने ही बेटे की हत्या करवा दी। 25 वर्षीय प्रदीप सिंह अपनी मां ममता सिंह के अवैध संबंधों का विरोध करता था। पिता की मौत के बाद ममता का प्रेमी मयंक कटियार अक्सर घर आता-जाता था, जिस पर बेटा बार-बार आपत्ति जताता था। इस मामले में सभी आरोपित गिरफ़्तार कर लिए गए हैं। मां और उसके प्रेमी मयंक ने प्रदीप की हत्या की साजिश एक साल पहले ही रच डाली थी लेकिन वह इस बात से अंजान था । मां ने अपने बेटे के नाम पर 40 लाख रुपये की चार बीमा पॉलिसियां कराईं और फिर प्रेमी मयंक व उसके भाई ऋषि के साथ मिलकर बेटे की हत्या की साजिश रच डाली। मां ने एक ऐसा षड्यंत्र रचा कि रूह कांप जाएं । मां ने प्लान बनाया कि बेटे के नाम बीमा करा कर उसकी हत्या कर देंगे । ऐसा होने से प्यार में बाधा भी खत्म हो जाएगी और बीमा पॉलिसी की रकम भी मिल जाएगी पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि आरोपितों ने योजना के तहत प्रदीप को बहाने से बुलाया गया। होटल में खाना खाने के बहाने बुलाकर रास्ते में उसकी हथौड़ी से सिर कुचलकर हत्या कर दी और शव को हाईवे किनारे फेंक दिया ताकि मामला हादसे जैसा लगे। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने मां की पूरी चाल उजागर कर दी, शरीर पर गहरे जख्म, टूटी हड्डियां, फूटा सिर। मोबाइल लोकेशन की जांच की गई तो पुलिस को शक हुआ और मयंक की गिरफ्तारी के बाद सच सामने आ गया। मयंक ने कबूल किया कि ममता आंटी ने खुद कहा था कि बेटे को खत्म कर दो, बीमा की रकम हमारी होगी। प्रदीप के चचेरे भाइयों को शक था कि प्रदीप का एक्सीडेंट नहीं बल्कि उसकी हत्या हुई है, लेकिन मां का बयान आया कि उसकी हत्या नहीं, एक्सीडेंट हुआ लेकिन पुलिस की तफ़्तीश के साफ हो गया कि मां ने ही हत्या की साजिश रची थी, इसलिए उसने बयान दिया कि एक्सीडेंट से मौत हुई ताकि पुलिस की जांच धीमी हो जाएं

# अलीगढ़ में धार्मिक नारा लिखकर रची अपनी ही साजिश में फंसे युवक, चार गिरफ्तार

एजेंसी

अलीगढ़ । उत्तर प्रदेश की अलीगढ़ पुलिस ने मंदिरों की दीवारों पर धार्मिक नारा ''आई लव मोहम्मद'' लिखकर सौहार्द बिगाड़ने वाले चार साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। इनका एक साथी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने इस साजिश का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बीते दिनों जनपद के लोधा थाना इलाके के बुलकगढ़ी, भगवानपुर में चार मंदिरों पर धार्मिक नारे ''आई लव मोहम्मद'' लिखे जाने के मामला सामने आया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कई टीमों को धरपकड़ में लगाया गया। सीसीटीवी खंगालने के साथ ही जांच पड़ताल में सर्विलांस टीम ने साक्ष्य जुटाए और ऐसा करने वाले आरोपितों को चिन्हित कर लिया गया। लोधा थाना पुलिस ने आज इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनकी पहचान आकाश सारस्वत, दिलीप शर्मा, अभिषेक सारस्वत व जिशांत सिंह के रूप में की गई है। सभी ने मिलकर धार्मिक भावनाओं को अशांत करने के मद्देनजर ऐसी हरकत को अंजाम दिया।

एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों से पता चला है कि नारे को लिखने के पीछे कुछ लोगों में आपसी अनबन थी। इसी के तहत इस नारे का इस्तेमाल कर उन्हें गिरफ़्तार कराना चाहते थे। आरोपितों तक पहुंचने में पुलिस के लिए जो नारे लिखे गए थे, उसमें शब्दों की मिस्टेक थीं। इस मामले में एक आरोपित राहुल अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं।

बदले की आग में रची साजिश में फंसे युवक

पुलिस के मुताबिक जिशांत सिंह का इलाके के ही मुस्तकीम से झगड़ा हुआ था। दोनों ने एकऽदूसरे पर एफआईआर कराई थी। पुलिस दोनों केस में चार्जशीट लगा चुकी है। मुस्तकीम को नए केस में फंसाने के लिए जिशांत ने दोस्तों संग मंदिर की दीवारों पर धार्मिक नारों को लिखकर फंसाने की साजिश रची। इस साजिश में जिशांत के साथ उसके दोस्त भी आ गए और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। हालांकि मंदिरों की दीवारों पर धार्मिक नारे लिखने के बाद करणी सेना ने हंगामा किया था। दबाव में आई पुलिस ने मौलवी मुस्तकीम, गुल मोहम्मद, सुलेमान, सोनू, अल्लाबक्श, हसन, हामिद, यूसुफ पर एफआईआर दर्ज की थी।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर हुआ भव्य कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिस घर में बुजुर्गों का साया व आशीर्वाद होता है उस घर में भगवान का वास होता है: केंद्रीय राज्यमंत्री**

**बदायूं।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर भारत सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के मा0 राज्यमंत्री बीएल वर्मा की अध्यक्षता में डायट प्रेक्षागृह में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान करने हेतु एक भव्य कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान जनपद व अन्य जनपद के 10 बुजुर्ग व बुजुर्ग दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, छड़ी, कान की मशीन ,कमर की बेल्ट आदि सहायक उपकरण वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसे सराहा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने सभी को वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान हेतु शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के उपरांत जनप्रतिनिधियों ने बुजुर्गों व छात्र-छात्राओं के साथ डाइट् परिसर से डीएम चौराहे तक वॉकाथन भी किया।केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी देशवासियों को अपना परिवारजन कहकर संबोधित करते हैं, वह मानते हैं कि जब देश का एक व्यक्ति एक कदम आगे बढ़ता है तो देश विकास के पथ पर 140 करोड़ कदम आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि बदायूं की मिट्टी हमेशा से संस्कारों व पारिवारिक मूल्यों की भूमि रही है। उन्होंने कहा कि जिस घर में बुजुर्गों का साया व आशीर्वाद होता है उस घर में भगवान का वास होता है।

उन्होंने कहा कि मोदी जी ने कहा है कि जो समाज अपने वृद्धजनों का सम्मान करता है वह अपने भविष्य को सुरक्षित रखने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अनेकों कल्याणकारी योजनाओं वृद्धजनों के हितार्थ संचालित की जा रही हैं जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रधानमंत्री दिव्यांश केंद्र मेडिकल कॉलेज में संचालित है वहां कोई भी बुजुर्ग व दिव्यांगजन जाकर अपने लिए सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार प्रत्येक वर्ग के लिए कार्य कर रही है। देश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। अनेकों योजनाएं वृद्धजनों के लिए संचालित हैं। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के ऊपर बुजुर्गों का व घर के वृद्धजनों का आशीर्वाद होता है उसे जीवन में कभी हार का सामना नहीं करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास व सबका विश्वास पर कार्य कर रही है। योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के पात्रों तक पहुंचा जा रहा है।सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा।

इसके लिए सभी को प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि सभी को अपने माता-पिता व बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छा सोचो तो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा।बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से सभी को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता असली विरासत होते हैं। उन्होंने कहा कि वह युवा जो अपने मां-बाप की सेवा नहीं करते हैं और तीर्थ जाते हैं उनका तीर्थ जाना भी व्यर्थ ही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में केवल माता-पिता ही ऐसे होते हैं जो अपने बच्चों को बहुत ऊंचाई पर देखना चाहते हैं।संयुक्त निदेशक सामाजिक अधिकारिकता मंत्रालय भारत सरकार मोनाली पी धकाटे ने बताया कि वर्ष 2036 तक देश की जनसंख्या में एक बड़ा हिस्सा वृद्धजनों का होगा जो की अनुमानतः करीब 30 करोड़ के आसपास होगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने वरिष्ठ नागरिक डिजिटल पोर्टल बनाया है जिसमें वृद्धजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाएं आदि महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई है साथ ही टोल फ्री नंबर 14567 भी संचालित है। जिसके माध्यम से वृद्धजनों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराया जाता है।कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के अस्मिता ग्रुप व अन्य ग्रुप ने बुजुर्गों के प्रति सम्मान का भाव जागृत करने व अन्य नाटकों का मनमोहक मंचन कर किया गया, जिसे सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने सराहा। इससे पहले जनप्रतिनिधियों ने परिसर में पौधारोपण भी किया। वहीं बीआईएमटी में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम आई लवी यादव को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत राष्ट्रगान भी हुआ। केंद्रीय राज्य मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान के लिए शपथ भी दिलाई जो कि इस प्रकार है-मैं जीवन पर्यन्त अपने परिवार और समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान का भाव रखने और देखभाल करने की प्रतिज्ञा करता हूं। मैं वरिष्ठ नागरिकों के साथ सहानुभूति रखने एवं करुणा के साथ व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं उनके ज्ञान और अनुभव का सम्मान करुंगा तथा उनकी आवाज बनने और उनका समर्थन करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहूंगा। मैं उनके अधिकारों, हितों के बारे में जागरूकता पैदा करने और बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ लड़ने के लिए भी प्रतिबद्ध हूं।

## सब्सिडी पर लें पी0एम0 सूर्यघर योजना का लाभ

बदायूँ। परियोजना अधिकारी नेडा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 13 फरवरी 2024 को पी0एम0 सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का शुभारम्भ किया गया है, जिसके अंतर्गत संपूर्ण देश में 1 करोड़ एवं प्रदेश में 25 लाख सोलर रूफटॉप की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। जनपद में अभी तक 721 उपभोक्ताओं के द्वारा अपने आवासों पर सोलर रूफटाप लगवाएं गए हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर रूफटाप लगवाने पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अधिकतम सब्सिडी 01 लाख 08 हजार रुपए प्रदान की जा रही है। सोलर रूफटाप स्थापना कराने पर उपभोक्ता का बिजली बिल काफी कम अथवा शून्य हो जाता है। इस योजना के अंतर्गत सब्सिडी का लाभ केवल यूपीनेडा विभाग में इम्पैनल्ड वेंडर से सोलर पैनल लगवाने पर ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद में पीएम सूर्यघर योजना के लिए वेदांता इंटरप्राइजेज, बालाजी कं0 एंड सप्लायर्स, सहयोग इंटरप्राइजेज, न्यू भारत इलेक्ट्रीकल्स, सूर्या बैटरी नमन टेक्नोलोजी एंड कंस्ट्रक्शन, राधावल्लभ इंटरप्राइजेज, एम0बी0 दीक्षित, जोया आटो इंटरप्राइजेज, संदीप कुमार, राजा अक्षय ऊर्जा शाप, नोवा सोलर, ए0एस0एम0 गोल्डन विजन तनुपम ट्रेडर्स, सम्राट सोलर, एस0बी0 इंटरप्राइजेज इमपैनल्ड वेंडर्स हैं।

## गौशालाओं में धूमधाम से मनाया गया गोपाष्टमी का पर्व

**संभल।** असमोली ब्लॉक जनपद संभल की गौशालाओं में गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया माननीय सदस्य गौ सेवा आयोग श्री दीपक गोयल जी द्वारा दोनों गौशालाओं में गौ पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ साथ ही साथ गायों को फूल माला पहनकर तथा गुड खिलाकर पूजन किया गया गौशाला तलवार व गौशाला घंसूरपुर में पूजन के समय जनपद संभल से मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह, पशु चिकित्सालय सिरसी से डॉक्टर अवधेश पटेल व पशुधन प्रसार अधिकारी नृपेंद्र नंदन शर्मा जी के साथ-साथ सचिव, प्रधान व समस्त गौशाला स्टाफ उपस्थित रहामाननीय सदस्य जी ने भूसा, चोकर, हरा चारा की व्यवस्था प्रतिदिन सुनिश्चित की जाय, साफ सफाई तथा गौवंश को सुपुर्दगी में देने पर जोर दिया ।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

**सम्भल, बहजोई।** कलक्ट्रेट परिसर से मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की थीम पर राजकीय इण्टर कॉलेज लहरावन एवं हीरा देवी तोताराम कन्या इण्टर कॉलेज बहजोई तथा भगतजी इंटरनेशनल स्कूल बहजोई के छात्र एवं छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी जिसको जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत रैली कलक्ट्रेट परिसर से होते हुए हीरा देवी तोताराम कन्या इण्टर कॉलेज पर समापन हुई। । इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार तथा राजकीय इण्टर कॉलेज लहरावन के प्रधानाचार्य सीपी सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुरादाबाद में धारा 163 के अधीन निषेधाज्ञा लागू

**मुरादाबाद।** आगामी पर्व सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेन्द्र देव जयन्ती, गुरु नानक जयन्ती/कार्तिक पूर्णिमा, गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस, क्रिसमस-डे आदि के साथ ही जनपद मुरादाबाद में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुज सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा- 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू की है। यह निषेधाज्ञा 25 दिसम्बर 2025 तक लागू रहेगी।

## अक्षय नवमी पर महिलाओं ने की आंवला पौधे की पूजा

**अनूपशहर।** अक्षय नवमी (आंवला नवमी) पर महिलाओं ने आंवला के पौधे की परिक्रमा कर परिवार में सुख समृद्धि की ईश्वर से कामना की। कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की नवमी को अक्षय नवमी (आंवला नवमी) के नाम से जाना जाता है। इस दिन गंगा में स्नान करने से अथवा मां लक्ष्मी तथा भगवान विष्णु की पूजा करने से अत्यंत पुण्य फल प्राप्त होता है। इसी मान्यता के चलते महिलाओं द्वारा आंवला वृक्ष की परिक्रमा करने के बाद मां लक्ष्मी से परिवार में सुख शांति समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की गई। अनेक मंदिरों में अवंला वृक्ष की टहनियों को रखकर उसकी परिक्रमा की गई। महिलाओं ने बुजुर्ग महिलाओं से अक्षय नवमी की कहानी सुनी और मन मस्तिष्क में धारण किया। 9 दिन तक भगवान विष्णु आंवला के पेड़ पर निवास करते है। उन्हीं के आशीर्वाद से पूजा करने वाली महिलाओं के घर में सुख शांति समृद्धि बनी रहती है। नगर के कई मंदिरों में महिलाओं द्वारा आंवला के पौधे की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की गई।

## बहन के घर जाने के लिये निकला युवक लापता

**अनूपशहर ।** गांव शेरपुर का युवक 10 दिन पूर्व बहन के घर हरियाणा जाने को निकला था। किंतु अभी तक नहीं पहुंचा। स्वजनों ने पुलिस में तहरीर देकर मदद की मांग की। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया है, कि गांव शेरपुर निवासी मरजीना पत्नी फखरुद्दीन ने कोतवाली में तहरीर देकर अवगत कराया है, कि उसका 22 वर्षीय पुत्र राजू उर्फ शाहनवाज 21 अक्टूबर को गांव शेरपुर से अपनी बहन के घर हरियाणा गया था। लेकिन वहां नहीं पहुंचा। उन्होंने राजू को खोजने के लिए मदद की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## जैन मुनि वसुनंदी महाराज के दिव्य प्रवचनों से गुंजायमान हुआ सिटीमाल परिसर

**बदायूँ।** सिटीमाल परिसर में चल रहे त्रिदिवसीय सिद्धचक्र महार्चना एवं विश्व शांति महायज्ञ के दूसरे दिन गुरु वार को जैन मुनि वसुनंदी महाराज के मंगल प्रवचनों से पूरा वातावरण आध्यात्मिकता से सराबोर हो गया। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि सिद्धचक्र पूजा आत्मशुद्धि और आंतरिक शांति का प्रतीक है। जब मनुष्य अपने भीतर झाँककर आत्मा की शक्ति को पहचानता है, तभी सच्चा धर्म और शांति प्राप्त होती है।उन्होंने जीवन में अहिंसा, सत्य और संयम को अपनाने का संदेश दिया तथा सभी से समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को प्रबल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व महाप्रबंधक शैखुपुर चीनी मिल बदायूँ तथा पूर्व बाढ़ खंड अधिकारी डी0के0 जैन सहित स्थानीय लोगों में जैन समाज के विकास जैन महावीर जैन गौरव जैन रोहित जैन पार्थ जैन मनीष जैन शालिनी जैन सौरभ जैन मधु जैन पूजा जैन तृप्ति जैन संजय जैन तथा उनके पुत्र वरदान जैन इत्यादि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और मुनि श्री के प्रवचनों का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों और शांतिधारा के साथ वातावरण भक्ति-मय हो उठा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि अंतिम दिन शुक्रवार को विशेष पूजन, आहुति एवं आशीर्वचन के साथ महायज्ञ का समापन किया जाएगा।

## अमर ज्योति ठगी प्रकरण में अब 12 को होगी फाइनल सुनवाई

**बदायूं।** अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड ठगी प्रकरण में कंपनी निदेशक शशिकांत मौर्य, सूर्यकांत और श्रीकांत की याचिका पर प्रयागराज उच्च न्यायालय ने 12 नवंबर को अंतिम सुनवाई की तारीख तय कर दी है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह और न्यायमूर्ति लक्ष्मी कांत शुक्ला की खंडपीठ ने साफ कहा कि अगली तारीख पर कोई बहाना या स्थगन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अदालत ने उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता 10 जुलाई से अंतरिम संरक्षण का लाभ ले रहे हैं, इसलिए अब मामले को लंबा खींचने की अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं से कहा है कि वे अपनी लिखित दलीलें पांच पृष्ठों से अधिक में न दें और 12 नवंबर को निर्धारित समय पर उपस्थित रहें। अदालत ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को भी निर्देश दिया है कि वह शासन से ताजे निर्देश लेकर अदालत के समक्ष प्रस्तुत हों, ताकि सुनवाई के दिन कोई औपचारिकता बाकी न रह जाए।

## राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को समर्पित विचार गोष्ठी का आयोजन

**चंदौसी।** राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को समर्पित विचार गोष्ठी का आयोजन रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब, एस. एम. कॉलेज, चंदौसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) के तत्वाधान में महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ हेमंत कुमार कार्यवाहक प्राचार्य, एस. एम. कॉलेज, चंदौसी, प्रो. जितेंद्र कुमार, समन्वयक,आई क्यू ए सी, एवं प्रो. राम अधार सिंह यादव, संयोजक, रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब ने संयुक्त रूप से सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पार्चन करने के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. हेमंत कुमार ने वल्लभभाई पटेल के सरदार बनने तक की यात्रा पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। प्रो. ए. पी. सिंह ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल के राजनीतिक एवं स्वतंत्रता उपरांत राष्ट्रीय एकीकरण में उनके कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। प्रो. राम अधार सिंह यादव ने स्वतंत्र भारत के एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल जी के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि भेंट की। प्रो. जितेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय एकता को समर्पित शपथ कार्यक्रम के द्वारा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समृद्धता को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्र रविंद्र यादव और हर्षित बाबू ने भी अपने विचारों के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने की जागरूकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रो. दीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ. स्तुति वशिष्ठ, डॉ ज्योति सहित महाविद्यालय की सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राज्य सूचना आयुक्त की अध्यक्षता में छह नवंबर को कलेक्ट्रेट में होगी बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बैठक के दौरान राज्य सूचना आयुक्त आरटीआई नियमावली के क्रियान्वयन को लेकर करेंगे समीक्षा**

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश सूचना आयोग के मा. राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम 06 नवंबर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद मुरादाबाद के समस्त विभागों के जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

जन सूचना अधिकारी कलेक्ट्रेट/नगर मजिस्ट्रेट श्री विनय पांडे ने बताया कि राज्य सूचना आयुक्त कार्यालय से बैठक के संबंध में विस्तृत कार्यक्रम प्राप्त हो गया है।06 नवंबर को आयोजित बैठक के दौरान राज्य सूचना आयुक्त द्वारा जिले के सभी विभागों के जन सूचना अधिकारियों को माह अक्टूबर 2025 तक प्राप्त कुल आवेदन पत्र एवं उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही सभी विभागों से संबंधित जो द्वितीय अपील और शिकायतें मा. आयोग में प्रचलित हैं उनके शीघ्र निस्तारण के लिए विचार विमर्श तथा लंबित द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई के बारे में भी सूचना आयुक्त समीक्षा करेंगे। विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक के उपरांत मा. राज्य सूचना आयुक्त जनपद की किन्हीं दो तहसीलों और दो विकासखंडों के जन सूचना प्रकोष्ठ का निरीक्षण करेंगे तथा उत्तर प्रदेश सूचना का अधिकार नियमावली 2015 के अंतर्गत प्रारूप- 3, आरटीआई आवेदन पत्र रजिस्टर तैयार किए जाने एवं जन सूचना अधिकारी तथा उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों के नेम प्लेट संबंधी दिशा निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का भी सत्यापन करेंगे।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

मुरादाबाद । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह और अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती संगीता ने मुरादाबाद शहर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे की स्थिति एवं आयोग द्वारा निर्धारित अन्य विभिन्न सुरक्षा मानकों के अनुपालन के बारे में उन्होंने जानकारी प्राप्त की तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों पर लगानी होगी जीपीएस डिवाइस

**विभागीय पोर्टल पर होगा इंटीग्रेशन, 15 नवंबर के बाद बिना जीपीएस इंटीग्रेशन वाले वाहनों को नहीं जारी होगा प्रपत्र ईएमएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। जिले में 15 नवंबर 2025 से उप खनिज परिवहन के लिए प्रपत्र ई एमएम-11 उन्हीं वाहनों के लिए जारी किया जाएगा, जिन वाहनों पर लगे एआईएस 140 जीपीएस डिवाइस का इंटीग्रेशन विभागीय पोर्टल httaps://registration.vtsdgm.up.in/register पर होगा।

जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने बताया कि उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों पर जीपीएस डिवाइस लगाने एवं उनका विभागीय पोर्टल पर इंटीग्रेशन करने के लिए शासन स्तर से निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि जनपद मुरादाबाद में उपखनिज का परिवहन करने वाले समस्त वाहन स्वामी एवं चालक अपने वाहन पर जीपीएस डिवाइस लगवा कर उसका इंटीग्रेशन 15 नवंबर 2025 से पूर्व अनिवार्य रूप से कर लें अन्यथा खनिज परिवहन हेतु प्रपत्र ईएमएम-11 जारी नहीं होगा। जीपीएस के इंटीग्रेशन के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए जिले स्तर पर स्थित खनन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला कार्यक्रम का एमआईटी मुरादाबाद में आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री शतानंद शर्मा सह. विद्यालय निरीक्षक, श्री सुरेश चंद्र शर्मा क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी, श्री भगवान दास जिला युवा कल्याण अधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम में लोकगीत समूह, लोक नृत्य समूह, साइंस मेला, कहानी लेखन, कविता लेखन, डिक्लेमेशन और पेंटिंग आदि कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।साइंस मेला में प्रथम स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर मुरादाबाद, द्वितीय स्थान पर समर वैली मुरादाबाद, तृतीय स्थान पर विल्सोनिया स्कॉलर होम मुरादाबाद रहा। लोक नृत्य समूह में प्रथम स्थान पर आकांक्षा विद्यापीठ मुरादाबाद, द्वितीय स्थान पर कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज मुरादाबाद और तृतीय स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर मुरादाबाद रहा। लोकगीत समूह गायन में जे आर अग्रवाल मुरादाबाद प्रथम, प्रभादेवी इंटर कॉलेज मुरादाबाद द्वितीय एवं कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज मुरादाबाद तृतीय स्थान पर रहा। कविता लेखन में प्रथम स्थान पर कु. अर्शी तथा कहानी लेखन में प्रथम स्थान पर रिया व द्वितीय स्थान पर नैतिक एवं तृतीय स्थान पर अक्षत गुप्ता रहे।

इसी प्रकार पेंटिंग में प्रथम स्थान पर सुरन्या, द्वितीय स्थान पर अमान अली एवं तृतीय स्थान पर अक्षत तनिषा अग्रवाल रहें। कार्यक्रम में निर्मल द्विवेदी परियोजना निदेशक डीआरडीए मुरादाबाद के द्वारा विजयी कलाकारों को पुरस्कार वितरण किया गया।

# जिलाधिकारी के निरीक्षण में 54 कार्मिक मिले गैर हाजिर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**वेतन आहरण पर रोक के साथ ही स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

**जिलाधिकारी के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारियों ने भी विभिन्न कार्यालयों का औचक रूप से किया निरीक्षण**

मुरादाबाद। जनपद में स्थित विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति एवं उनके द्वारा अपने पदीय दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन किए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालय एवं पटल, विकास भवन में स्थित विभिन्न कार्यालयों के साथ-साथ विद्युत वितरण खंड प्रथम, विद्युत वितरण खंड द्वितीय, सिंचाई कार्यालय, जल निगम कार्यालय एवं विकासखंड मुरादाबाद कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूर्वाह्न 10:30 बजे औचक रूप से पहुंचकर सत्यापन किया गया।इस दौरान कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों से संबंधित 06 कार्मिक, मनोरंजन कर कार्यालय के 02, खाद्य सुरक्षा कार्यालय के 01, जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय के 09, विद्युत वितरण खंड प्रथम के 03, विद्युत वितरण खंड द्वितीय के 01, सिंचाई कार्यालय के 05, जल निगम कार्यालय के 02, विकास खंड मुरादाबाद कार्यालय के 01 कार्मिक के साथ-साथ विकास भवन परिसर में स्थित 12 विभागीय कार्यालयों के 24 कार्मिक गैर हाजिर मिले। जिलाधिकारी ने इन सभी गैर हाजिर पाए गए कार्मिकों का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने के साथ ही स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से निर्देश है कि प्रत्येक विभागीय अधिकारी और कार्मिक आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान और विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कराने के लिए निर्धारित समय में अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अधिकारियों और कर्मचारियों के नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित न होने की वजह से एक ओर जहां विभागीय कार्य प्रभावित होते हैं वहीं दूसरी ओर आमजन को अपनी समस्या और शिकायत के समाधान के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह कार्यशैली शासकीय हित में बिल्कुल उचित नहीं है इसलिए शासकीय निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन न करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही होगी।

# कमिश्नर ने अधिकारियों के साथ किया मेला ककोड़ा स्थल का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक अजय साहनी, जिलाधिकारी अवनीश राय सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।**

बदायूं। मण्डलायुक्त बरेली मंडल बरेली भूपेंद्र एस चौधरी ने गुरुवार को जनपद के प्रसिद्ध मेला ककोड़ा स्थल का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक अजय साहनी, जिलाधिकारी अवनीश राय सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मण्डलायुक्त ने सीसीटीवी से की जा रही मॉनीटरिंग को देखा तथा घाट पर जाकर जल स्तर को भी चेक किया। मण्डलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने कहा कि मेला ककोड़ा में तैयारियां इस प्रकार की हों कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि मेला ककोड़ा एक प्रसिद्ध मेला है जिसमें हजारों श्रद्धालु आकर धर्म लाभ प्राप्त करते हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शिविरों, घाट, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई व पेयजल व्यवस्था, वॉच टावर आदि विभिन्न व्यवस्थाओं का एक-एक कर अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कमिश्नर व डीआईजी ने मेला ककोड़ा के नक्शे का अवलोकन कर भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

कमिश्नर ने कहा कि मेला सुचारू रूप से जारी रहे। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से सहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए अच्छा व्यवहार व सत्कार किया जाए ताकि मेले से लौटने वाले श्रद्धालुओं पर यह अमिट छाप छोड़ सके। उन्हेंने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के कार्यों का भी निरीक्षण किया।जिलाधिकारी अवनीश राय ने मण्डलायुक्त व डीआईजी को मेला स्थल पर की गई विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। डीएम ने बताया कि उन्होंने कई अवसरों पर मेला स्थल का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि मेला शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित होगा। सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होने बताया कि सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था मेला स्थल पर की गई है व अन्य व्यवस्थाएं भी श्रद्धालुओं के हितार्थ की गई हैं।इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## पत्रकारों के सम्मान में यूजीएमसी फाउंडेशन ने किया पिकनिक का आयोजन

संभल, बबराला। जनसेवा और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत यूजीएमसी फाउंडेशन ने बुधवार को जनपद के पत्रकारों के सम्मान में एक विशेष पिकनिक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हरियाणा के झज्जर स्थित प्रतापगढ़ फार्म्स एंड रिसोर्ट्स में आयोजित हुआ, जहां जिले भर के पत्रकारों ने सहभागिता की और दिनभर मनोरंजन व संवाद के बीच सौहार्द का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। ग्रामीण परिवेश और प्राकृतिक सुंदरता से सजे रिसोर्ट में पत्रकारों ने मनोरंजन के साथ-साथ पारंपरिक राजस्थानी और हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद भी लिया। इस अवसर पर फाउंडेशन निदेशक उमेश यादव ने कहा, पत्रकार समाज का आईना हैं, जो निष्पक्षता से जनता की आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाते हैं। समाज में व्याप्त समस्याओं को उजागर कर वे सुधार की दिशा में प्रेरणा बनते हैं। ऐसे कर्मठ लोगों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि यूजीएमसी फाउंडेशन निर्धन कन्याओं के विवाह, जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, और असहाय परिवारों को भोजन व वस्त्र उपलब्ध कराने जैसे अनेक सामाजिक कार्यों में संलग्न है।

# हेड मोहर्रिर ने थानाध्यक्ष पर 35 ग्राम सोना कोर्ट में कम जमा करने का लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मामला फैजगंज बेहटा थाने का है**

बदायूं। फैजगंज बेहटा थाने के ही हेड मोहर्रिर ने अपने थानाध्यक्ष पर 35 ग्राम सोना कम कोर्ट में जमा करने का आरोप लगाकर एसएसपी से शिकायत की तो महकमे में हड़कंप मच गया। आरोप है कि एसओ ने उसे धमकाया और उनके हिसाब से काम करने की नसीहत भी दी। आखिर हेड मोहर्रिर ने इस तरह का आरोप क्यों लगाया, इसकी गहनता से जांच एसपी ग्रामीण को एसएसपी ने सौंपी हैं।

मामला फैजगंज बेहटा थाने का है। क्षेत्र के गांव ओरछी निवासी टीना किन्नर के घर करीब सवा करोड़ रुपये की डकैती बदमाशों ने की थी, जिसमें 35 लाख रुपये व 700 ग्राम से अधिक सोने के जेवर लूटकर ले गए थे। पुलिस ने मामला चोरी में दर्ज कर लिया था, लेकिन एक सप्ताह में ही पुलिस ने दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया और कुल नौ बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 700 ग्राम सोने के आभूषण, दो किलो चांदी के आभूषण, 8.35 लाख रुपये की नकदी बरामद की थी। जिसका खुलासा एसएसपी ने पुलिस लाइन सभागार में किया था। इस मामले में उस समय नया मोड़ आ गया जब मंगलवार को थाने के ही हेड मोहर्रिर राकेश यादव एसएसपी के पास पहुंच गए और उन्होंने थानाध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि कोर्ट में 35 ग्राम सोना कम जमा किया गया। उसके हस्ताक्षर से सोना जमा हुआ है। अगर मामला खुला तो उसकी नौकरी चली जाएगी। इसके बाद एसएसपी ने पूरे मामले की छानबीन की तो जितना सोना बदमाशों से बरामद किया गया उतना ही कोर्ट में जमा होना पाया गया। इसके बाद हेडमोहर्रिर को समझाकर भेज दिया था। अब इस मामले की जांच एसपी देहात को सौंपी गई है। डकैती में बदला गया मुकदमापुलिस ने पहले मामले को फर्जी बताकर चोरी में मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन जब मामले का खुलासा हुआ तो सब चौक गए। पुलिस ने 700 ग्राम सोने की बरामदगी व 8.35 लाख रुपये की रिकवरी के साथ ही नौ बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बरामद माल व रुपये कोर्ट में जमा करने के बाद बदमाशों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया। पुलिस ने अब चोरी का मामला डकैती में दर्ज किया है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक मौके से बरामद पूरा सोना कोर्ट में जमा करा दिया गया है। हेड मोहर्रिर को इसमें कुछ संशय था। इस कारण वह शिकायत लेकर आए थे। फिर इस मामले की जांच एसपी ग्रामीण ह्देश कठेरिया को सौंप दी गई है। अगर कुछ गड़बड़ी मिली तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। अभी इस मामले के तीन बदमाश फरार चल रहे हैं। उनसे बची हुई धनराशि व कुछ सोना और बरामद होने की संभावना है।

# खादी व अफसरों की जुगलबंदी से गोंडा जिले में फल फूल रहे भू-माफिया

**जिलाधिकारी के संरक्षण वाली 60 बीघे जमीन के बैनामा के मामले में असहाय नजर आ रहा है जिला प्रशासन**

**सीआरओ की जांच में दोषी पाए जाने के बाद राजस्व निरीक्षक व लेखपाल पर क्यो नहीं हों रही है कार्रवाई**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले की करनैलगंज तहसील क्षेत्र ग्राम पंचायत कादीपुर इन दिनों सुर्खियों में है। यहां पर स्थित बेशकीमती करीब 60 बीघे उस जमीन का कूटरचित तरीके से बैनामा करा लिया गया,जिसके संरक्षक जिलाधिकारी हैं। यह प्रकरण जब तत्कालीन जिलाधिकारी नेहा शर्मा के सामने पहुंचा तो उनका माथा ठनका और उन्होंने तत्काल जांच के आदेश दिए। जांच में राजस्व निरीक्षक व लेखपाल की संलिप्तता पाई गयी थी,जिसकी रिपोर्ट सौंप दी गयी, लेकिन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।एक साल से सिर्फ जांच-दर-जांच का खेल चल रहा है।

उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की सरकार में भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा करती रही है,लेकिन गोण्डा जिले में भ्रष्ट कर्मचारियों की साठगांठ से भू-माफियाओं के द्वारा 60 बीघे जमीन को कूटरचित तरीके से बैनामा करा लिए जाने का मामला सिस्टम और जीरो टॉल रेंस नीति को कटघरे में खड़ा करता है।दर असल करनैलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कादीपुर के रहने वाले मूकबधिर जड़बुद्धि नामक व्यक्ति की सारी संपत्ति के संरक्षक जिलाधिकारी गोण्डा थे।आरोप है कि जिले के बड़े भू-माफिया अंकुर अग्रवाल ने अपने पार्टनर अतुल अग्रवाल व भावना अग्रवाल के साथ मिलकर मूकबधिर जड़ बुद्धि की जमीन को पहले उसके रिश्तेदार के नाम करवा दिया और बाद में उससे खुद बैनामा करवा लिया।हालांकि,विधि विशेषज्ञ बताते हैं कि उक्त जमीन का बैनामा बिना जिलाधिकारी गोण्डा की अनुमति के नहीं हो सकता था, लेकिन करनैलगंज तहसील प्रशासन और भू-माफियाओं की मिलीभगत ने सारे नियम और कायदे-कानून को ताख पर रखकर इतना बड़ा खेला कर डाला और जिलाधिकारी गोण्डा को कानों-कान भनक तक नहीं लगी। हालांकि,यह भी बड़ा सवाल है कि 60 बीघे उस जमीन का बैनामा करा लिया गया,जिसके जिलाधिकारी गोण्डा संरक्षक थे,उन्हें इसकी आखिर भनक कैसे नहीं लगी..? वैसे यह बात सहज ही गले नहीं उतर रहा है। बताते चलें कि इस प्रकरण को जिले के एक समाजसेवी ने जिलाधिकारी तक पहुंचाया गया, जिसे गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने पूरे मामले पर मुख्य राजस्व निरीक्षक, गोण्डा को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच करने का आदेश दिया था।

मुख्य राजस्व निरीक्षक ने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा कि प्रथम दृष्टया राजस्व निरीक्षक और लेखपाल की संलिप्तता पाई गयी है।इनकी मिलीभगत से 60 बीघे जमीन के बैनामे का खेल हुआ है। रिपोर्ट जिलाधिकारी को दे दी,लेकिन आज तक राजस्व निरीक्षक और लेखपाल पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गयी। इतना ही नहीं, जिलाधिकारी गोण्डा के संरक्षण वाली 60 बीघे जमीन का बैनामा कराने वाले भू-माफियाओं पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।इनसेट रेलवे व ग्राम समाज की जमीन का एग्रीमेंटबताते चलें कि यह वही अंकुर अग्रवाल है,जिस पर तत्कालीन जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने रेलवे और ग्राम समाज की जमीन का कूटरचित तरीके से एग्रीमेंट करवा लेने का आरोप लगा था।वह जमीन की प्लाटिंग की फिराक में था। मामले को नेहा शर्मा ने गंभीरता से लेते हुए भू-माफियाओं पर तत्काल मुकदमा पंजीकृत कराया था।

मजिस्ट्रेटियल जांच के उपरांत गंभीर धाराओं में 15 सितंबर 2023 को मुकदमा पंजीकृत हुआ था, लेकिन पुलिस ने आज तक इस में कुछ नहीं किया और फाइल ठंडे बस्ते में डाल दिया। वहीं, भू-माफिया अंकुर अग्रवाल पर दूसरा मुकदमा 11 जुलाई 2025 को गंभीर धाराओं में दर्ज किया गया।इसके खिलाफ अमित अग्रवाल ने मुकदमा दर्ज कराया। इस प्रकरण को भी गोण्डा पुलिस ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है।पुलिस और राजस्व के भ्रष्ट कर्मचारियों पर सवाल उठना लाजिमी है।

# राजेश सिंह बने निर्विरोध अध्यक्ष, मंत्री महेन्द्र चौहान

**कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ, गोरखपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । राज्य कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ, गोरखपुर इकाई का द्विवार्षिक अधिवेशन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में नए पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध रूप से किया गया। संगठन के अनुशासन, एकता और सेवा भावना का यह उत्कृष्ट उदाहरण रहा।इस अवसर पर राजेश सिंह को अध्यक्ष, आर. पी. मिश्रा को उपाध्यक्ष, विश्वनाथ जी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महेंद्र प्रसाद चौहान को मंत्री, पवन कुमार श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष, मुकेश श्रीवास्तव को संगठन मंत्री तथा श्री मुरलीधर को संप्रेक्षक तथा श्री रतनलाल श्रीवास्तव को संरक्षक निर्वाचित किया गया।

चुनाव अधिकारी के रूप में रूपेश कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद गोरखपुर सह चुनाव अधिकारी पंडित श्याम नारायण शुक्ल वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा रहे। मुख्य अतिथि जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भोला गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि मदन मुरारी शुक्ल महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद रहे। विपक्ष में कोई प्रतिद्वंदी न होने के कारण सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन सर्वसम्मति से किया गया। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि यह निर्णय संगठन के अब तक के सफल कार्यों और पारदर्शिता का प्रतीक है।कार्यक्रम का संचालन संरक्षक रतनलाल श्रीवास्तव एवं प्रसिद्ध कवियित्री डॉ. सरिता सिंह ने संयुक्त रूप से किया। दोनों ने संगठन की एकता, सेवा भावना और कर्मनिष्ठा की सराहना करते हुए नवचयनित टीम को बधाई दी। तथा निर्वाचन अधिकारी रुपेश श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

# पीआरडी जवान ने सड़क से गाड़ी को हटाने के लिए कहा,तो दबंगों ने जमकर कर दी पिटाई

**पूरी घटना का सीसीटीवी स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में फातिमा स्कूल से लेकर बड़गांव पुलिस चौकी हाईवे की सड़क को पार्किंग बना दिया गया है।उसी सड़क पर फातिमा स्कूल के पास सड़क किनारे रास्ते पर गाड़ी खड़ी करने से मना करने पर दबंगों ने पीआरडी जवान की जमकर पिटाई कर दी,मारपीट का वीडियो सो शल मीडिया पर अब तेजी से वायरल हो रहा हैयह घटना 28 अक्टूबर को हुई जिसमें दो युव कों और एक महिला ने पीआरडी जवान अनंत राम को थप्पड़ मारे।

पूरी घटना का सीसीटीवी स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि पहले दबंगों ने पीआरडी जवान के साथ गाली-गलौज की।जब जवान ने उन्हें सड़क किनारे गाड़ी खड़ी करने से मना किया, तो उन्होंने धमकी दी।इसके बाद,जब जवान ने दोबारा गाड़ी हटाने को कहा,तो वे उसके साथ मारपीट करने लगे।यह घटना दोपहर में बच्चों की छुट्टी के समय हुई।पीआरडी जवान अनंत राम स्कूल के बाहर रास्ते को खाली करा रहे थे ताकि बच्चों को आने-जाने में कोई दिक्कत न हो।इसी दौरान,एक स्विफ्ट डिजायर कार अवध हॉस्पिटल के पास आकर खड़ी हुई,जिसे हटाने के लिए जवान ने कहा था।मामले को लेकर नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि वायरल सीसीटीवी फुटेज उनके संज्ञान में नहीं है।उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी कर पूरी जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए गी।विद्यालय प्रशासन से भी इसके बारे में जान कारी ली जा रही है।

## सीडीओ ने गगहा विकास खंड का किया औचक निरीक्षण

गोरखपुर। जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश पर जनपद में सुशासन एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) शाश्वत त्रिपुरारी ने शनिवार को विकासखंड गगहा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ) रजत गुप्ता कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए।सीडीओ ने बीडीओ की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया और साथ ही 25 अक्टूबर 2025 का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी का बिना सूचना के अनुपस्थित रहना शासन की प्राथमिक योजनाओं और जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण में बाधक है।निरीक्षण के दौरान सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी ने पाया कि कार्यालय में आने वाले ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान के लिए घंटों इंतजार कर रहे थे। बीडीओ की अनुपस्थिति के कारण आम जन की कई समस्याओं का निस्तारण नहीं हो सका। सीडीओ ने इसे शासन की मंशा के विपरीत बताते हुए कहा कि जनसुनवाई शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर गांव पहुंचे कृषि वैज्ञानिक

**कृषि वैज्ञानिकों ने बताया—पराली जलाने से घटती है उपज, मिट्टी होती है कमजोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत ग्राम मिर्ज़ापुर चहलवा, ब्लॉक नवाबगंज में किसानों के लिए धान पराली प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी. के. सिंह ने किसानों को धान की पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से न केवल पर्यावरण दूषित होता है, बल्कि भूमि की उर्वरता भी कम हो जाती है। डॉ. सिंह ने सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरो टिल, मल्चर जैसी आधुनिक कृषि मशीनों की जानकारी देते हुए कहा कि इनका प्रयोग कर किसान पराली का उचित प्रबंधन करते हुए समय पर गेहूं की बुवाई कर सकते हैं। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि पराली जलाने से खेतों में मौजूद केंचुए और लाभदायक सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे पूसा बायो-डी कंपोजर का प्रयोग कर पराली का जैविक अपघटन करें, जिससे खेत की उर्वरता बनी रहे। इस मौके पर केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. रेनू आर्या, प्रगतिशील किसान सतगुरु यादव व ग्राम मालदेई के अन्य किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए पराली न जलाने का संकल्प लिया।

# कचरा नहीं किसानों के लिए खजाना है पराली जलाने की जगह बनाएं जैविक खाद




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। कृषि कल्याण मल्टी स्टेट कॉपरेटिव सो सायटी की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया।इसमें चेयरमैन कुलदीप मिश्रा ने किसानों को पराली न जलाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खेतों में पराली जलाने की बजाए जैविक खाद बनाकर किसानों के लिए चेयरमैन कुलदीप मिश्रा मिसाल बन रहे हैं।किसानों को उनके पराली के बदले जैविक खाद तैयार करने के बारे में बता रहे हैं।खेतों में जलने वाले पराली से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है,इसको रोकने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही साथ शासन-प्रशासन द्वारा भारी भरकम खर्चा करके पूरे देश में सैटे लाइट से खेतों की निगरानी भी कराई जा रही है।इससे खेत की उर्वरक क्षमता बढ़ेगी और फसलों का उत्पादन भी बढ़ेगा।खेतों में पराली जलाने की बजाए घर पर ही जैविक खाद तैया र किया जा रहा है।मौके पर किसान राम निहोरे मिश्र,राम शरन मिश्रा,तिलक राम मिश्रा,श्रीपाल यादव रहे मौजूद।

# उंगली दिखाकर एसडीएम ने वकीलों को दी नसीहत, बोलीं-तमाशा नहीं चलेगा

**गुरुवार को वकीलों ने करनैलगंज तहसील परिसर में एसडीएम नेहा मिश्रा के सामने प्रदर्शन किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के करनैलगंज की उपजिलाधिकारीनेहा मिश्रा ने वकीलों को दी नसीहत उंगली दिखाते हुए कहा- हर चीज की एक सीमा होती है।अगर कोई अपनी हदें पार करेगा तो स्वीकार नहीं किया जाएगा। मेरे सामने आप लोगों की रणनीति नहीं चलेगी। तहसील को अड्डा बना रखा है। यह तमाशा आगे चलने वाला नहीं है। आए दिन अफसरों पर गलत काम करने के लिए दबाव बनाया जाता है।

यह नाटक अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल, गुरुवार को वकीलों ने करनैलगंज तहसील परिसर में एसडीएम नेहा मिश्रा के सामने प्रदर्शन किया। एसडीएम मुर्दाबाद के नारे लगाए और आरोप लगाया कि एसडीएम कोर्ट में बैठकर सुनवाई नहीं करतीं और वकीलों से ठीक से बात नहीं करतीं। प्रदर्शन के बीच नेहा मिश्रा अपने चैंबर से बाहर आईं और वकीलों के नारेबाजी को देखकर आग बबूला हो गई,इस दौरान उनकीवकीलों से हॉट-टॉक भी हुई।उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा के भड़कने के बाद वकील वहां से हट गए।

### उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा के बोल

उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने वकीलों से कहा कि आए दिन आप लोग माहौल खराब नहीं कर सकते है, यह बिल्कुल अन-डेमोक्रेटिक है। अगर आपको तहसील के किसी कर्मचारी या अधिकारी से समस्या है तो लिखित में शिकायत करिए, लेकिन आए दिन आप माहौल खराब नहीं कर सकते। हर दिन धरने बाजी और नारेबाजी करना गलत है। ऐसा करने से लोगों के बीच गलत संदेश जाता है। मैंने कभी नहीं कहा कि मैं कोर्ट में नहीं बैठूंगी। जब इन लोगों ने प्रस्ताव दिया कि कोर्ट नहीं चलेगा, तभी से मैं सुनवाई नहीं कर रही थी।

### कोर्ट में गाली गलौज का आरोप

उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने कहा - मैं बहुत दुख के साथ यह सब कह रही हूं कि इन लोगों ने हमारे कोर्ट में गाली-गलौज की, कार्यवाही में बाधा डाली।बार-बार एक गुट बनाकर कोर्ट का संचालन रुकवाया। इन लोगों ने तहसील और जिला प्रशासन दोनों के लिए बेहद असहज मा हौल पैदा कर दिया है,जिससे हम सभी परेशान हैं।000000000000000इनसे ट वकीलों पर मेंटल टार्चर का आरोप उप जिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने कहा कि ये लो ग अफसरों का मेंटल टॉर्चर करते हैं। चाहते हैं कि अधिकारी सरेंडर हो जाए।इन लोगों ने हद कि सीमा क्रॉस कर दी है,इसलिए मुझे बोलना पड़ा।तहसील में कोई भ्रष्टाचार व्याप्त नहीं है। यहां किसी के साथ गलत नहीं हुआ है।

### उपजिलाधिकारी की तानाशाही नहीं चलेगी

करनैलगंज बार एसोसिएशन के महामंत्री पवन शुक्ला ने कहा,' वकील उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा की कार्यप्रणाली से बेहद नाराज हैं। उप जिलाधिकारी नेहा मिश्रा यहां तानाशाही करने आई हैं, लेकिन यह यहां नहीं चलेगी।जब तक उनका ट्रांसफर नहीं होता,आंदोलन जारी रहेगा,तहसील अधिवक्ताओं का अड्डा नहीं, न्याय का केंद्र है।अगर उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा इसे ''अड्डा'' कहती हैं,तो यह आपत्तिजनक है।उप जिलाधिकारी ने सैकड़ों जमीन पैमाइश संबंधी फाइलों पर आदेश पारित नहीं किए हैं।

## वीएचपी ने गौमाताओं का पूजन कर मनाई गोपाष्टमी, किया हवन



शाहजहांपुर। विश्व हिंदू परिषद शाहजीपुर महानगर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गौ माता का पूजन व विधि विधान से हवन कर गोपाष्टमी कार्यक्रम किया। गोपाष्टमी के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने रंग फैक्ट्री रेती स्थित गौशाला में पहुंचकर गौ माताओं का विधि-विधान से पूजन किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ हवन-यज्ञ से किया गया। इसके बाद गौमाता को फल, मिष्ठान आदि खिलाया गया।कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर, विभाग मंत्री अशनील सिंह, प्रांत मिलन केंद्र प्रमुख हरीश प्रजापति, महानगर मंत्री धर्मेंद्र सिंह, महानगर संयोजक बजरंगदल हर्षित गुप्ता, मातृशक्ति नीरा श्रीवास्तव, रमेश कोरी, अरविंद वर्मा, राधेश्याम प्रजापति, ऋतुराज, अमन सक्सेना, श्याम, प्रवीन आदि कई लोग मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गोरखपुर में की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

**बोले—गोरखपुर चिकित्सा शिक्षा का प्रमुख केंद्र, बिहार में एनडीए बनाएगी पूर्ण बहुमत की सरकार**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक बृहस्पतिवार को गोरखपुर आगमन पर सर्किट हाउस में पहुंचे, जहां उन्होंने चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में जनपद के जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा, बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सहित विभागीय अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सक व संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।उपमुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान जिले के अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवा आपूर्ति, उपकरणों की स्थिति, भर्ती की व्यवस्था, चिकित्सकों की उपस्थिति तथा जनस्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता आमजन को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। प्रत्येक अस्पताल में मरीजों को दवाओं, जांच और आपात सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में पढ़ाई की गुणवत्ता और प्रशिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए, ताकि यहां से निकलने वाले चिकित्सक जनसेवा में उत्कृष्ट योगदान दे सकें।डिप्टी सीएम ने कहा कि गोरखपुर जनपद और पूरा मंडल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यहां न केवल बीआरडी मेडिकल कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थान हैं बल्कि आयुष्मान भारत, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जैसी योजनाओं में भी यह क्षेत्र अग्रणी है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को मॉडल स्वरूप देने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है।पत्रकारों द्वारा पूछे गए राजनीतिक सवालों का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारत की विरासत, संस्कृति और परंपराओं की कोई समझ नहीं है। उन्होंने छठ पर्व जैसे आस्था के महान पर्व पर जो बयान दिया है, वह निंदनीय है। बिहारवासी इस अपमान का जवाब मतदान से देंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में आगामी चुनाव में एनडीए गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगा, जबकि महागठबंधन पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुआ है। उत्तर प्रदेश की राजनीति पर बोलते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है।

# कूड़े के ढेर और नालियों के दुर्गंध से जनता परेशान

**मांसाहार के अवशेष, रसोई का सड़ा हुआ कचरा,प्लास्टिक और पॉलीथिन एक जगह जमा होकर कई घंटों तक यूं ही पड़े रहते है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पालिका परिषद की कई कॉलोनियों में लोग खुले में घरों का कूड़ा-कचरा सड़कों पर डाल रहे हैं।इससे न केवल वातावरण में दुर्गंध फैल रही है,बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।नगर पालिका की तमाम अपीलों और जागरूकता अभियानों के बाव जूद लोग आदतों में सुधार नहीं ला रहे हैं। परिणामस्वरूप सड़कें कचरे के ढेर में तब्दील होती जा रही हैं।

कूड़ा फैलाने का यह चलन दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। सुबह-सुबह गली-मोहल्लों में साफ-सफाई करने के बाद कई घरों से कचरे को सड़क किनारे यूं ही फेंक दिया जाता है। मांसाहार के अवशेष, रसोई का सड़ा हुआ कचरा,प्लास्टिक और पॉलीथिन एक जगह जमा होकर कई घंटों तक यूं ही पड़े रहते हैं। इससे क्षेत्र में दुर्गंध फैलती है।कुत्ते-बिल्ली तथा आवारा पशु कूड़े को खंगालकर चारों ओर फैला देते हैं।इन हालातों में राहगीरों का चलना भी मुश्किल हो जाता है।गोंडा नगर पालिका परिषद के लोगों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा लगाए गए कूड़ेदान अक्सर भरे रहते हैं या उनकी समय से सफाई नहीं होती है।ऐसी स्थि ति में लोग लापरवाही दिखाते हुए सड़क पर ही कचरा छोड़कर चले जाते हैं।इससे न सिर्फ स्व च्छता मिशन की हकीकत सामने आती है, बल्कि सरकारी दावों की पोल भी खुलती है।लोग बताते हैं कि पहले मोहल्लों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाता था,लेकिन अब बेप रवाही और जागरूकता की कमी की वजह से हालात बिगड़ चुके हैं नालों पर दुकान बन गया है,कुछ नालियों पर दुकानदारों ने कब्जा कर लि या है कई जगह पर तो नलिया कूड़े कचरे से प टा पड़ा हुआ है।वही चिकित्सकों के अनुसार, खुले में जमा कचरा मच्छरों और मक्खियों के पनपने का बड़ा कारण है। इनकी वजह से डेंगू, मलेरिया, डायरिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को भी विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।कई अभिभावकों का कहना है कि दूषित वातावरण के कारण बच्चों का बाहर खेलना भी असुरक्षित हो गया है। न्हें संक्रमण का खतरा लगातार बना रहता है। जैसे जैसे गोण्डा नगर पालिका परिषद क्षेत्र की आबादी बढ़ी यहां कूड़े के ढेर बढ़ते गए।

# केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री सम्मेलन में प्रतिभाग कर वितरित किए कुकर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत:गुरूवार को गांधी प्रेक्षागृह में बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित ऑगनबाड़ी कार्यकत्री सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार जितिन प्रसाद ने ऑगनबाड़ी कार्यकत्री सम्मेलन द्वारा विधान सभा सदर 127 के अन्तर्गत आने वाली परियोजना अमरिया, ललौरीखेडा, नगर पीलीभीत व आंशिक मरौरी की आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित कर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कुकर वितरण किया गया कार्यक्रम में जितिन प्रसाद के अतिरिक्त जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह मौजूद रहे इस दौरान जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह द्वारा ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियो को सरकार की प्राथमिकताओं और योजनाओं से रूबरू कराया, तदोपरान्त जितिन प्रसाद द्वारा मौजूद समस्त ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कुकर वितरण किया गया मंत्री द्वारा ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समस्या बताने से पहले ही स्वयं सभी समस्याओं के साथ उनके समाधान की ओर प्रयासरत्त होने की बात के साथ ही सरकार की उपब्धियों से सभा में मौजूद सभी लोगों अवगत कराया गया कार्यक्रम में मंच पर ऑगबनाड़ी कार्यकत्रियों को बुला कर अपने करकमलों से कुकर प्रदान किया गया। कुकर वितरण एवं कार्यकत्री सम्मेलन में परियोजना अमरिया से 180 ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियां, ललौरीखेड़ा से 174 ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियां, शहर से 131 व मरौरी से 29 कार्यकत्रियां मौजूद रहीं। इसके अतिरिक्त बाल विकास विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे इसके साथ मत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा रोटरी क्लब आफ पीलीभीत मातृशक्ति द्वारा गांधी स्टेडियम में नवनिर्मित रोटरी मातृशक्ति द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द,विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।








# सड़कों पर यात्रियों को लेकर दौड़ रहीं 50 फीसदी बसें अनफिट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।परिवहन विभाग यात्रियों की सुरक्षा को लेकर लंबे समय से लापरवाही बरत रहा है अधिकारी-कर्मचारी केवल अवैध वसूली में जुटे रहे जिम्मेदार अधिकारियों को सड़कों पर उतरकर यात्री बसों की जांच करने का समय ही नहीं था, जिसका फायदा बस संचालक उठा रहे थे यह आरोप नहीं, बल्कि इस बात की पुष्टि परिवहन विभाग ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कर रही है स्थिति यह है कि जिले में यात्रियों को लेकर सड़कों पर दौड़ रहीं लगभग 50 फीसदी बसें अनफिट हैं, तो वहीं करीब 10 प्रतिशत बसें बिना परमिट के भी चल रहीं हैं दरअसल 28 को राजस्थान के जयपुर में एक हादसा हुआ,जहां एक डबल डेकर बस हाइऐक्टिटेंसन लाइन की चपेट मे आने 10 लोग झुलस गये और पूरनपुर के शेरपुर के 2 लोगो की मौत हो गई हादसे में एक युवती की मौत भी हुई परिवहन विभाग की निष्क्रियता से आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस की गैरमौजूदगी के कारण बस ऑपरेटर मनमाने तरीके से नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं बिना फिटनेस और बिना परमिट के दौड़ रही ये बसें न केवल यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि सड़क हादसों की संभावना भी बढ़ा रही है सूत्रों के अनुसार, परिवहन विभाग के अमले ने पिछले छह महीने से यात्री बसों की जांच के लिए कोई अभियान नहीं चलाया है इस लापरवाही का फायदा बस ऑपरेटर उठा रहे हैं और सड़कों पर धड़ल्ले से अवैध रूप से बसें दौड़ रही हैं बिना फिटनेस प्रमाणपत्र और परमिट के संचालित बसों में सफर करना यात्रियों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है और हुआ है यात्रियों ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है और यह अब सवाल उठता है कि आखिर आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस इस गंभीर लापरवाही पर कब कार्रवाई करेगी क्या परिवहन विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाएगा या फिर अवैध बसों का संचालन यूं ही चलता रहेगा जनता को चाहिए कि वे इस विषय पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करें और जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही की मांग करें

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पूरनपुर पुलिस ने नए कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान 2.0 का आयोजन

पूरनपुर। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देश पर नए कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान 2.0ङ्कचलाया जा रहा है इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों द्वारा विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसी क्रम मे पूरनपुर पुलिस ने गुरु नानक इंटर कॉलेज और स्टेशन परिसर मौजूद छात्रों में एक कार्यक्रम आयोजित किया इसमें छात्रों, छात्राओं और शिक्षकों को तीन नए आपराधिक कानूनों–भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (उगट्टट्ट) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (उट्टइ)–पुराने कानूनों के मध्य अंतर, नई जोड़ी गई धाराओं, तथा विलोपित प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई इन आयोजनों में पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभागियों को नए कानूनों की प्रमुख विशेषताओं और उनके सामाजिक महत्व से अवगत कराया उन्होंने आम जनता और छात्र-छात्राओं को कानून की जानकारी प्राप्त कर समाज में कानूनी साक्षरता फैलाने के लिए प्रेरित किया पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को नए आपराधिक कानूनों से परिचित कराना और कानून के प्रति उनके विश्वास व जागरूकता को बढ़ाना है ।

# बारिश से धान और तिलहन की फसल बर्बाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



## खेतों में कटी और खड़ी फसलें हुईं खराब, किसान चिंतित

कादीपुर/सुल्तानपुर। आज सुबह से हो रही लगातार बारिश ने किसानों की धान और तिलहन की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। तैयार खड़ी और कटी हुई फसलें खेतों में बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसान गहरे संकट में हैं। किसानों के अनुसार, धान की फसलें पककर तैयार थीं। कुछ फसलें कटाई के बाद खेतों में पड़ी थीं, जबकि कुछ कटने के लिए तैयार थीं। लगातार बारिश के कारण जो फसलें कटकर पड़ी थीं, वे पूरी तरह खराब हो गईं, और जो खड़ी थीं, वे भी ज़मीन पर गिरकर बर्बाद हो गईं। धान के साथ-साथ तिलहन की फसलें भी बारिश की भेंट चढ़ गईं। किसानों ने कड़ी मेहनत से सूखे और रोगों से अपनी फसलों को बचाया था, लेकिन ऐन वक्त पर हुई इस बारिश ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फ़ेर दिया है।किसानों का कहना है कि कुछ दिन पहले वे खाद के लिए संघर्ष कर रहे थे, और अब उन्हें अपनी बर्बाद हो चुकी फसलें बचाने के लिए जूझना पड़ रहा है। इस दोहरी मार से वे बेहद परेशान हैं।

## पीलीभीत असम हाइवे पर भीषण सड़क हादसा केबिन काटकर निकाले गये शब तीन की मौत एक गम्भीर

पीलीभीत।पीलीभीत के गजरौला कलां के नजदीक मंगलवार रात तेज रफ्तार और लापरवाही से एक बड़ा सड़क हादसा हो गया ट्रक,पिकअप और डीसीएम की आपस में भिड़ंत हो गई इस भीषण हादसे में पिकअप सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलने पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी और एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचे पूरनपुर से पीलीभीत जा रही एक डीसीएम की टक्कर सामने से आ रही पिकअप और ट्रक से हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप में सवार लोग वाहन में फंस गए और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी, जो करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर शवों को बाहर निकाला मृतकों की पहचान चालक पंकज करीब (34वर्ष) पुत्र सन्त कुमार और गाड़ी मालिक राजेंद्र पुत्र रामलाल, निवासी रामनगर कॉलोनी, बंडा शाहजहांपुर के रूप में हुई है तीसरे मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है गंभीर रूप से घायल संदीप विश्वकर्मा को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है ।

# श्रीराम कथा में भरत महिमा का वर्णन सुन भाव विभोर हो गये श्रोता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




## श्रीराम कथा के आठवें दिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर पंकज सिंह के साथ कई विधायकों ने कथा का रसपान किया

## विधायक राकेश प्रताप सिंह ने भक्तों को रोली चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया

अमेठी । गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास मंगलम भवन पर चल रही श्रीराम कथा के अष्टम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने भरत चरित्र की कथा सुनाते हुये कहा कि ,''जग जप राम राम जप जेहि,'' अर्थात भगवान स्वयं भरत जी का स्मरण करते है मानस में भरत जी को अनेक लोगो ने महिमा मंडित किया है तीर्थराज प्रयाग ने कहा की भरत सब विधि साधु हैं।भगवान ने स्वयं कहा कि लखन भरत जैसा पवित्र भाई संसार मे नही मिल सकता।जनक जी ने सुनैना जी से कहा कि रानी भरत की महिमा राम जानते तो है परंतु वे भी बता नही सकते।भरत जी की साधना को बताते हुये कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि उनकी कठिन साधना को देखकर बड़े बड़े साधु संत भी उनके पास जाने में घबराते थे स्वयं वसिष्ठ जी भी जाने से कतराते थे। पिता की मृत्यु अवाम भगवान के वन गमन का समाचार मिलने पर भरत जी विह्वल हो गए और विलाप करने लगे माता कैकेई को बहुत बुरा भला कहा है सारी सभा को फटकार लगाई है कौशल्या जी के समझाने पर भरत जी शांत हुए है और सबको आश्वासन फ़िया है कि हम सबको भगवान से मिलाने ले चलेंगे और पूरी प्रजा भरत जी के साथ भगवान से मिलने चित्रकूट चली है भगवान से मिलन हुआ है भगवान के आदेश से उनकी पादुका सिरोधार्य कर भरत जी अयोध्या वापस आये है और उसी पादुका को सिंहासन पर रखकर अयोध्या के राजकाज को संभाला है इस कारुणिक प्रसंग को सुनकर सम्पूर्ण जनमानस श्रोतासमाज भाव विभोर हो गया सबकी अश्रुधार फुट पड़ी एवं सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रीराम कथा के आयोजक राकेश प्रताप सिंह ने भक्तों को रोली चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया। यजमान ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया।विधायक के बड़े भाई दिनेश प्रताप सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट किया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर पंकज सिंह,विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, कादीपुर के विधायक राजेश गौतम, मिल्कीपुर के विधायक चंद्र भानु पासवान, कुंदरकी विधायक के सुपुत्र बिरजानंद ठाकुर उर्फ विक्की ठाकुर, बीएसए संजय तिवारी,दीपक सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह,विपुल सिंह चौहान, अमन सिंह चौहान, मनीष सिंह,प्रदीप सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## नाले के पास मिली लावारिस नवजात बालिका

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना फुरसतगंज क्षेत्र के गांव चेतपुर मजरे पीढ़ी स्थित एक नाले के पास गुरुवार की सुबह पांच बजे एक नवजात बालिका मिली है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची चाइल्ड हेल्पलाइन और स्थानीय पुलिस ने बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गौरीगंज में एनआईसीयू वार्ड में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है।चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार की सुबह लगभग पांच बजे चेतपुर, पोस्ट पीढ़ी क्षेत्र के नाले के पास एक लावारिस नवजात शिशु मिलने की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन को श्री कृष्ण नामक व्यक्ति द्वारा दी गई। सूचना प्राप्त होते ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने तत्काल पुलिस के सहयोग से मौके पर पहुंचकर बच्ची को सुरक्षित निकाला। इसके बाद नवजात को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज ले जाया गया जहां डॉक्टरों की टीम ने प्रारंभिक चिकित्सा प्रदान करने के पश्चात बेहतर इलाज के लिये जिला अस्पताल गौरीगंज रेफर कर दिया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा नवजात बच्ची को जिला अस्पताल गौरीगंज के एनआईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार जारी है।

## गौरीगंज में सात दिवसीय प्रणवपुरी की श्रीराम कथा एक नवम्बर से शुरु होगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गौरीगंज से जामो रोड पर नवीन कलेक्ट्रेट भवन के पास स्थित पूरे नेमधर पण्डित में आगामी एक नवम्बर से श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। महामृत्युंजय मठ महाकाल लोक उज्जैन मध्य प्रदेश के पीठाधीश्वर स्वामी प्रणवपुरी जी महराज द्वारा श्रोताओं को श्रीराम कथा का रसपान कराया जायेगा। श्रीराम कथा के आयोजक एवं प्रेस क्लब अमेठी के जिलाध्यक्ष शीतला प्रसाद मिश्र ने बताया कि श्रीराम कथा एक नवम्बर दिन शनिवार को शुरू होगी और सात नवम्बर को कथा का विश्राम दिवस होगा। कथा प्रतिदिन दो बजे से पांच बजे तक होगी। एक नवम्बर शनिवार को कथा प्रारम्भ से पूर्व सुबह दस बजे कलश यात्रा निकलेगी जो कथा स्थल से निकल कर गौरीगंज नगर भ्रमण के उपरांत कथा स्थल पर वापस आयेगी। आयोजक शीतला प्रसाद मिश्र ने समस्त क्षेत्र वासियों को कलश यात्रा में शामिल होने व कथा सुनने के लिये आमंत्रित किया है।प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह आगामी एक नवम्बर को तीन बजे श्रीराम कथा श्रवण करने पहुंचेगे।

## प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी की जमानत खारिज

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अनुसूचित जाति के गरीब–असहायों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में अपर जिला जज प्रथम संतोष कुमार की अदालत ने जेल गए आरोपी तुलसीराम की जमानत अर्जी बुधवार को खारिज कर दी है। जयसिंहपुर थाने के अहिबरनपुर गांव के रहने वाले वादी सुरेंद्र यादव ने बीते 21 सितम्बर को स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के मुताबिक जयसिंहपुर थाने के सैती पुरुषोत्तमपुर निवासी आरोपी तुलसीराम बगिया चौराहे के पास स्थित अपने कपड़े की दुकान में गरीब–असहाय अनुसूचित वर्ग के लोगो को तरह–तरह के प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा रहे थे। मौके से कई किताबें भी बरामद की गई थी। मामले में आरोपी तुलसीराम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जिसकी जमानत पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने आरोपी को बेकसूर बताया। वहीं अभियोजन पक्ष से शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार दूबे ने आरोपी तुलसीराम के कृत्य को समाज के लिए घातक बताते हुए जमानत पर विरोध जाहिर किया। अदालत ने अपराध की गम्भीरता को देखते हुए आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

## पति निकला टहलने पड़ोसी युवक ने चाकू की नोक पर पत्नी साथ किया दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

पीलीभीतकैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत के गजरौला थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर विवाहिता से चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पीड़िता ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार रात करीब 10 बजे वह अपने बच्चों के साथ घर में सो रही थी, जबकि उसका पति किसी काम से बाहर गया था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक उसके घर में घुस आया। चाकू दिखाकर धमकाया और जबरन रेप किया विवाहिता के शोर मचाने की कोशिश करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच, पीड़िता का पति घर लौट आया। पति को देखते ही आरोपी भागने लगा, लेकिन पीड़िता के पति ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और तत्काल पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बलात्कार, घर में घुसपैठ और जान से मारने की धमकी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

# बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को नोटिस थमाते हुये मांगा स्पष्टीकरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**विद्यालय में उपस्थित बयालिस के बजाय एमडीएम में बहत्तर बच्चे मिले अंकित**

**प्रभारी प्रधानाध्यापक की शिक्षक डायरी आठ माह से अपूर्ण पाई गई**

अमेठी । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय सकतपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी करते हुये स्पष्टीकरण मांगा है।बीएसए का पत्र जारी होते ही महकमे में खलबली मच गई है। विकास क्षेत्र सिंहपुर के गांव सकतपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बीती ग्यारह अक्टूबर को नौ बजकर उन्नीस मिनट पर ताला लटक रहा था जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी और समाचार पत्रों में भी प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। बेसिक शिक्षा विभाग की हो रही किरकिरी पर बीएसए ने कड़ा रुख अख्तियार किया था। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने तेरह अक्टूबर को दो बजकर दो मिनट पर प्राथमिक विद्यालय सकतपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया तो दौरान निरीक्षण नामांकित अस्सी बच्चों के सापेक्ष बहत्तर छात्र उपस्थित पाये गये। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बीएसए को भेजी गई आख्या में लिखा है कि सोशल मीडिया पर वायरल फोटो में यह प्रदर्शित किया गया है कि ग्यारह अक्टूबर को नौ बजकर नौ मिनट पर विद्यालय बंद है जबकि प्रभारी प्रधानाध्यापक निर्देश पाल द्वारा पौने नौ बजे के हस्ताक्षर उपस्थित पंजिका पर किये गये है और इनकी शिक्षक डायरी बीती पांच फरवरी तक ही पूर्ण पायी गयी इससे यह प्रतीत होता है कि इनका पठन पाठन में कोई रूचि नही है।छात्र प्रवेश रजिस्टर भी अपूर्ण पाया गया इसमें छात्रों का प्रमोशन नही किया गया है और जन्मतिथि शब्दों में अंकित नही पायी गयी एवं पेजिंग भी नहीं पायी गयी। माता समूह, अभिभावक बैठक रजिस्टर, एवं एसएमसी बैठक रजिस्टर एक में बना पाया गया। जिससे यह प्रतीत होता है कि यह मात्र खानापूर्ति है बैठक भौतिक रूप से नहीं होती है। विद्यालय निरीक्षण के समय पर एमडीएम सैम्पल नही पाया गया जिससे भोजन की गुणवत्ता संदिग्ध है।निरीक्षण के समय एमडीएम पंजिका पर कुछ भी अंकित नही पाया गया। निरीक्षण के समय मात्र बयालिस छात्र उपस्थित पाये गये जबकि छात्रों की संख्या बहत्तर बतायी गयी। इससे यह प्रदर्शित होता है कि सम्बन्धित अध्यापक द्वारा सरकारी धन का बंदरबांट किया जाता है।विद्यालय में साफ सफाई नही पायी गयी और विद्यालय परिसर में बड़ी बड़ी घास उगी पायी गयी। इस सम्बंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने इस मामले की पुष्टि करते हुये बताया कि उक्त विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निर्देश पाल से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# भगवान के चरित्रों का स्मरण करना ही भक्ति है : हरिनारणाचार्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## सेमरौता में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

तिलोई अमेठी । क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन की कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास स्वामी हरिनारायणचार्य जी महाराज ने कहा कि सुदामा से भगवान श्रीकृष्ण ने मित्रता का धर्म निभाया। राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नही पर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि मेरे भक्त जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन था। जिसे देखने वाले अचंभित रह गए थे। आज मनुष्य को ऐसा ही आदर्श प्रस्तुत करना चाहिये।उन्होंने कहा कि कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां हैं। यही कारण है कि आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से पूछत दीनदयाल के धाम, बतावत आपन नाम सुदामा, सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गये। लोग समझ नहीं पाये कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कृष्ण सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।उन्होंने आगे कहा कि श्रद्धा के बिना भक्ति नहीं होती तथा विशुद्ध हृदय में ही भागवत टिकती है। भगवान के चरित्रों का स्मरण, श्रवण करके उनके गुण, यश का कीर्तन, अर्चन, प्रणाम करना, अपने को भगवान का दास समझना, उनको सखा मानना तथा भगवान के चरणों में सर्वश्व समर्पण करके अपने अन्तःकरण में प्रेमपूर्वक अनुसंधान करना ही भक्ति है। श्रीमद भागवत कथा में यजमान जयंत मिश्रा अर्चना मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन कर कथावाचक से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है।इस मौके पर ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, भवानी दत्त दीक्षित, राम कृष्ण भारती,दलजीत सिंह, पंकज अवस्थी, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, सौरभ अवस्थी,प्रवेश शुक्ला, विनीत कुमार मिश्रा, अजय मिश्रा, अशोक कुमार,विजय मिश्रा, घनश्याम तिवारी, अनुराग शुक्ला, राज कुमार पाण्डेय, रोहित अवस्थी, जगदीश त्रिवेदी सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## फसल अवशेष प्रबंधन हेतु चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम उपस्थित रहे कई किसान

पीलीभीत। कृषि विज्ञान केंद्र पीलीभीत द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन हेतु ग्राम पंचायत पिपरिया अगरु में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. एस. एस. ढाका ने किसानों को बताया कि धान की फसल काटने के बाद जो अवशेष खेत बच जाते हैं।उन्हें जलाना नहीं चाहिए, इसके जलाने से वातावरण का दूषित होता है। साथ ही साथ भूमि की उपरी सतह में उपस्थित लाभकारी जीवाणु भी जलकर नष्ट हो जाते है। फसल अवशेष को खेत में ही मिला देने से भूमि के जीवांश कार्बन की मात्रा में वृद्धि होती है। जिस की भूमि की उर्वरक शक्ति बढ़ती है एवं उत्पादन अधिक लिया जा सकता है।डा. ढाका ने इस बात पर भी बल दिया है। कि फसल अवशेष खेत मिमला देने से कृषक के खाद पर होने वाले खर्च में 2500 रुपए प्रति हेक्टेयर तक बचत होती है। डॉ. ढाका ने फसल अवशेष को भूमि मिलाने वाले अत्याधुनिक कृषि यंत्रों जैसे कि रोटरी सिलेसर, प्ले, हैप्पी सीडर,आदि के बारे में जानकारी दी है।

# बिजली, खाद संकट और फसल मुआवजे की मांगों पर सीपीआई (एम) ने किया प्रर्दशन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिला सचिव राधेश्याम वर्मा के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को जिलाधिकारी को संबोधित एक मांग पत्र सौंपा गया। इस ज्ञापन में बिजली, खाद संकट, आवारा पशुओं की समस्या और फसल मुआवजे सहित कई मुद्दों के निस्तारण की मांग की गई। पार्टी ने बिजली से संबंधित कई समस्याओं को उजागर किया। सिरवारा गांव में पांच साल से खंभे लगे होने के बावजूद तार नहीं लगाए गए हैं। वहीं, कूरेभार ब्लॉक के किठावां ग्राम सभा की दलित बस्ती में खंभे नदारद हैं और बिजली के तार पेड़ों पर लटकाए गए हैं। सीपीआई (एम) ने सिरवारा में तत्काल बिजली के तार लगवाने और किठावां में तीन खंभे लगाने की मांग की। स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली उपभोक्ताओं के बिल डेढ़ से दो गुना बढ़ गए हैं, जिससे वे परेशान हैं। इसके अलावा, फर्जी बिजली बिल भेजकर भी उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रही हैं। खरसोमा तेलिया का पुरवा में 16 केवी के ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर 25 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की गई। अमउ जासरपुर गांव में ट्रांसफॉर्मर बदलने के आदेश के बावजूद अब तक उसे बदला नहीं गया है, जिसे तत्काल बदलने की मांग की गई। जनपद में यूरिया की तरह ही डीएपी खाद का भी गंभीर संकट बना हुआ है। समिति केंद्रों पर अभी तक केवल एक बार ही डीएपी का वितरण हो पाया है, वह भी सभी समितियों पर नहीं। किसानों को खाद के साथ ऊर्जा से जुड़े उत्पाद और नैनो डीएपी के इस्तेमाल के लिए बाध्य किया जा रहा है। बेमौसम बरसात से किसानों की धान की फसल बर्बाद हो चुकी है, जिससे उनकी लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। पार्टी ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में समय पर डीएपी उपलब्ध कराने, खाद वितरण व्यवस्था को सुगम बनाने और खाद की बोरियों के साथ ऊर्जा उत्पादों या नैनो डीएपी की अनिवार्यता खत्म करने की मांग की। इसके अतिरिक्त, बेमौसम बरसात से हुई फसल बर्बादी का मुआवजा देने और फसल बीमा योजना में किसानों को एक इकाई मानकर बीमा की रकम दिलाने की मांग भी की गई। धनपतगंज ब्लॉक के अमउ जासरपुर, धर्मदासपुर और जज्जौर को मिलाकर एक सहकारी खाद समिति की स्थापना की जाए, ताकि किसानों को आसानी से खाद-बीज उपलब्ध हो सके। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि आवारा पशुओं, नीलगायों, जंगली सूअरों और बंदरों के कारण किसानों की फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने गौशालाओं की संख्या बढ़ाने, नीलगायों की आबादी नियंत्रित करने और जंगली सूअरों व बंदरों की संख्या पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।इसके अतिरिक्त, इस्माइलपुर ग्राम सभा के कूरेभार ब्लॉक में साधीभारी मंदिर से बिसेना तक के संपर्क मार्ग पर मिट्टी और खड़ंजे का काम अधूरा पड़ा है। इस संबंध में इड्ड्करी ग्रामसभा में हुई किसान पंचायत के दौरान खंड विकास अधिकारी (।क्) कूरेभार को एक मांग पत्र सौंपा गया था, जिन्होंने जांच का आश्वासन दिया था।

## सम्पादकीय

# कसौटी पर एसआईआर

उम्मीद के अनुरूप चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के दूसरे चरण की विधिवत शुरुआत कर दी है। इस चरण में देश के नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के तकरीब 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिये केवल तीन माह का समय दिया है। लेकिन एक बात तो तय है कि बिहार में एसआईआर पर लंबे समय से चले विवादों के मद्देनजर, इस प्रक्रिया को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। खासकर उन राज्यों में जहां विपक्षी दल शासित सरकारें हैं। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु व महाराष्ट्र से ऐसी प्रतिक्रिया आनी भी शुरू हो गई है। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी लोकतंत्र में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिये जरूरी है कि पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में निश्चित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। वहीं अयोग्य मतदाता को हटाना सुनिश्चित करने के उद्देश्य को लेकर कोई विवाद नहीं माना जा सकता। बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान विपक्षी दलों की तीखी प्रतिक्रिया के मद्देनजर पूरी प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही तत्काल सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इस बाबत मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि आगामी एसआईआर का लक्ष्य मतदाता सूचियों की लंबे समय से लंबित राष्ट्रव्यापी सफाई करना है। ऐसे व्यापक संशोधन देश में समय-समय पर हुए हैं और पिछला संशोधन दो दशक पहले हुआ था। जाहिर बात है कि इस लंबे अंतराल के दौरान मतदाता सूचियों में कई विसंगतियां और त्रुटियां उत्पन्न हो गई होंगी। आयोग ने उदाहरण देते हुए कहा है कि प्रशांत किशोर बिहार के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में भी मतदाता के रूप में सूचीबद्ध हैं। देश में निष्पक्ष चुनाव के लिये इन सूचियों का प्रमाणीकरण अपेक्षित है। लेकिन इसके बावजूद विपक्ष दलों की आशंकाओं की अनदेखी भी नहीं की जानी चाहिए। साथ ही लोगों में लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया के प्रति उत्साह बना रहना भी जरूरी है। दरअसल, कांग्रेस, माकपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों को आशंका है कि एसआईआर का इस्तेमाल अवैध मतदाताओं की पहचान की आड़ में लक्षित वास्तविक मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने के लिये हो सकता है। वैसे बिहार में हुई कवायद के बाद ज्ञात नहीं है कि यह प्रक्रिया कितने अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने में सफल रही है। निस्संदेह, चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा उचित प्रक्रिया-परिश्रम और जनता के विश्वास पर ही टिकी है। निर्विवाद रूप से देश में चुनाव कराने वाली शीर्ष संवैधानिक संस्था की ईमानदारी और निष्पक्षता दोषमुक्त होनी ही चाहिए। चुनाव आयोग को व्यापक सत्यापन, इस प्रक्रिया से जुड़े तमाम हितधारकों के साथ विमर्श और वास्तविक मतदाताओं के मताधिकार को अक्षुण्ण बनाने हेतु एक ठोस निवारण तंत्र विकसित करने की जरूरत है। विपक्षी दलों द्वारा वोट चोरी और अन्य अनियमितताओं के कथित आरोपों का खंडन ठोस सबूतों के साथ किया जाना चाहिए। ताकि जनता में इस प्रक्रिया को लेकर भरोसा कायम रह सके। वैसे एसआईआर के दूसरे चरण का सकारात्मक पक्ष यह जरूर है कि आयोग ने प्रक्रिया के लिये पर्याप्त समय दिया है ताकि बिहार जैसी जल्दबाजी और अफरातफरी के आक्षेपों से बचा जा सके। निश्चित रूप से आधार कार्ड को सहायक दस्तावेज के रूप में मान्यता देने का लाभ प्रक्रिया के सरलीकरण में मिलेगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान सामने आई चुनौतियां इस दूसरे चरण की प्रक्रिया में मार्गदर्शक का कार्य करेंगी। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि दूसरे चरण में शामिल राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के लोगों को वैसी परेशानी का सामना न करना पड़े, जैसी कि बिहार के लोगों में सामने आई थी। लेकिन इसके साथ यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि योग्य मतदाता न छूटे और कोई फर्जी मतदाता लिस्ट में शामिल न होने पाए। यहां उल्लेखनीय है कि जिन राज्यों में दूसरे चरण के दौरान मतदाता सूचियों को गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया से गुजरना है, उनमें से कुछ में अगले साल चुनाव होने हैं। इनमें पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु व पुडुचेरी शामिल हैं।

# सशक्त भारत के वास्तुकार सरदार वल्लभभाई पटेल

**सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर विशेष**

**सरदार पटेल राजनीतिक स्वतंत्रता को पर्याप्त नहीं मानते थे। वे स्वतंत्रता के साथ हुए अखंड भारत के विभाजन के घाव से दुखी थे। वे कहते हैं'' एक बड़ी लम्बी लड़ाई के बाद देश को आजादी मिली। पर यह वैसी स्वतंत्रता नहीं है जैसी हम सब चाहते थे। यह वह स्वतंत्रता भी नहीं थी जैसी इसे देने वाले, हम लोगों के बापू, चाहते थे और हमारी अपनी गलती से हमने उनको खो दिया। अब उनके जाने के बाद हमें व्रत लेना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि वह स्वतंत्रता मिले जो वह हमारे लिए चाहते थे। यह वह समय था जब भारत के दो खंड थेः एक अंग्रेजी राज वाला और दूसरा राजाओं, रजवाड़ों और रियासतों वाला। अपने अथक प्रयास से सरदार पटेल ने 565 रियासतों का भारतीय संघ में शांतिपूर्ण विलय कराया। भारत के राजनैतिक एकीकरण का यह अनोखा प्रयोग था। 'लौह पुरुष' सरदार पटेल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से आयु में 6 वर्ष छोटे और नेहरू जी से 10 वर्ष बड़े थे । भारत को 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों के चंगुल से आजादी मिली थी। पाँच महीने बाद 30 जनवरी 1948 को गांधीजी का देहांत हुआ था।**

सरदार पटेल स्वतंत्र भारत की मूर्त संकल्पना के अप्रतिम वास्तुकार थे। अंग्रेज़ी राज के विरुद्ध राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में देश के एक सच्चे सिपाही के रूप में वे समर्पित भाव से कार्य करते रहे। खेड़ा और बारडोली के सफल जन आंदोलनों का नेतृत्व करने के बाद देशभर में वे 'सरदार' के रूप में प्रसिद्ध हो गए। सभी लोग इनके नेतृत्व और संगठन की सूझबूझ और क्षमता के क़ायल हो गए थे। वे शीघ्र ही भारतीय राष्ट्रीय कंाग्रेस के एक प्रमुख नेता बने और आजाद भारत के आरंभिक वर्षों में देश के उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना मंत्री आदि के रूप में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाईं थीं। सरदार पटेल राजनीतिक स्वतंत्रता को पर्याप्त नहीं मानते थे। वे स्वतंत्रता के साथ हुए अखंड भारत के विभाजन के घाव से दुखी थे। वे कहते हैं'' एक बड़ी लम्बी लड़ाई के बाद देश को आजादी मिली। पर यह वैसी स्वतंत्रता नहीं है जैसी हम सब चाहते थे। यह वह स्वतंत्रता भी नहीं थी जैसी इसे देने वाले, हम लोगों के बापू, चाहते थे और हमारी अपनी गलती से हमने उनको खो दिया। अब उनके जाने के बाद हमें व्रत लेना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि वह स्वतंत्रता मिले जो वह हमारे लिए चाहते थे। यह वह समय था जब भारत के दो खंड थेः एक अंग्रेजी राज वाला और दूसरा राजाओं, रजवाड़ों और रियासतों वाला। अपने अथक प्रयास से सरदार पटेल ने 565 रियासतों का भारतीय संघ में शांतिपूर्ण विलय कराया। भारत के राजनैतिक एकीकरण का यह अनोखा प्रयोग था। 'लौह पुरुष' सरदार पटेल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से आयु में 6 वर्ष छोटे और नेहरू जी से 10 वर्ष बड़े थे । भारत को 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों के चंगुल से आजादी मिली थी। पाँच महीने बाद 30 जनवरी 1948 को गांधीजी का देहांत हुआ था। उसके दो वर्ष बाद सरदार पटेल 15 दिसम्बर 1950 को स्वर्गवासी हुए थे। आधुनिक भारत को गढ़ने में उनकी अविस्मरणीय भूमिका थी। उन्होंने देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखते हुए एक समर्थ भारत की नींव रखी। देश भक्ति, संयम और दृढ़ता की मिसाल बने सरदार आधुनिक भारत के निर्माण की धुरी बन गए। गांधीजी ने यदि स्वतंत्रता आंदोलन को दिशा दी तो सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के परिणाम को भौतिक जामा पहनाया। राष्ट्र निर्माण पर विचार करते हुए सरदार पटेल प्रत्येक नागरिक के लिए श्रम और समर्पण को आवश्यक मानते थे । समाज की समावेशी दृष्टि रखते हुए वे अल्पमत और बहुमत की जगह सर्वमत पर बल देते थे। वे राष्ट्र के रूप में भारत और उसके नागरिकों के बीच परस्पर पोषक और पोषित होने के भाव की परिकल्पना करते थे। स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों के प्रति उनका अविचल समर्पण था। उन्होंने पुरानी इंडियन सिविल सर्विसेज़ की जगह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइ ए एस) का गठन कर प्रशासन को एक सबल आधार दिया। वे कम खर्च, अधिक बचत और निवेश की नीति को भी प्रोत्साहित कर रहे थे और उदारतापूर्वक औद्योगिकीकरण का भी समर्थन कर रहे थे। देश के वे आर्थिक सुधार जो बाद में 1990 के दशक में देश में आए वे सरदार पटेल की नज़रों में 1950 में ही आ चुके थे। अन्यान्य कारणों से तब वैसा न हो सका था। सरदार पटेल मानते थे कि राष्ट्र का स्वरूप उसके नागरिकों पर निर्भर करता है। इसी कारण भारत के नागरिकों को उनकी भूमिका के लिए सचेत करते हुए वे नागरिक कर्तव्यबोध को जगाने के लिए वे कहते थे कि हमें एक दुर्लभ अवसर मिला है कि हम अपने देश को अपने रुचि और ढंग से बना सकें। वे केवल यांत्रिक स्तर पर राष्ट्र-निर्माण का आह्वान नहीं कर रहे थे, बल्कि राष्ट्र को अपनी अस्मिता का अभिन्न अंग मानते हुए उसके समग्र विकास को सामने लाते हैं। इस समग्र विकास में उन्होंने देश की एकता को सर्वोपरि माना। वे मानते थे कि एक मजबूत भारत को बनाने के लिए एकता और शांति सबसे पहली जरूरत है। यदि देश में एकता न हो, तो निश्चय ही उसका पतन होगा। इसलिए हमें अपने मतभेदों को सुलझाना होगा और इस तरह बर्ताव करना होगा कि देश में पूरा सामंजस्य और अमन-चैन हो तथा शांति बनी रहे। सरदार पटेल की कल्पना के भारत में एकता और शांति बाहर से थोपे और जबरन शक्ति से नियंत्रित होने वाले तत्व नहीं है बल्कि वे भारत के निर्माता नागरिकों की स्वभावगत विशेषताएं हैं। जब इन विशेषताओं को हर नागरिक मनो-सामाजिक स्तर पर भारत से जोड़ कर देखेगा तो वह इनके आलोक में आत्मानुशासित होगा। इस आत्मानुशासन के कारण उसकी अधीरता नियंत्रित होगी। सरदार चेताते हैं कि एकता के लिए हमको जाति और धर्म के भेद-भाव को भूलना होगा और यह याद रखना होगा कि हम सब भारतीय हैं और सभी बराबर हैं। एक स्वतंत्र देश में एक-दूसरे के बीच कोई भेद नहीं हो सकता। सभी के पास समान अवसर, समान अधिकार और समान उत्तरदायित्व होना चाहिए। इसे अभ्यास या व्यवहार में उतार पाना कठिन है परंतु हमें इस लक्ष्य को पाने की दिशा में सदैव कार्य करते रहना होगा। सरदार पटेल के अनुसार राष्ट्रीय एकता ही भारत को सामर्थ्यवान बना सकेगी। एकता को सदा पोषित करना होगा। इसके लिए वे 'नागरिकों' को लघु अस्मिता के दायरे से उठने का आह्वान भी करते हैं। उन्हें यह मालूम था कि आने वाले दिनों में राष्ट्रहित और लघु समूहों के हितों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है। इसी कारण वे इनके बीच सामंजस्य के लिए गांधीजी के आदर्श साधनों को लोकजीवन में अपनाने की पैरवी करते हैं। भारत के विभाजन को लेकर सरदार पटेल की राय थी कि तत्कालीन परिस्थितियों में वही एकमात्र समुचित विकल्प बचा था ल्यह ठीक ही हुआ कि सारी बुराइयों के बावजूद हम विभाजन पर सहमत हो गए। विभाजन को स्वीकार करने को लेकर मैंने कभी पछतावा नहीं किया। एक साल के संयुक्त सरकार चलाने के अनुभव से जब हम विभाजन से सहमत नहीं थे, मुझे यह ज्ञात हुआ कि यदि हम सहमत न होते तो बड़ी भारी गलती हुई होती और पछतावा होता। इसका परिणाम दो टुकड़ों में नहीं वरन देश कई टुकड़ों में हम सबका विभाजन से सहमत होना देश की भलाई में था।'' पटेल की इस स्वीकारोक्ति में एक तरह की भविष्य की इबारत लिखी थी। वे आगे की स्थिति की संकल्पना कर रहे थे। उनकी दृष्टि में आंतरिक शांति और एकता दोनों ही अपरिहार्य थे। वे विभाजनकारी शक्तियों के समूल नाश के लिए स्वयं प्रतिबद्ध थे और सबसे अपेक्षा भी करते थे। यह प्रतिबद्धता ही भारत की उनकी परिकल्पना का अद्वितीय पक्ष है जिसके लिए राष्ट्रबोध सदैव बना रहना चाहिए। सरदार पटेल राष्ट्रबोध को साकार करने का आह्वान करते हैं। वे राज्य की व्यवस्थाओं के भीतर विद्यमान जड़ताओं से मुक्ति को भी आवश्यक मानते हैं। राज्य अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सके, इसके लिए राज्य के तंत्रों को भी अपनी मनःस्थिति और कार्यसंस्कृति को बदलना होगा। सरदार पटेल सूक्ष्म स्तर पर अपने स्वार्थ को साध रहे समूहों को चिन्हित करते हैं और उनको सचेत करते हैं कि जिस प्रतिरोध को वे अपने हित का माध्यम मान रहे हैं, उससे कहीं न कहीं उनका भी नुकसान हो रहा है। वे राजनीति द्वारा आर्थिक हितों को साधने की प्रवृत्ति को भी प्रश्नांकित करते हैं। उनके अनुसार राजनीतिक और आर्थिक हितों के नाम पर लोकतंत्रात्मक मूल्यों की अनदेखी से व्यवस्था की अवनति होगी। सरदार पटेल ने देश के प्रत्येक समूह को राष्ट्रनिर्माण के लिए आमंत्रित किया। किसान, उद्योगपति, व्यापारी, विद्यार्थी सभी से वे खुला संवाद करते हुए उनके मन में भविष्य के भारत की परिकल्पना करते थे। वे तत्कालीन परिस्थितियों में आमजन की उदासीनता को दूर करने के लिए राज्य के उस स्वरूप को आगे रखते थे जहां राज्य शक्ति से संचालित न होकर नागरिकों के शक्तिपुंज से संचालित था। भारतीय लोक मानस में आज भी सरदार पटेल की दृढ़ता, देश के प्रति निःस्वार्थ अनुराग और स्वतंत्रता के प्रति आग्रह की उज्ज्वल छवि एक मिसाल के रूप में अंकित हैं। त्याग और समर्पण के साथ उनके द्वारा एक समर्थ भारत की आधारशिला रखी गई। समता, समानता और स्वतंत्रता इस अभिनव संकल्पना के मूल तत्व थे । यह स्वतंत्रता अक्षत बनी रहे इसके लिए सतर्कता, तैयारी और सामर्थ्य की सदैव अपेक्षा रहेगी। एक आदर्श नेतृत्व द्वारा सरदार पटेल ने दृढ़ता और समर्पण के साथ सक्रिय और संवेदनयुक्त शासन का उदाहरण प्रस्तुत किया था । अमृत काल के संकल्पों लिए भी राष्ट्र की अखंडता को अपने छोटे स्वार्थों से ऊपर रखते हुए समर्पण और राष्ट्र जागरण आज भी आवश्यक है। आज सत्ता के प्रयोजन और देश के प्रति दायित्व प्रश्नांकित होने लगे हैं। एक आख्यान गढ़ने, सब्ज़बाग़ दिखा कर फ़ौरी तौर पर जनता को रिझाने की कोशिश होती है। आज पार्टी कोई भी हो सत्ता हासिल करना और सत्ता पर क़ाबिज़ हो कर उस पर अधिकार ज़माना ही राजनीति का अकेला प्रयोजन हो चुका है। नैतिकता और नियत कर्तव्य से मुंह मोड़ कर लोग स्वार्थ, लोभ और मुफ़्तख़ोरी का आश्रय ले रहे हैं। स्वच्छ्न्द होकर अपने लिए अधिकाधिक छूट की गुंजाइश बनाने में लग रहे हैं। ऐसे में सरदार पटेल की स्मृति आश्वस्त करती है कि देश-निर्माण जैसे बड़े लक्ष्य धैर्य, संयम, दृढ़ता और साहस से ही साधे जा सकते हैं। इसके लिए सरदार जैसी देश के प्रति निष्ठा और संलग्नता जरूरी होगी। **–गिरीश्वर मिश्र**

# जागरुकता और कानून सख्ती से ही रुकेंगी ऑनर किलिंग

**योगेंद्र योगी**

गुरुग्राम में पिता दीपक यादव ने परिवार की इज्जत बचाने के लिए अपनी बेटी पूर्व टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गोली मार कर हत्या की थी। पिता और बेटी के बीच लंबे समय से तनाव और विवाद चल रहा था। चार्जशीट में आरोपी पिता दीपक ने बताया कि उसके गांव के लोग उसे टोकते थे कि तुम बेटी की कमाई खा रहे हो। बेटी के चरित्र पर भी उंगली उठाते थे। इससे उनके सम्मान को ठेस पहुंचती थी। इसलिए बेटी की हत्या कर दी। अभी तक यही माना जाता रहा है कि ऑनर किलिंग के ज्यादातर मामले गरीब और पिछड़ेपन के कारण ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में ही होते हैं, किन्तु गुरुग्राम में हुई इस घटना ने साबित कर दिया कि कुछ हद तक यह मानसिकता शिक्षित लोगों के बीच शहरों में भी व्याप्त है। देश एक तरफ जहां अर्थव्यवस्था सहित दूसरे क्षेत्रों में छलांग लगा रहा है, वहीं आदिमयुगीन इस तरह की वारदात से भारत की छवि कलंकित हो रही है। दिल्ली की पत्रकार निरुपमा पाठक की मौत के साथ ऑनर किलिंग का मुद्दा सुर्खियों में आया था। आरोप था कि परिवार ने उसे इसलिए मार डाला क्योंकि वह गर्भवती थीं और अपनी जाति के बाहर के व्यक्ति से शादी करने की योजना बना रही थीं। इसके बाद राजधानी में संदिग्ध ऑनर किलिंग के दो और मामले सामने आए। हालांकि राजधानी में ऑनर किलिंग की घटनाएं दुर्लभ हैं, लेकिन भारत के उत्तरी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं आम हैं। ऑनर किलिंग के पीछे मूल कारण यह विचार है कि परिवार का सम्मान महिला की पवित्रता से जुड़ा होता है। ऑनर किलिंग के कई कारण हो सकते हैं, जैसे वैवाहिक बेवफाई, विवाह से पहले यौन संबंध, अनुचित संबंध, तय शादी से इनकार करना या यहां तक कि बलात्कार भी। भारत में ऑनर किलिंग तब होती है जब कोई जोड़ा अपनी जाति या धर्म के बाहर शादी करता है । करनाल की एक सत्र अदालत ने एक खाप पंचायत के आदेश के विरुद्ध विवाह करने वाले एक युवा जोड़े की हत्या के लिए पाँच लोगों को पहली बार मृत्युदंड सुनाया। अदालत ने खाप पंचायत के उस सदस्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जिसने विवाह को अमान्य घोषित कर दिया था और जो हत्या के समय मौजूद था। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और आठ राज्यों को नोटिस जारी कर ऑनर किलिंग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों की व्याख्या करने को कहा था। सरकार ने सतर्क रुख अपनाते हुए तत्कालीन कानून मंत्री एम. वीरप्पा मोइली के भारतीय दंड संहिता में संशोधन और खाप पंचायतों (जाति-आधारित संविधानेतर संस्थाएँ) पर लगाम लगाने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। केंद्र सरकार ने राज्यों से परामर्श करने और ऑनर किलिंग को एक सामाजिक बुराई मानने वाले एक विशेष कानून को लागू करने की संभावनाओं पर विचार करने के लिए एक मंत्रिसमूह गठित करने का निर्णय लिया था। तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र और केरल जैसे राज्यों में, जहाँ दलित समुदायों का अपेक्षाकृत अधिक सशक्तिकरण हुआ है, अंतर्जातीय विवाहों की दर भी अधिक दर्ज की गई है। भारत मानव विकास सर्वेक्षण द्वितीय के अनुसार, अंतर्जातीय विवाहों की राष्ट्रीय दर लगभग 5% है, लेकिन सशक्त दलित आबादी वाले राज्यों में यह दर अधिक है। विडंबना यह है कि इन्हीं राज्यों में ऑनर किलिंग की घटनाएँ भी बढ़ी हैं। यह विरोधाभास एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करता है। ऑनर किलिंग वहाँ नहीं होती जहाँ जातिवाद सबसे ज़्यादा प्रबल होता है, बल्कि वहाँ होती है जहाँ यह सबसे ज़्यादा ख़तरे में है। जिन राज्यों में उत्पीड़ित लोग अभी भी अपनी ''यथास्थिति'' बनाए हुए हैं, वहाँ हिंसा कम होती है, इसलिए नहीं कि जातिवाद मौजूद नहीं है, बल्कि इसलिए कि इसे चुनौती नहीं दी जाती। संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न रिपोर्टों में ऑनर किलिंग को विश्व में एक गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन बताया गया है, जो कि लैंगिक असमानता और पुरुष प्रधान समाजों में गहराई से निहित है। रिपोर्टों के अनुमान के अनुसार, हर साल दुनिया भर में लगभग 5,000 ऑनर किलिंग होती हैं, जिनमें 20% मामले भारत में होते हैं, हालाँकि सटीक आंकड़े अज्ञात हैं क्योंकि सभी देश आधिकारिक डेटा नहीं रखते हैं। ये रिपोर्टें बताती हैं कि यह सिर्फ़ भारत की ही नहीं, बल्कि मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और यूरोप के देशों सहित अन्य क्षेत्रों की भी एक वैश्विक समस्या है। यह समस्या मुख्य रूप से मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्रों में व्यापक है, लेकिन बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, इक्वाडोर, मिस्र, भारत, ईरान, इराक, इटली, मोरक्को, पाकिस्तान, स्वीडन, सीरिया, तुर्की, युगांडा, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विभिन्न देशों में भी होती है।

## सेहत मंत्र

# मुंह की बदबू से लेकर मसूड़ों की सूजन तक अमरूद के पत्तों में छिपा है हर समस्या का राज

आज के समय में अधिकतर लोगों को ओरल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसकी वजह से कई लोग परेशान रहते हैं। हालांकि इस समस्या से राहत पाने के लिए आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों में से एक और औषधीय गुणों से भरपूर अमरूद के पत्ते लाभकारी माने जाते हैं। आज के समय में अधिकतर लोगों को छाले, मसूड़ों में सूजन, दांतों में दर्द और मसूड़ों से खून आने जैसी ओरल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसकी वजह से कई लोग परेशान रहते हैं। हालांकि इस समस्या से राहत पाने के लिए आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों में से एक और औषधीय गुणों से भरपूर अमरूद के पत्ते लाभकारी माने जाते हैं। अमरूद के पत्तों से बने माउथ वॉश का इस्तेमाल करने से मुंह की कई समस्याओं से राहत मिल सकती है। बता दें कि अमरूद के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुए पाए जाते हैं। जोकि मुंह के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ओरल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं से राहत के लिए अमरूद के पत्तों से माउथ वॉश कैसे बनाएं और इससे क्या फायदे मिलते हैं। इसके लिए एक गिलास पानी में 4-5 अमरूद के पत्ते, 1/4 छोटी चम्मच नमक और 2-3 लौंग डालकर इसको तब तक उबालें, जब तक पानी आधा न रह जाए। फिर इसमें 1 चम्मच नारियल का तेल मिला दें। अब इस माउथ वॉश से कुल्ला करें। एक्सपर्ट के मुताबिक अमरूद के पत्तों में कई तरह के औधषीय गुण पाए जाते हैं। इसके पत्तों का माउथवॉश का इस्तेमाल करने से मुंह का स्वास्थ्य दुरुस्त होने के साथ कई स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। अमरूद के पत्तों और लौंग में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इस माउथ वॉश का इस्तेमाल करने से बैक्टीरिया खत्म होती है और मुंह की बदबू से भी राहत मिलती है। इसका इस्तेमाल करने से फ्रेश फील होता है।

## धर्म मंत्र

# दतिया की पीतांबरा पीठ सहित 3 बगलामुखी मंदिर, दर्शन से दूर होते हैं सारे कष्ट

भारत की आध्यात्मिक धरा पर कई ऐसे शक्तिपीठ और मंदिर हैं। जिनका सिर्फ धार्मिक दृष्टि से ही महत्व नहीं बल्कि ऐतिहासिक और स्थापत्य कला के लिहाज से भी अद्वितीय हैं। इन मंदिरों में दूर-दूर से माता रानी के दर्शन के लिए लोग पहुंचते हैं। ऐसे में कोई वैष्णों देवी मंदिर जाता है, तो कोई शक्तिपीठ की योजना बना रहे हैं। बता दें कि देश में बगलामुखी माता के 3 मंदिर हैं। धार्मिक मान्यता है कि इन मंदिरों में दर्शन करने से कोर्ट-कचहरी के विवाद भी दूर होते हैं। बगलामुखी माता के इन मंदिरों में देख की कई प्रमुख हस्तियां और राजनेता भी मत्था टेकने और दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। भारत में बगलामुखी के 3 ऐतिहासिक मंदिर हैं, जिनमें पीतांबरा पीठ मध्यप्रदेश के दतिया में, नलखेड़ा, मध्यप्रदेश (लखुंदर नदी के किनारे) और तीसरा हिमाचल प्रदेश में हैं। हिंदू पौराणिक कथाओं में माता बगुलामुखी को 10 महाविद्याओं में 8वां स्थान मिला हुआ है। मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के नलखेड़ा में लखुंदर नदी के किनारे तीन मुख वाली मां बगलामुखी का मंदिर मौजूद है। माना जाता है कि यह मंदिर महाभारत के समय का है। माना जाता है कि पांडवों ने महाभारत के युद्ध में विजय प्राप्ति के लिए साधना की थी। बगलामुखी माता के दरबार में कई बड़े-बड़े राजनेता दर्शन के लिए आते हैं। पहले माता को देहरा के नाम से जानते हैं और यहां पूजा में पीले रंग के फूल और पीले रंग की पूजन सामग्री का खास महत्व है। बगलामुखी मां की पूजा में हल्दी और पूजन सामग्री का भी इस्तेमाल किया जाता है।

## पर्यटन



# प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है सरलपारा गांव

जब भी नॉर्थ ईस्ट इंडिया में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले असम का नाम लेते हैं। यह एक खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है। असम पूर्वोत्तर भारत में स्थित प्राकृतिक सुंदरता, चाय बागानों और जैवविविधता का खजाना है। असम बांग्लादेश और भूटान दोनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को साझा करता है। असम राज्य गुवाहाटी और कामाख्या मंदिर जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के लिए पूरे देश में फ़ेमस है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको असम के चाय बागानों के बीच में स्थित सरलपारा के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप भी सरलपारा की खूबसूरती देख झूम उठेंगे। असम के कोकराझार जिले में सरलपारा पड़ता है। यह कोकराझार मुख्य शहर से करीब 56 किमी दूर है। यह असम की एक ऐसी जगह है, जो भूटान की सीमा के पास स्थित है। यह जगह पर्यटकों के बीच खासी लोकप्रिय है। सरलपारा गुवाहाटी से करीब 237 किमी दूर है। वहीं बोंगाईगांव से करीब 58 किमी और पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार से करीब 122 किमी की दूरी पर है। भूटान सीमा के पास में स्थित सरलपारा असम का सबसे फ़ेमस और खूबसूरत पिकनिक स्पॉट है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़, झरना और घाटियां खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती हैं। यहां पर आसपास कई खूबसूरत चाय के बागान भी हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यह जगह अपने शुद्ध और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है। सरलपारा अपने लुभावने सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए भी फ़ेमस है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है। यहां पर मौजूद घास के मैदान और मैदान के बीच बहने वाली नदी पर्यटकों को सबसे ज्यादा आकर्षित करती हैं। सरलपारा में आपको कई किस्म के फूल भी देखने को मिलेंगे। सरलपारा पर्यटकों के बीच पिकनिक स्पॉट के रूप में फ़ेमस है। यहां पर सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि असम के दूर-दराज परिवार के साथ भी पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। वहीं वीकेंड पर भारी संख्या में लोग फैमिली के साथ आते हैं। लोग यहां पर अपने परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करने पहुंचते हैं।

# बे मौसम बरसात, किसानों के माथे पर खींच दी लकीरें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बे मौसम बरसात से किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खींच दी है। आज गुरुवार भोर से शुरू बरसात ने खेतों में खड़ी और कटी पड़ी धान की फसल की बरबादी देख किसान आंसू रोक नहीं पा रहे थे।

सिरौली गौसपुर खेतों में कटी पड़ी है या अभी भी खेत में फसल खड़ी है। किसान अपनी धान की बर्बाद हो रही फसल को लेकर चिंतित हैं ,किसानों को आशंका है कि यदि बारिश जारी रही तो उनकी फसल बर्बाद हो जाएगी। ललित, कल्लू, राहुल रसूलपुर और गोले सहित कई किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश से भारी नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि लगभग 30 प्रतिशत धान की फसल अभी भी खेतों में पड़ी है।खराब मौसम के बावजूद, किसान अपने अन्य काम छोड़कर



धान तैयार करते देखे गए। वहीं, क्षेत्र के लगभग 25 प्रतिशत किसानों ने आलू की बुवाई कर दी है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश जारी रही तो आलू की फसल भी खराब हो जाएगी। सिरौलीगौसपुर में कुछ किसान खराब मौसम के बीच धान फसल की पिटाई करते भी दिखे। कहते हैं जैसे तैसे पिटाई कर ली जाए नहीं तो धान बीज उग जाएगा। ''रामनगर/सिद्धौर'' मंगलवार से हो रही बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।खेतों में तैयार खड़ी धान की फसल जहां पानी से भीगकर गिरने लगी है वहीं कटाई के बाद सूखने के लिए पड़ी फसल भी भीग गई है।रुक रुक कर हो रही बेमौसम बारिश से फसल के सड़ने और अंकुरित होने का खतरा बढ़ गया है।किसानों का कहना है कि बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फ़ेर दिया है।जिन खेतों में फसल कटकर रखी थी वहां अब जलभराव होने से धान सूखने की बजाय गलने लगा है।

# शिक्षा अधिकारी का औचक निरीक्षण अनुपस्थित मिले कई शिक्षक : शिक्षिका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकास खण्ड बनीकोडर के कर्मठ खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने गुरुवार को क्षेत्र के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय कोटवा सड़क दो,भवनिया पुर,मवईया,गैरिया प्राथमिक विद्यालय तथा कंपोजिट विद्यालय गजपतिपुर बेलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोटवा सड़क दो में प्रधानाध्यापक श्वेता भारती और दो शिक्षामित्र कंचन सिंह,रातरानी अनुपस्थित पाए गए,जिनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।अधिकारी की प्रतीदिन की इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। शिक्षा का स्तर जाने के लिए बच्चों से प्रश्न पूछे,जिनका उत्तर बच्चों ने सही दिया।उन्होंने शिक्षकों को अपनी शिक्षा डायरी पूरी



करने ,शिक्षण कार्य में सुंदरशिका का प्रयोग,ऑनलाइन पोर्टल पर बच्चों की संख्या बढ़ाने,प्रधानाध्यापकों को निपुण प्लस एप पर शत प्रतिशत बच्चों की संख्या बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए गए।

# प्राथमिकता से किया जाए उद्यमियों की समस्याओं का समाधान : शशांक

## बैठक, श्रम बन्धु एवं उद्योग बंधु समिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं जिला श्रम बन्धु समिति की बैठक में डीएम शशांक त्रिपाठी ने सम्बन्धित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तीव्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों से उद्यमियों के आवेदन पत्रों पर अतिशीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में फायर स्टेशन व अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति, यूपीएसआईडीसी कुर्सी रोड में दुकानदारों



को शिफ्ट किए जाने संबंधी प्रकरण पर समीक्षा की। औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में नाली निर्माण एवं अवशेष सड़कों का निर्माण, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना एवं मुख्य प्रवेश द्वार प्रशासनिक भवन में विद्युत कार्य तथा सौंदर्यीकरण संबंधी प्रकरण पर चर्चा की गई, औधोगिक क्षेत्र माती में सड़क एवं जल निकासी के लिये नाला निर्माण पर चर्चा की गई। ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयान्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रकरणों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, उपायुक्त उद्योग, सहायक श्रमायुक्त, उपायुक्त वाणिज्य कर एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण, व्यापारी और उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने गुरुवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने कारागार के मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इसके बाद अधिकारीगण जेल के भीतरी परिसर में पहुँचे और वहाँ की समग्र साफ-सफाई एवं अनुशासन व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके बाद जेल की बैरकों का गहन निरीक्षण किया। जहाँ पर जेल अधिकारियों द्वारा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय एवं स्वच्छता की स्थिति का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि बंदियों को भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक वस्तुएँ समय से मिल रही हैं अथवा नहीं। दोनों अधिकारियों ने महिला बैरक और




किशोर सदन का भी निरीक्षण किया, जहाँ 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के किशोर बंदी रखे जाते हैं। वहाँ उन्होंने सुरक्षा प्रबंध, अनुशासन व्यवस्था तथा उपलब्ध संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारी द्वय ने बंदियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ और सुझाव सुने। इसके बाद अधिकारियों ने जेल प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएँ निर्धारित मानकों के अनुसार नियमित रूप से संचालित हों। उन्होंने कहा कि बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता और संवेदनशीलता बनाए रखी जाए। साथ ही, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक और जेलर सहित कारागार के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण महाअभियान 2026-27 की तैयारी शुरू

## बिसवां पौधशाला में वन विभाग ने तकनीकी कार्यशाला आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। वृहस्पतिवार 30 अक्टूबर को वन विभाग की बिसवां पौधशाला में वर्ष 2026-27 के लिए उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप वृहद स्तर पर किए जाने वाले वृक्षारोपण महा अभियान में गुणवत्ता पूर्वक वृक्षारोपण कराए जाने के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में ग्रामीण विकास विभाग के टी0ए0, ए0पी0ओ0, जी0आर0एस0, ग्राम प्रधानों तथा कृषकों को वनीकरण एवं पौधशाला के संबंध में प्रशिक्षण देने हेतु तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विकास खण्ड बिसवां ,सकरन एवं रेउसा के ग्राम्य विकास विभाग के टी0ए0, ए0पी0ओ0, जी0 आर0एस0, ग्राम प्रधान एवं कृषकों ने इस प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम श्री ए0 के0 सिद्दीकी क्षेत्रीय वन अधिकारी बिसवां की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आए कर्मचारियों द्वारा ग्राम प्रधानों एवं कृषकों को वृहद स्तर पर आगामी वृक्षारोपण महा अभियान में आरोपित पौधों की जीवितता सफल बनाए जाने के हेतु पौध उगान, अग्रिम मृदा कार्य एवं रोपण करने तथा रोपण के बाद में की जाने वाली तकनीकी जानकारी दी गई। उसके उपरांत बिसवां पौधशाला में ही पौध उगान की तैयारी हेतु थैला भरण से लेकर सीड बेड पर बीज उगान करके थैलों में प्रिक की लगवाई तक के कार्य को मौके पर दिखाया गया। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर सभा को समाप्त किया गया। इस मौके पर आदित्य सिंह चौहान उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, एस0के0 शैलेश उप क्षेत्रीय वन वन अधिकारी, प्रदुम्न त्रिपाठी, हिमांशु वर्मा, नरेंद्र पाल, राजनाथ यादव, अनिरुद्ध कुमार वन दरोगा, शिखा शुक्ला वनरक्षक एवं राम नरेश सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# शहर होगा अतिक्रमणमुक्त, स्वच्छता पर दिया जाएगा विशेष ध्यान : डीएम

## जिलास्तरीय वाणिज्य बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने वाणिज्य बंधु समिति की बैठक में सम्बंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में लागू एकल दिशा वन वे मार्गों की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नगर निकाय एवं यातायात पुलिस आपसी समन्वय से सतत निगरानी करें और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई भी करते रहें। शहर में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ये बाजार केवल निर्धारित स्थलों पर ही संचालित हों ताकि यातायात बाधित न हो और आमजन को असुविधा न हो।

वाहन पार्किंग की समस्या पर हुई चर्चा

शहर में पार्किंग की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम नवाबगंज और ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज को उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिससे पार्किंग की समस्या का स्थाई हल निकल सके।

पोल पर लटकते तारों से शहर को मिलेगी निजात नगर पालिका व विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख चौराहों व मार्गों पर लटकते तारों और बीच सड़क में लगे विद्युत खंभों की पहचान कर उन्हें शिफ्ट करने की कार्यवाही शीघ पूरी कर ली जाए।

*अवैध अतिक्रमण हटवाने के दिये निर्देश*

जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज और उपजिलाधिकारी से कहा कि संयुक्त अभियान चलाकर शहर के प्रमुख चौराहों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। तमाम दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने अवैध अतिक्रमण कर रखा है जनता बार बार इसकी शिकायत करती है। इसके अलावा शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने तथा नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

डीएम ने की अपील शहर को स्वच्छ, व अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने में करें सहयोग

जिलाधिकारी ने उपस्थित व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर शहर को स्वच्छ व अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था, बाजार प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा अतिक्रमण नियंत्रण को लेकर व्यापारियों से सुझाव भी आमंत्रित किए, ताकि जनसुविधा के अनुसार उचित समाधान लागू किए जा सकें।

## गोपाष्टमी उपलक्ष में विभिन्न गौशालाओं में हुई गौ माता की पूजा अर्चना

निंदूरा/ सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोपाष्टमी के उपलक्ष में क्षेत्रीय विभिन्न गौशालाओं में गायों की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान ग्राम प्रधानों व अन्य ने भी गौ माता को गुड़, फल और मिठाई खिलाकर पुण्य के भागी बने। यह पर्व गायों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का है। तहसील के हजरतपुर गौशाला में पशु उप चिकित्साधिकारी गया प्रसाद के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि ओन मियां ने गायों को फल-मिठाई खिलाया। 'राम सहाय' गौशाला में ग्राम प्रधान दया शंकर शुक्ला, श्याम नगर गौशाला में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुशमेश कुमार, बरौलिया गौशाला में प्रधान जयप्रकाश वर्मा और ठाकुरपुर गौशाला में प्रधान विकेश वर्मा विरौली में अनिल वर्मा ने गायों को गुड़ और फल खिलाकर पर्व मनाया। ''निंदूरा विकास खंड'' - गुरुवार को सचिव सुधाकर कुमार व पशु चिकित्सक द्वारा विधि-विधान से गौ माता का अक्षत पुष्प माला से विधि पूर्वक पूजन किया गया।आरती पश्चात भोग अर्पित किया। पूजनोपरांत उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरित किया गया। गौशाला की सभी गायों को केला, गुड़ और पौष्टिक आहार खिलाया गया।
इस अवसर पर वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति में गाय की पूज्य और माता पर विस्तृत चर्चा की गई। कहा कि लोगों को केवल पर्व के दिन ही नहीं, बल्कि प्रतिदिन गौ माता की सेवा का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि निस्वार्थ भाव से की गई गौ सेवा से अनेक पुण्य और लाभ प्राप्त होते हैं। सुधाकर कुमार ने बताया कि गौ दूग्ध औषधितुल्य है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा से मानसिक शांति व बीमारियों से मुक्ति मिलती है।
उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा ''गौ माता की जय'' के जयघोष से परिसर में भक्तिभाव और आस्था का अद्भुत संगम देखते बना।

## दीवार ढही, सीतापुर के दो महिलाएं जख्मी, गंभीर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा बांसा मे पक्की दीवार गिरने दरगाह शरीफ नौचंदी मेले मे आयी दो महिला जायरीन गंभीर रूप से घायल हुई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। थाना मसौली के कस्बा बांसा शरीफ स्थित हजरत सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह बाबा की मजार पर लगा नौचंदी मेला मे गुरुवार को सीतापुर जिले के थाना बिसवा के ग्राम लहसडा व बेलवा से आये सात जायरीन आस्ताना रोड पर स्थित राजेंद्र उर्फ़ कल्लू पुत्र नन्हेलाल की दुकान के बरामदे मे ठहरे थे कि पक्की दीवार अचानक भरभरा कर ढह गयी। और कल्पना गौतम पत्नी रामस्वरूप निवासी ग्राम बेलवा व राम जानकी पत्नी संभारी निवासी लहसडा दीवार के मलबे मे दबकर गंभीर रूप से घायल हुई। अचानक हुए हादसे से नौचंदी मेले मे हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को दीवार के मलवे से निकाल कर सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया महिला के गंभीर चोट लगी होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## भैंस चोर चार युवक गिरफ्तार, धन माल बरामद

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर पुलिस ने भैंस चोरी के मामलों में चार बदमाशो को गिरफ्तार कर चोरी की एक भैंस, बिक्री की रकम 8300 नकद व एक वाहन बरामद किया। थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि बुधवार को टिकरा पुल के निकट लवकुश,चालक नरेंद्र कुमार गौतम दुबेराज , दिलीप उर्फ छोटू व राजन को गिरफ्तार किया गया है। ?युवा पशुचोर लवकुश, सीतापुर, नरेंद्र कुमार गौतम, कुर्सी दुबेराज परवर भारी, बड्डूपुर, दिलीप व राजन त्रिलोकपुर, मसौली के निवासी हैं।

## मोबाइल कोर्ट में सुनी जन समस्याएं,सुलभ न्याय

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर के पंचायत भवन में ग्राम न्यायालय द्वारा मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान सात मुकदमों का सुलह के आधार पर निस्तारण किया गया, जबकि तीन लोगों को जमानत दी गई। गुरुवार को आयोजित इस मोबाइल कोर्ट की अध्यक्षता ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश कमलकांत तिवारी ने की। उनके साथ पेशकार पुरुषोत्तम कुमार और कोर्ट मोहर्रिर आकाश विश्वकर्मा व लवकुश कनौजिया भी मौजूद रहे।न्यायालय ने सात मुकदमों में पक्षकारों के बीच सुलह कराकर उनका निस्तारण किया। इसके अतिरिक्त, सरकार बनाम भीम सिंह आदि के मामले में सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को जमानत प्रदान की गई।इस अवसर पर अधिवक्ता प्रकाश तिवारी और अरुण कुमार सहित सहायक विकास अधिकारी पंचायत दरियाबाद शंभू नाथ पाठक और नायब तहसीलदार दिनेश पांडे भी उपस्थित रहे। ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश ने पंचायत भवन परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

# सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में नारी शक्ति के सात गुणों पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।चिरौंजी लाल वीरेन्द्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती की पहल पर ञ्सप्त शक्ति संगम कार्यक्रमङ्क का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारी शक्ति के गुण, उनके दायित्व और समाज के प्रति योगदान पर विस्तार से चर्चा हुई।कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्षा सुमन गुप्ता (समाज सेविका एवं पूर्व प्रेसीडेंट रोटरी मातृशक्ति) तथा मुख्य अतिथि चारू अग्रवाल, डायरेक्टर एस.एस. नर्सिंग स्कूल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत अंगूरी देवी बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या उपासना शर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि भारतीय नारी देवी की प्रतिमूर्ति होती है, जो समय-समय पर दुर्गा, काली और चंडी का रूप धारण कर समाज कल्याण करती है। उन्होंने सीता, जीजाबाई और अनसूइया जैसी माताओं के आदर्शों से प्रेरणा लेकर ओजस्वी बालकों के निर्माण का आह्वान किया।मुख्य वक्ता कमलेश शर्मा ने अपने संबोधन में महिलाओं की सामाजिक भूमिका, परिवार में योगदान तथा इंटरनेट युग की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग समझदारी से किया जाना चाहिए, अन्यथा यह पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में दूरी का कारण बन सकता है।मुख्य अतिथि चारू अग्रवाल ने महिलाओं से सतर्क और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के प्रति आकर्षित होने या धोखे में आने से बचें। यदि कोई व्यक्ति महिला या लड़की को परेशान करता है तो तत्काल पुलिस या महिला हेल्पलाइन को सूचित करें ताकि किसी अनहोनी को रोका जा सके।

कार्यक्रम अध्यक्षा सुमन गुप्ता ने बताया कि यह अभियान भारतीय संस्कृति में वर्णित नारी के सात गुण कीर्ति, वाक, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा पर आधारित है। इसी कारण इसे सप्त शक्ति संगम नाम दिया गया है। उद्देश्य है महिलाओं में इन सात गुणों को जाग्रत कर उन्हें शिक्षा, संस्कार और नेतृत्व के क्षेत्र में सशक्त बनाना, ताकि समाज और राष्ट्र के निर्माण में उनका योगदान और प्रभावशाली हो सके।कार्यक्रम का संचालन आर.एस.आर.डी. पूरनपुर की हिन्दी प्रवक्ता संजीता सिंह ने किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य सन्तराम सरस्वती शिशु मंदिर अशोक नगर, तथा मातृ भारती संगठन की सदस्याएँ सृष्टि गुप्ता, आरती शर्मा, अर्चना जैसवार, अदिति, भावना, अनुपम सक्सेना, रिद्धिमा, मंजूला बाला, सुशीला आर्या, ऊषा राठौर आदि उपस्थित रहीं है।

# नए आपराधिक कानूनो के प्रति आमजनमानस को किया जागरुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। कानून की जानकारी, सुरक्षा की तैयारीः- जागरूक नागरिक, न्याय की भागीदारी पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय, अंकुर अग्रवाल द्वारा नये आपराधिक कानूनों के प्रति आमजनमानस में जागरुकता फैलाने हेतु सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये हैं।

उक्त दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में क्षेत्राधिकार लहरपुर श्री विशाल गुप्ता द्वारा थाना लहरपुर पुलिस टीम के साथ खेमकरन इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं के साथ गोष्ठी की गयी। साथ ही थाना मछरेहटा टीम द्वारा ग्राम खेतमानी, ग्राम बमभौर, रेवाली, कस्बा मछरेहटा में बाजार, थाना रेउसा अंतर्गत श्री रघुनाथ जी अकादमी विद्यालय, थाना मानपुर अन्तर्गत स्वामी विवेकानंद इन्टर कॉलेज, थाना महमूदाबाद टीम द्वारा सीता इण्टर कालेज, थाना पिसावां अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, थाना संदना प्रबुद्ध अम्बेडकर इन्टर कॉलेज गोदलामऊ, थाना इमलिया सुल्तानपुर टीम ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवम् अन्य समस्त थानों की टीमो द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत विद्यालयों/ग्राम सभाओं में पहुंचकर आमजनमानस एवम् विद्यार्थियों से नये आपराधिक कानूनो के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुए उनकी विशेषताओं, नियमों, न्याय प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गयी। जिनमें जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण के प्राविधान, नये अपराध, प्रोद्योगिकी और फोरेंसिक के उपयोग से संबंधित प्राविधान, पीड़ित-केन्द्रित प्राविधान आदि पर विस्तृत चर्चा करते हुए जागरुक करने का प्रयास किया गया।

# सूर्यकुमार के फॉर्म में लौटने के बाद दूसरे मैच में भारत के हौसले बुलंद

एजेंसी

मेलबर्न। कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म में लौटने के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक एमसीजी मैदान पर होने वाले दूसरे टी20 मैच के लिये यहां बुलंद हौसलों के साथ पहुंच गई है।

अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और शिवम दुबे अपने आक्रामक खेल से टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढने के बाद आस्ट्रेलिया पहुंचे हैं लेकिन पिछले कुछ समय से कप्तान सूर्यकुमार का बल्ला खामोश रहना चिंता का सबब बना हुआ था। पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में हालांकि सूर्यकुमार ने 24 गेंद में 39 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। उन्होंने जोश हेजलवुड को 125 मीटर ऊंचा छक्का लगाया जो लंबे समय तक याद रहेगा। बारिश के कारण हालांकि कैनबरा में दूसरा मैच धुल गया जब भारत ने 9 . 4 ओवर में एक विकेट पर 97 रन बनाये थे।



सूर्यकुमार और शुभमन गिल दोनों आस्ट्रेलियाई आक्रमण की बखिया उधेड़ने को तत्पर लग रहे थे। मेलबर्न में भी शुक्रवार को बारिश होने का अनुमान है हालांकि भारतीय टीम अपनी लय बनाये रखने की पूरी कोशिश करेगी। दूसरे मैच से पहले भारत के लिये अच्छी बात सूर्यकुमार का फॉर्म में लौटना है। विश्व कप से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम से बेखौफ खेल की उम्मीद करते हैं और उसके लिये सूर्यकुमार का फॉर्म अहम होगा। गंभीर चाहते हैं कि उनकी टीम नियमित तौर पर 250, 260 और उससे अधिक स्कोर बनाये। हाल ही में भारतीय बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन से जाहिर है कि बल्लेबाज गंभीर का फलसफा बखूबी समझ गए हैं। भारत की नजरें श्रीलंका के साथ सह मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारत ने पिछली बार रोहित शर्मा की कप्तानी में वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप जीता था। भारत को कैनबरा में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन जसप्रीत बुमराह, वरूण चक्रवतर्ह, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की मौजूदगी में भारत का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है। उन्हें हालांकि मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के बल्लों पर अंकुश लगाना होगा जो अतीत में उनके लिये परेशानी का सबब बन चुके हैं। आस्ट्रेलियाई टीम भी काफी आक्रामक क्रिकेट खेलती है। हेड, मार्श, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड और जोश इगलिस बड़े स्कोर बनाने का माद्दा रखते हैं। मिचेल स्टार्क के टी20 से संन्यास और पैट कमिंस के चोटिल होने से गेंदबाजी में अनुभव कम लग रहा है। ऐसे में हेजलवुड पर आक्रमण की जिम्मेदारी होगी जिसमें जेवियर बार्टलेट, मैथ्यू कुन्हेमन और नाथन एलिस उनका साथ देंगे।

# श्रेयस अय्यर ने चोट पर दी अपडेट, कहा- 'मैं हर दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं'

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने गुरुवार को सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी चोट को लेकर अपडेट साझा किया। उन्होंने बताया कि वे फिलहाल रिकवरी प्रक्रिया में हैं और हर दिन बेहतर महसूस कर रहे हैं।

श्रेयस ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ल्लमैं फिलहाल रिकवरी प्रक्रिया में हूं और हर गुजरते दिन के साथ बेहतर हो रहा हूं। मुझे मिली सभी शुभकामनाओं और सहयोग के लिए मैं दिल से आभारी हूं। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आपका धन्यवाद कि आपने मुझे अपनी दुआओं में रखा। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान श्रेयस को डाइव लगाकर कैच लेने की कोशिश में पसलियों में चोट लग गई थी। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया था, जहां आंतरिक रक्तस्राव के कारण उन्हें आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। बाद में जांच में प्लीहा में चोट की पुष्टि हुई। हालांकि, सोमवार को उनकी हालत स्थिर होने के बाद उन्हें आईसीयू से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया। इससे पहले, टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को श्रेयस की स्थिति पर जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था, ल्लजब मुझे उनकी चोट के बारे में पता चला, तो मैंने हमारे फिजियो कमलेश जैन से बात की। अब श्रेयस फोन पर जवाब दे रहे हैं, इसका मतलब है कि वे स्थिर हैं। सूर्यकुमार ने आगे कहा, ल्लयह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि ऐसे मामले बहुत कम होते हैं लेकिन दुर्लभ चीजें दुर्लभ प्रतिभाओं के साथ ही होती हैं। भगवान की कृपा से सब कुछ अब ठीक है। सीरीज खत्म होने के बाद हम उन्हें घर ले जाएंगे।

# लियोनेल मेसी एमएलएस में सबसे अधिक कमाई करने वाले खिलाड़ी, सोन ह्युंग-मिन दूसरे स्थान पर

एजेंसी

लॉस एंजिल्स। इंटर मियामी के आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता लियोनेल मेसी अब भी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के सबसे अधिक वेतन पाने वाले फुटबॉलर बने हुए हैं।

लॉस एंजिलिस एफसी (एलएएफसी) के नए स्टार सोन ह्युंग-मिन दूसरे स्थान पर हैं। यह जानकारी बुधवार को जारी ताज़ा वेतन सूची में सामने आई। मेसी को इंटर मियामी से सालाना 20.4 मिलियन डॉलर (लगभग 170 करोड़ रुपये) की गारंटीशुदा राशि मिलती है, जो बाकी खिलाड़ियों से काफी अधिक है। इस राशि में उनके स्पॉन्सरशिप और अन्य करारों से होने वाली आमदनी शामिल नहीं है। 2023 के मध्य में मियामी से जुड़ने वाले अर्जेंटीनी स्टार का मौजूदा अनुबंध दिसंबर में समाप्त होगा, जिसके बाद वे अगले साल से तीन साल के नए करार की शुरुआत करेंगे। इस विस्तार के वित्तीय विवरण अभी सामने नहीं आए हैं। 38 वर्षीय मेसी को हाल ही में रेगुलर सीज़न का टॉप स्कोरर घोषित किया गया, जहां उन्होंने 28 मैचों में 29 गोल दागे। वे इस बार भी मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर पुरस्कार के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरिया के सोन ह्युंग-मिन को एलएएफसी से सालाना 11.1 मिलियन डॉलर का वेतन मिलता है। टोटनहम हॉटस्पर के पूर्व कप्तान सोन इस साल अगस्त में एमएलएस इतिहास के सबसे महंगे ट्रांसफर (26 मिलियन डॉलर) के तहत अमेरिका पहुंचे थे। उन्होंने अब तक 10 मैचों में 9 गोल करते हुए अपनी टीम को प्लेऑफ़ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। तीसरे स्थान पर इंटर मियामी के ही स्पेनिश मिडफील्डर सर्जियो बुस्केट्स (8.7 मिलियन डॉलर) हैं, जो इस सीज़न के अंत में संन्यास लेंगे।

# पीकेएल सीजन 12 का खिताबी फैसला आज दबंग दिल्ली के.सी. के सामने होगी पुनेरी पलटन

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 का ग्रैंड फिनाले शुक्रवार को दिल्ली के त्यागराज इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां दबंग दिल्ली के.सी. और पुनेरी पलटन आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला न सिर्फ खिताब का फैसला करेगा, बल्कि पूरे सीजन की सबसे स्थिर और अनुशासित टीमों के बीच अंतिम जंग भी होगी। दबंग दिल्ली, जिसने सीजन 8 में खिताब जीता था, इस बार भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंची है। क्वालिफायर-1 में दिल्ली ने पुनेरी पलटन को रोमांचक 6-4 टाईब्रेकर में हराया था, जब निर्धारित समय में स्कोर 34-34 से बराबर रहा। कप्तान आशु मलिक की अगुवाई में और कोच जोगिंदर नरवाल की रणनीति के तहत टीम ने हर



मुश्किल परिस्थिति में संघर्ष और संयम दिखाया है। वहीं पुनेरी पलटन ने क्वालिफायर-2 में तेलुगू टाइटंस को हराकर लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। कप्तान अस्लम इनामदार और कोच अजय ठाकुर के नेतृत्व में पलटन ने इस सीजन में सबसे संतुलित टीम के रूप में पहचान बनाई है। उनकी मजबूत रक्षा और युवा रेडर्स की जोड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में विपक्षी टीमों को मुश्किल में डाला। दिल्ली और पुणे के बीच इस सीजन तीन बार भिड़ंत हो चुकी है, और सभी तीनों मुकाबले टाई पर खत्म हुए हैं – जो इस बात का सबूत है कि दोनों टीमें एक-दूसरे की बराबरी की हैं। दिल्ली जहां आशु मलिक की तेज़ रेडिंग पर निर्भर रही है, वहीं पुणे की ताकत उनके अनुशासित डिफेंडरों और टीमवर्क में झलकती है। घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा दिल्ली को जरूर मिलेगा। उनके अनुभवी खिलाड़ी जैसे फज़ल अत्राचली, सौरभ नंदल और आशु मलिक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। टीम का डिफेंस हर मैच के साथ मजबूत हुआ है और करीबी मुकाबलों में उनकी जीत दर्ज करने की क्षमता उन्हें खास बनाती है। दूसरी ओर, पुनेरी पलटन पिछले सीजन की हार का बदला लेने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# आस्ट्रेलिया के युवा क्रिकेटर की अभ्यास के दौरान गले पर गेंद लगने से मौत

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के 17 वर्ष के क्रिकेटर बेन आस्टिन की यहां अभ्यास के दौरान गले में गेंद लगने से मौत हो गई जिससे 2014 में फिल ह्यूज की मौत की दुखद यादें ताजा हो गई। आस्टिन को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। उन्हें फर्नट्री गली में अभ्यास के दौरान गेंद गले और सिर में लगी थी। वह टी20 मैच से पहले नेट अभ्यास कर रहे थे। उन्हें हादसे के बाद वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। फर्नट्री गली क्रिकेट क्लब ने बृहस्पतिवार को उनकी मौत की पुष्टि की। क्लब ने कहा ,'' हम बेन की मौत से बहुत दुखी हैं। उसके परिवार, दोस्तों और जानने वालों के प्रति हमारी संवेदनायें। अभ्यास के वक्त उन्होंने हेलमेट पहना था लेकिन 'नेकगार्ड ' नहीं। इस हादसे के बाद एक बार फिर हर स्तर पर खेल में सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग की मांग जोर पकड़ने लगी है।

# सर्राफा बाजार में जारी गिरावट पर लगा ब्रेक सोना और चांदी की कीमत में आई तेजी

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में आई तेजी का असर आज घरेलू सर्राफा बाजार में भी नजर आ रहा है। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने और चांदी के भाव में आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार में सोना 1,470 रुपये से लेकर 1,600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 1,200 रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा हो गया है। सोना और चांदी की कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,22,410 रुपये से लेकर 1,22,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,12,210 रुपये से लेकर 1,12,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच



बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,52,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,22,560 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,12,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,22,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,12,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,22,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,12,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,22,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,12,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,22,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,12,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,22,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,12,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,22,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,12,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# बीएसएनएल ने दूसरी तिमाही में लक्षित राजस्व का 93 प्रतिशत किया हासिल : सिंधिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में अपने लक्षित राजस्व का 93 प्रतिशत यानी 5,347 करोड़ रुपये हासिल कर लिया। बीएसएनएल की तिमाही समीक्षा के बाद मंत्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में कंपनी का राजस्व 11,134 करोड़ रुपये रहा। सिंधिया ने कहा, '' इस (जुलाई-सितंबर) तिमाही में हमने अपने लक्ष्य का 93 प्रतिशत राजस्व हासिल कर लिया। हमने 5,740 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा था जिसमें से हमने 5,347 करोड़ रुपये हासिल कर लिए। इसलिए, हम उस बड़े लक्ष्य के काफी करीब हैं जो हमने पिछले साल की आय में उछाल के आधार पर अपने लिए तय किया था। मंत्री ने कहा कि समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में बीएसएनएल का लक्ष्य राजस्व को 20 प्रतिशत बढ़ाकर 27,500 करोड़ रुपये करना है। मंत्री ने कहा, '' हमारा एआरपीयू भी बढ़ा है। इस वर्ष की पहली तिमाही में यह 81 रुपये था, जो इस वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 91 रुपये हो गया है। इस प्रकार एआरपीयू में 12 प्रतिशत का सुधार हुआ है। प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) किसी दूरसंचार संचालक की वृद्धि को मापने का एक प्रमुख पैमाना है। मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र, केरल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, अंडमान और निकोबार, और जम्मू-कश्मीर ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है जहां एआरपीयू 214 रुपये तक पहुंच गया। सिंधिया ने मध्य प्रदेश, झारखंड और कोलकाता जैसे क्षेत्रों के प्रदर्शन पर चिंता जाहिर की जहां एआरपीयू 60 रुपये के दायरे में है।

# ग्रो का आईपीओ 4 नवंबर को लॉन्च होगा, 12 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर होगी लिस्टिंग

एजेंसी

नई दिल्ली। स्टॉक ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म ग्रो की पैरेंट कंपनी बिलियन ब्रेन्स गैराज वेंचर्स लिमिटेड का 6,632.30 करोड़ रुपये का आईपीओ 4 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च होगा। इस आईपीओ में 7 नवंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 10 नवंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 11 नवंबर को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 12 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 95 रुपये से लेकर 100 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 150 शेयर का है। कंपनी के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 150 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 15,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 2 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 10.60 करोड़ नए शेयर जारी हो रहे हैं। इसके अलावा ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये भी 55.72 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। आईपीओ खुलने से एक कारोबारी दिन पहले 3 नवंबर शुक्रवार को एंकर इनवेस्टर्स बोली लगा सकेंगे। ग्रो के प्लेटफॉर्म के जरिए म्यूचुअल फंड्स, शेयर, फ्यूचर्स एंड ऑप्शंसस, इक्विटी ट्रेडेड फंड्स, आईपीओ, डिजिटल गोल्ड और अमेरिकी स्टॉक्स में निवेश किया जा सकता है। साल 2016 में शुरू हुए ग्रो प्लेटफॉर्म के पास फिलहाल 1.4 करोड़ से ज्यादा एक्टिव रिटेल इनवेस्टर हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 10 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है। वहीं, एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 457.72 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जबकि अगले वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 805.45 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हो गया। इसके बाद 2024-25 में कंपनी की स्थिति में सुधार हुआ, जिसके कारण कंपनी को 1,824.37 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 में कंपनी को 378.37 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 1,260.96 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 2,795.99 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 4,061.65 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 में कंपनी को 948.47 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर कोई कर्ज नहीं था। हालांकि वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी पर 24.06 करोड़ रुपये का कर्ज हो गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 351.99 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 की बात करें तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ 324.08 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस दौरान कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में उतार-चढ़ाव होता रहा।

# ओडिशा ने दो जलमार्गों के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने दो राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास एवं संचालन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया कि इस समझौते पर मुंबई में 'भारत समुद्री सप्ताह 2025' के दौरान मंगलवार को हस्ताक्षर किए गए। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई), ओडिशा सरकार, पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण (पीपीए) और महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के बीच यह समझौता हुआ। इसमें कहा गया कि यह समझौता ज्ञापन राष्ट्रीय जलमार्ग-5 और राष्ट्रीय जलमार्ग-64 के विकास एवं संचालन से संबंधित है। यह टिकाऊ माल ढुलाई और क्षेत्रीय आर्थिक वृद्धि के लिए ओडिशा की नदी प्रणाली का दोहन करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बयान के अनुसार, 12,200 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश वाली इस परियोजना का उद्देश्य अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से तालचेर कोयला क्षेत्रों से पारादीप और धामरा बंदरगाहों तक कोयला एवं अन्य थोक माल का निर्बाध परिवहन सुगम बनाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर में दिसंबर में खेली जाएगी राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल प्रतियोगिता

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर दिसंबर के दौरान राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें 10 लाख रुपये की इनामी राशि दांव पर होगी। अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ के अध्यक्ष अरविंद रमेश प्रभु ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया, 'इंदौर, राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल प्रतियोगिता की पहली बार मेजबानी करेगा। संभावित कार्यक्रम के मुताबिक इसे 19 से 21 दिसंबर के बीच आयोजित किया जाएगा।' प्रभु ने कहा, देश में पिकलबॉल अब केवल मनोरंजन का साधन नहीं रहा है। यह अब प्रतिस्पर्धात्मक खेल बन चुका है। हमारा उद्देश्य है कि आने वाले वर्षों में पिकलबॉल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का हिस्सा बने और आगे चलकर इसे ओलंपिक खेलों में भी शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल प्रतियोगिता पुरुष और महिला वर्गों में अलग-अलग आयु श्रेणियों में खेली जाएगी। प्रभु ने बताया,''इस स्पर्धा में देश भर के 400 से ज्यादा खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। विजेताओं को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि वह अपने पिता रमेश प्रभु के नाम पर स्पर्धा के विजेताओं को 10 लाख रुपये की इनामी राशि प्रदान करेंगे। मध्यप्रदेश पिकलबॉल संघ के अध्यक्ष स्वप्निल कोठारी ने कहा कि राज्य को पिकलबॉल के प्रमुख राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने की कोशिश की जा रही है।

### पीसीबी ने 2025 . 26 सत्र के लिये 157 खिलाड़ियों से घरेलू करार किये

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को 2025 . 26 सत्र के लिये घरेलू क्रिकेटरों से करार की संख्या बढाकर 131 से 157 कर दी। पीसीबी ने चार वर्गों में करार किये हैं। बोर्ड ने 30 खिलाड़ियों को ए श्रेणी करार, 55 को बी श्रेणी, 51 को सी श्रेणी और 21 को डी श्रेणी के करार दिये हैं। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा ,'' ये करार पिछले साल के प्रदर्शन को ध्यान में रखकर दिये गए हैं। अधिकारी ने नये करार की रकम नहीं बताई लेकिन पिछले सत्र में पीसीबी ने ए श्रेणी के लिये 550000 पाकिस्तानी रूपये, बी के लिये चार लाख और सी के लिये ढाई लाख तय किये थे। इसके साथ ही अनुबंधित खिलाड़ियों को चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच के लिये दो लाख पाकिस्तानी रूपये , लिस्ट ए मैच के लिये सवा लाख और टी20 मैच के लिये एक लाख पाकिस्तानी रूपये मैच फीस भी दी जा रही थी।

### अदाणी पावर का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत घटकर 2,906 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** बिजली कारोबार से जुड़ी कंपनी अदाणी पावर का वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत घटकर 2,906 करोड़ रुपये रह गया। अदाणी समूह की कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 3,297.52 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 14,307.79 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 14,062.84 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का कुल व्यय भी बढ़कर 10,341.59 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 9,928.76 करोड़ रुपये था। अदाणी पावर लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एस बी खयालिया ने कहा कि इस तिमाही में मांग में मौसम संबंधी उतार-चढ़ाव के बावजूद एक बार फिर स्थिर वित्तीय प्रदर्शन रहा है जो कंपनी की परिचालन दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को दर्शाता है।

### हुंदै मोटर इंडिया का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 14.3 प्रतिशत बढ़कर 1,572.26 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** वाहन विनिर्माता हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14.3 प्रतिशत बढ़कर 1,572.26 करोड़ रुपये हो गया। वाहन विनिर्माता कंपनी का पिछले साल की समान तिमाही में मुनाफा 1,375.47 करोड़ रुपये रहा था। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसकी परिचालन आय 17,460.82 करोड़ रुपये रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 17,260.38 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का कुल व्यय भी सालाना आधार पर बढ़कर 15,566.07 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले 15,602.79 करोड़ रुपये था।

# सरकार बदली तो नालंदा में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा विवि : राहुल गाँधी

एजेंसी

नालंदा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि एक समय था जब नालंदा में दुनिया भर से लोग पढ़ने के लिए आया करते थे, लेकिन आज प्रदेश में शिक्षा की स्थिति बहुत ही दयनीय है तथा ज्यादातर मामलों में परीक्षाओं में पेपर लीक हो जाता है, जिससे मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में तकलीफ होती है ।

श्री गांधी ने प्राचीन काल में शिक्षा के केंद्र के रूप में विख्यात नालंदा में आयोजित जनसभा में आज कहा कि यदि बिहार में महागठबंधन की और केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है, तो नालंदा में दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय खोला जाएगा और इसकी शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित पुरानी प्रतिष्ठा को कायम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में इसी नालंदा की धरती पर चीन,जापान,कोरिया,कम्बोडिया और यूरोप सहित दुनिया के असंख्य देशों से विद्यार्थी पढने के लिए आते थे, लेकिन दुःख इस बात का है कि वही शिक्षा का केंद्र , बिहार आज पेपर लीक का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा के उत्थान के लिए नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बिहार में ऐसी व्यवस्था बनाने की जरुरत है, जिसके बाद बिहार के छात्र बाहर नही बल्कि दुनिया भर से विद्यार्थी फिर से बिहार पढ़ाने आएंगे।

कांग्रेस के सांसद ने कहा कि बिहार में 20 साल पुरानी नीतीश सरकार लाचार हो चुकी है और उसका रिमोट कंट्रोल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और नागपुर में बैठे राष्ट्रीय स्वयं सेवक



संघ (आरएसएस) के हाथ में है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अब रबर स्टैंप हो चुके हैं और प्रदेश के प्रशासनिक निर्णय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ गिने चुने नेता लेते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में बिहार का त्वरित और समुचित विकास संभव नहीं है। श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश की जनता को गुमराह करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी कभी यमुना नदी के किनारे छठ के घाट पर तालब में साफ पानी डालकर नदी में नहाने का नाटक करते हैं, तो कभी बिहार के युवाओं को सस्ते डेटा के नाम पर इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक का उपयोग करने और रील बनाने की सलाह दे कर उन्हें गुमराह करते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं का कल्याण रोजगार देने से होगा, ना कि सोशल साइट पर जाकर रील अपलोड करने से।श्री गाँधी में बिहार में उपलब्ध स्वस्थ्य सुविधाओं पर भी सवाल उठाये और कहा कि दिल्ली इलाज के लिये आने वाले बिहारी बताते हैं कि प्रदेश के अस्पतालों में मरीज स्वस्थ होने के लिए नही बल्कि मरने के लिए भर्ती होते हैं। कंाग्रेस के सांसद ने कहा कि श्री मोदी एक कमजोर शासक हैं, जो ऑपरेशन सिंदूर के समय जग जाहिर हो गया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार कहा कि उन्होंने मोदी पर दबाव डालकर ऑपरेशन सिंदूर को रुकवा दिया था, लेकिन इस मामले में स्पष्टीकरण देने के बदले मोदी चुप रहे। उन्होंने एक दूसरा उदाहरण बांग्लादेश के साथ 1971 के युद्ध का दिया और कहा कि भारत के खिलाफ अमेरिका ने अपना सातवां बेड़ा समुद्र में उतार दिया था. लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनके सामने झुकने से इंकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पुरुष होकर भी अमेरिका के सामने झुक गए लेकिन श्रीमती गांधी महिला होकर भी डटी रहीं और झुकने से इंकार कर दिया। श्री गाँधी ने कहा की बिहार के लोग इस समय देश के सभी प्रमुख राज्यों असम, बंगाल कर्नाटक, गुजरात,तमिलनाडु, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली जैसे राज्यों में तरह-तरह के निर्माण कार्यों से जुड़े हैं।

# राष्ट्र की सामूहिक चेतना से उत्पन्न होती है सच्ची एकता : आरिफ

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को कहा कि सच्ची एकता किसी राष्ट्र की सामूहिक चेतना से उत्पन्न होती है।

श्री खान ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज दिल्ली विधानसभा में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए आज कहा कि एकता ईंट-पत्थरों से नहीं बनती, एकता भावना से उत्पन्न होती है और भावना विचार से जन्म लेती है। उन्होंने कहा कि सच्ची एकता किसी राष्ट्र की सामूहिक चेतना से उत्पन्न होती है। 'सरदार पटेल और भारत के एकीकरण की यात्रा' विषय पर बोलने का अवसर मिलने पर उन्होंने कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि वे भारत माता के इस महान सपूत की पवित्र भूमि को नमन करने का अवसर पाकर स्वयं को धन्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''भारत को विकसित और अग्रणी राष्ट्र'' बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए हमें सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा जीवनभर साधे गए आदर्शों और मूल्यों को निरंतर स्मरण और जागृत रखना होगा। उन्होंने आदि शंकराचार्य और सरदार पटेल की तुलना करते हुए कहा कि जैसे शंकराचार्य ने अद्वैत वेदांत के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक एकता स्थापित की, वैसे ही सरदार पटेल ने साहस और दृढ़ विश्वास से भारत की राजनीतिक एकता को मूर्त रूप दिया। द्यउन्होंने कहा कि कई रियासतों का एकीकरण सरदार पटेल का ऐतिहासिक राष्ट्र-निर्माण कार्य था, ''जो बिस्मार्क के जर्मनी एकीकरण से भी महान था। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा , ''किसी राष्ट्र की शक्ति उसकी सैन्य ताकत में नहीं, बल्कि उसके हृदयों और उद्देश्यों की एकता में निहित होती है। सरकार पटेल की दूरदर्शिता और साहस ने विभाजित भारत को एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में रूपांतरित किया। उन्होंने आशा को समरसता में और स्वतंत्रता को राष्ट्रत्व में परिवर्तित किया।

# बिहार चुनाव : आयोग ने राज्य सीमाओं की निगरानी की समीक्षा की

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने बिहार में शांतिपूर्ण और प्रलोभन-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गैर कानूनी गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देशों के अनुपालन के लिए राज्य की सीमाओं पर निगरानी की एक उच्च स्तरीय बैठक में समीक्षा की।

आयोग ने गुरुवार को एक बैठक में राज्यों के प्रशासनिक, पुलिस, केंद्रीय पुलिस बलों, रेलवे तथा केंद्र तथा राज्यों की प्रवर्तन एजेंसियों को सीमावर्ती जिलों पर विशेष सतर्कता बरतने और कानून व्यवस्था को बनाये रखने को कहा है। आयोग ने सीमाओं को सील किये जाने की जरूरत के बारे में भी चर्चा की है। बिहार की 243 सदस्यी विधान सभा के लिए चुनाव दो चरणों में छह और ग्यारह नवंबर को कराया जाएगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी। राज्य की नयी सूची में लगभग 7.5 करोड़ मतदाताओं को मताधिकार प्राप्त है। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार आयोग ने बिहार से जुड़े अंतर-राज्यीय सीमा मुद्दों पर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों और उनके गृह विभाग के प्रमुख सचिवों के साथ समन्वय को लेकर बैठक की। इसमें गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय और सभी प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर बिहार और उसके पड़ोसी राज्यों में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। इसका उद्येश्य अंतर-राज्यीय और नेपाल से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कड़ी नजर रखना है ताकि हथियार, असामाजिक तत्वों, शराब, नशीले पदार्थों और मुफ्त उपहारों सहित मानव, सामग्री और धन की आवाजाही पर कड़ाई से नज़र रखी जा सके। इस बैठक में सीमावर्ती जिलों में निगरानी और सीमाओं को सील करने की जरूरतों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी।

आयोग ने चुनाव के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। श्री ज्ञानेश कुमार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन-मुक्त चुनावों के प्रति आयोग की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया और सभी हितधारकों से चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए निरंतर सजग तरीके से काम करने का आह्वान किया। आयोग ने मतदान के दिन मतदाताओं की सुविधा और संतोष सुनिश्चित करने हेतु मतदाता-सुविधा निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की।

# लालू यादव ने बिहार को अपराध का अड्डा बनाया था : शाह

एजेंसी

लखीसराय। केन्द्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने कहा कि जिस बिहार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू यादव ने अपराध का अड्डा बनाया था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उसे जंगलराज से बाहर निकालकर विकास का पर्याय बना रहे हैं।

श्री शाह ने लखीसराय में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2005 के पहले पूरा बिहार जंगलराज की चपेट में था। तब अपहरण होता था और खून बहाया जाता था। सारे उद्योग, व्यापार, ट्रेडिंग बंद हो गए थे, बस एक ही धंधा चल रहा था अपहरण और फिरौती का। उन्होंने कहा प्रदेश की जनता ने नीतीश कुमार के हाथ में बिहार का शासन दिया। श्री नीतीश ने जंगलराज को समाप्त कर दिया और बिहार में नए विकास की शुरुआत की। लालू यादव ने बिहार को अपराध का अड्डा बनाया था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उसे जंगलराज से बाहर निकालकर विकास का पर्याय बना रहे हैं।उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकसित बिहार बनाने का चुनाव है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासन में देश नक्सलवाद मुक्त हो रहा है, आतंकवाद से मुक्त हो चुका है और भ्रष्टाचार से भी मुक्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि छह नवंबर को मतदान है, आप सभी को कमल और तीर के निशान पर बटन दबाना है लेकिन आप ऐसा सोच कर बटन मत दबाना कि आपके वोट से कोई विधायक या मंत्री बनेगा बल्कि आप ये सोच कर वोट दीजिएगा कि आपका एक-एक वोट नीतीश और मोदी के नेतृत्व में बिहार को विकसित बनाने के लिए है। आपका एक एक वोट जंगलराज को रोकने के लिए है। श्री शाह ने बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण बाबू की चर्चा करते हुए कहा कि कृष्ण बाबू ने ही 14 साल तक बिहार के विकास की नींव रखने का काम किया। उन्होने कहा कि श्रीकृष्ण बाबू के समय में ही बिहार भारत के प्रमुख राज्यों में से एक राज्य बना, जिसे आगे चलकर लालू-राबड़ी ने जंगलराज से बर्बाद कर दिया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि लखीसराय का सिंदूर सिर्फ सिंदूर नहीं है, हमारी माताओं और बहनों के सौभाग्य की निशानी है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने पहलगाम में मारे गए यात्रियों का बदला लेने के लिए ऑपरेशन चलाया। इसको 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम देकर हमारी माताओं बहनों का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लखीसराय का सिंदूर और गुलाल पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है, और इस चुनाव में भी यह अपने प्रतीकात्मक महत्व के कारण चर्चा में है। लेकिन यह याद रखना जरूरी है कि जब देश की सुरक्षा की बात आई, तब लालू और सोनिया गांधी ने अपने वोट बैंक के लिए आतंकवाद पर लचीला रुख अपनाया था। श्री शाह ने आरोप लगाया कि कंाग्रेस के शासनकाल में आए दिन पाकिस्तानी आतंकवादी देश में खून-खराबा करते थे, हमारी धरती को लहूलुहान करके चले जाते थे, और सरकार चुप रहती थी। लेकिन 2014 में जब देश ने नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया, उसके बाद तस्वीर बदल गई। अब हर आतंकी हमले का जवाब ताकत से दिया। ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान के घर में घूसकर आतंकवादियों का सफाया किया। श्री शाह ने कहा कि कंाग्रेस नेता राहुल गांधी ने श्री मोदी को अपमानित करने के लिए कुछ शब्दों का इस्तेमाल किया। लेकिन श्री मोदी का अपमान करके उन्होंने छठी मैया का भी अपमान किया। उन्होंने कहा कि श्री राहुल छठी मैया के महत्व और आस्था को नहीं समझेंगे। न ही आपकी मां समझेगी। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता छठी मईया के अपमान का बदला जरूर लेगी।जब 14 नवंबर को बक्से खुलेंगे, तो महागठबंधन) का सफाया हो जाएगा।

# पूर्वोत्तर की जैव-क्षमता आर्थिक उत्थान की संभावना जगाती है : डॉ. जितेंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि पूर्वोत्तर की जैव-क्षमता भारत के आर्थिक उत्थान की संभावनाएं जगाती है।

केंद्रीय मंत्री ने यह बात सीएसआईआर-एनईआईएसटी द्वारा आयोजित सीएसआईआर-अरोमा मिशन और सीएसआईआर-फ्लोरिकल्चर मिशन के अंतर्गत ''हितधारक-सह-जागरूकता सम्मेलन'' और गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री के वितरण समारोह में कही। वह वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के उपाध्यक्ष भी हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि ग्रामीण आजीविका के उत्थान और पूर्वोत्तर क्षेत्र में सतत आर्थिक विकास को गति देने में विज्ञान का उपयोग परिवर्तनकारी भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने औषधीय, सुगंधित और पुष्प फसलों की खेती के माध्यम से किसानों, उद्यमियों और युवाओं को सशक्त बनाने में सीएसआईआर-एनईआईएसटी के प्रयासों की भी सराहना की। डॉ. सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि समृद्ध जैव विविधता और अद्वितीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों से संपन्न पूर्वोत्तर में उच्च मूल्य वाले पौध-आधारित उद्योगों के केंद्र के रूप में उभरने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों को पारंपरिक कृषि पद्धतियों के साथ एकीकृत करके इस क्षेत्र को ''कृषि-उद्यमिता केंद्र'' में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने जम्मू और कश्मीर में 'बैंगनी क्रांति' की सफलता का उल्लेख करते हुये मिज़ोरम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के किसानों और उद्यमियों से लैवेंडर, सिट्रोनेला, लेमनग्रास और पचौली जैसी सुगंधित फसलों की खेती के लिए इस मॉडल का अनुकरण करने का आग्रह किया, जिनकी बाजार में उच्च मांग और आय क्षमता में बढ़ोतरी हुई है। डॉ. सिंह ने कहा कि सीएसआईआर-अरोमा मिशन और सीएसआईआर-पुष्पकृषि मिशन के तहत पहल न केवल कृषि आय बढ़ाती हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, युवा जुड़ाव और ग्रामीण औद्योगीकरण को भी बढ़ावा देती हैं, जिससे सरकार के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण के अनुरूप है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआईआर-एनईआईएसटी, जोरहाट के निदेशक डॉ. वीरेंद्र एम. तिवारी ने की। उन्होंने मिज़ोरम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में संस्थान के हस्तक्षेपों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।

# रेलवे देश के विभिन्न स्टेशनों पर करेगा 76 यात्री ठहराव क्षेत्र का निर्माण

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेलवे दिल्ली में मिली कामयाबी के बाद अब मुंबई, हावड़ा और जयपुर रेलवे स्टेशनों के साथ साथ देश के विभिन्न स्टेशनों पर 76 यात्री ठहराव क्षेत्र का निर्माण करेगा।

रेलवे की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी इजाजत दे दी है। रेलवे ने यह निर्णय नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री ठहराव क्षेत्र की सफलता और सराहना के बाद लिया गया है।

रेलवे ने बताया है कि नियोजित नए होल्डिंग क्षेत्र मॉड्यूलर डिज़ाइन का पालन करेंगे और स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएँगे। श्री वैष्णव ने इन सभी होल्डिंग क्षेत्र को 2026 के त्योहारी सीज़न से पहले तैयार करने के निर्देश दिये हैं। रेलवे ने बताया है कि दिवाली और छठ के दौरान नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को नए विकसित होल्डिंग एरिया की मदद से संभाला गया, जिसे चार महीनों में तैयार किया गया है। यहां पर यात्री सुविधा केंद्र (स्थायी होल्डिंग एरिया) को लगभग 7,000 यात्रियों के ठहरने के लिए तैयार किया गया है। इसके कारण प्री-बोर्डिंग सुविधा और यात्री की तादाद में काफी वृद्धि हुई है। यात्रियों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए इस केंद्र को रणनीतिक रूप से तीन क्षेत्रों टिकटिंग, पोस्ट-टिकटिंग और प्री-टिकटिंग में विभाजित किया गया है। इसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए 150-150 शौचालय, टिकट काउंटर, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें और मुफ्त आरओ वाटर की सुविधा प्रदान की गयी है। रेलवे की विज्ञप्ति के अनुसार जिन स्टेशनों पर नए होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे, उनमें मध्य रेलवे के मुंबई सीएसएमटी, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, नागपुर, नासिक रोड, पुणे, दादर, पूर्व रेलवे के हावड़ा, सियालदह, आसनसोल, भागलपुर, जसीडीह, पूर्व-मध्य रेलवे के पटना, दानापुर, मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा, पं. दीन दयाल उपाध्याय और पूर्वी तट रेलवे के भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम और पुरी स्टेशन शामिल हैं। वहीं, उत्तर रेलवे के नयी दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, हज़रत निज़ामुद्दीन, पुरानी दिल्ली, गाजियाबाद, जम्मू तवी, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, लुधियाना, लखनऊ (एनआर), वाराणसी, अयोध्या धाम, हरिद्वार, उत्तर-मध्य रेलवे के कानपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मथुरा, आगरा कैंट, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के गुवाहाटी,कटिहार और उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर, गांधी नगर जयपुर, अजमेर, जोधपुर और रींगस भी नये होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे।

# पेज एक का शेष

## पूर्व की सरकारों...

सीबीजी प्लांट लगेगा। चीनी मिल लगेगी, एथेनाल प्लांट लगेगा। सब होगा। इनसेट अब गन्ना माफिया और घटतौली बीते दिनों की बातः लक्ष्मी नारायण गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि लगभग आठ वर्ष पहले गन्ना किसानों के बीच दो शब्द बहुत प्रचलित थे- 'गन्ना माफिया' और 'घटतौली'। साढ़े आठ वर्ष के बाद ये दोनों शब्द आज उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के जीवन से पूरी तरह समाप्त हो चुके हैं। तब ऐसे लोग निर्णय लेते थे, जिनका गन्ने से कोई लेना-देना नहीं था, आज तो एक प्रगतिशील किसान ही मुख्यमंत्री हैं। उत्तर प्रदेश में अब तक किसी भी सरकार ने अपने कार्यकाल में गन्ना मूल्य में 80 रुपये तक की वृद्धि नहीं की थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह निर्णय दूरदर्शी और किसान हितैषी है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि योगी के नेतृत्व से पहले प्रदेश में गन्ना किसानों का एक ही काम रह गया था, आंदोलन करना। कारण भी स्पष्ट था, उनका भुगतान वर्षों तक लंबित रहता था। आज स्थिति पूरी तरह बदल गई है। अब एक सप्ताह के भीतर भुगतान हो रहा है। किसानों को उत्तम गुणवत्ता का खाद, बीज और सिंचाई सुविधा मिल रही है। इसी का परिणाम है कि गन्ना क्षेत्रफल 20 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 29 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है। गन्ना किसानों को उन्नत तकनीक उपलब्ध कराने की दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का लाभ शीघ्र ही प्रदेश के किसानों तक पहुंचेगा।

## प्रदूषण ने तोड़ी...

झेलना पड़ा जोकि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 9.5 प्रतिशत था। इससे स्पष्ट होता है कि वायु प्रदूषण स्वास्थ्य के साथ आर्थिक रूप से भी संकट बढ़ाता जा रहा है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के नेतृत्व में 71 शैक्षणिक संस्थानों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के 128 विशेषज्ञों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने ये रिपोर्ट तैयार की है। लेखकों ने कहा कि 30वें संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (कॉप30) से पहले प्रकाशित यह रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के बीच संबंधों का अब तक का सबसे व्यापक आकलन प्रस्तुत करती है। दिल्ली में वायु प्रदूषण के लगातार उच्च स्तर को देखते हुए ये निष्कर्ष महत्वपूर्ण हैं। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से वायु गुणवत्ता ''खराब'' और ''बेहद खराब'' के बीच बनी हुई है। प्रदूषण की समस्या से निपटने के प्रयास में पिछले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी के बुराड़ी, करोल बाग और मयूर विहार जैसे कुछ हिस्सों में क्लाउड-सीडिंग परीक्षण किए गए। हालांकि, पर्यावरणविद इसे एक अल्पकालिक उपाय बताते हैं। लैंसेट रिपोर्ट के साथ देश-संबंधित डेटा शीट में लेखकों ने बताया, भारत में साल 2022 में मानव-जनित वायु प्रदूषण (पीएम 2.5) के कारण 17.18 लाख से अधिक मौतें हुईं, जो 2010 से 38 प्रतिशत की वृद्धि है। जीवाश्म ईंधन (कोयला और तरल गैस) के कारण 2022 में इन मौतों में 7.52 लाख (44 प्रतिशत) का हिस्सा रहा। अध्ययन के निष्कर्षों के अनुसार, साल 2020 से 2024 के दौरान भारत में हर साल औसतन 10,200 मौतें जंगल की आग से होने वाले प्रदूषण (पीएम 2.5) के कारण हो सकती हैं, ये साल 2003-2012 की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। प्रदूषणकारी ईंधन के उपयोग के कारण होने वाले घरेलू वायु प्रदूषण से प्रति एक लाख जनसंख्या पर अनुमानित 113 मौतें हुईं और शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में मृत्यु दर अधिक देखी गई।

## हम अफगानिस्तान...

स्वाभाविक रूप से वैश्विक बाजार की बदलती गतिशीलता को ध्यान में रखा जाता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ''ऊर्जा स्रोत के व्यापक प्रश्न पर हमारी स्थिति सर्वविदित है। इस प्रयास में, हम अपने 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विविध स्रोतों से किफायती ऊर्जा प्राप्त करने की अनिवार्यता से निर्देशित हैं।

## यूपी में हरित...

और तकनीकी विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ शामिल होंगे। यूनिवर्सिटी ऑफ यामानाशी इसमें तकनीकी भागीदार की भूमिका निभाएगा। इसके अलावा, कई उद्योग हितधारक और स्टार्टअप परीक्षण और ट्रायल में योगदान देंगे। यह केंद्र मुख्य रूप से हरित हाइड्रोजन के उत्पादन, भंडारण और वितरण प्रणालियों के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा-आधारित माइक्रोग्रिड और हाइड्रोजन वैल्यू चेन के व्यापक तकनीकी-आर्थिक विश्लेषण पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह पहल औद्योगिक डीकार्बनाइजेशन को गति देने और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के तहत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में निर्णायक साबित होगी।

## स्कूलों में तीसरी...

संजय कुमार ने इस बात पर ज़ोर दिया कि एआई में शिक्षा को हमारे आसपास की दुनिया से जुड़े एक बुनियादी सार्वभौमिक कौशल के रूप में माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीति निर्माताओं के रूप में हमारा काम न्यूनतम सीमा निर्धारित करना और बदलती जरूरतों के आधार पर उसका पुनर्मूल्यांकन करना है। उन्होंने आगे इस बात का उल्लेख किया कि निष्ठा के शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल और वीडियो-आधारित शिक्षण संसाधनों सहित शिक्षक प्रशिक्षण और शिक्षण सामग्री, पाठ्यक्रम कार्यान्वयन की रीढ़ बनेगी। स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ एसई) के अंतर्गत एक समन्वय समिति के माध्यम से एनसीईआरटी और सीबीएसई के बीच सहयोग से निर्बाध एकीकरण, संरचना और गुणवत्ता आश्वासन सुनिश्चित होगा।

## कट्टा, क्रूरता, कटुता...

सीट देकर बिहार के मतदाता इतिहास बनाएंगे। इससे ये दोनों दल घबरा गए हैं और अपनी घोषणा पत्र में इतना झूठ डाल रहे हैं कि इनके समर्थकों को भी विश्वास नहीं हो रहा है। सोशल मीडिया पर बिहार के युवा इनका मजाक उड़ा रहे हैं। आने वाले छह नवम्बर को वोटिंग के दिन ही मतदाता इन्हें इनका असली स्थान दिखा देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कंाग्रेस का झगड़ा आज की असली खबर है। अब इनका रिश्ता तेल और पानी की तरह हो चुका है। बिहार में हर तरफ से खबरें आ रही हैं कि कैसे राजद और कंाग्रेस के कार्यकर्ता एक-दूसरे से दुश्मनी निकाल रहे हैं। जमानत पर चल रहे दोनों युवराजों ने बुधवार को यह दिखाने की कोशिश की कि इनके बीच मनमुटाव नहीं है। इन्हें जो चीज एक साथ ले आई है, वो है सत्ता का लालच। इन्हें किसी भी तरह बिहार की सरकार पर कब्जा करना है। ताकि यह लोग फिर से बिहार को लूट सके हैं। फिर से जंगलराज वापस ला सकते हैं। पीएम मोदी ने जनता से पूछा कि आप बताइए क्या आप जमानत पर निकले इन दोनों युवराजों को बिहार लूटने देंगे क्या? साथियों आज हर सर्वे में एक बात खुलकर सामने आ रही है कि इस चुनाव में राजद और कंाग्रेस की सबसे बड़ी हार होने जा रही है। सारे सर्वे बता रहे हैं कि एनडीए की सबसे बड़ी जीत होने जा रही है। इसी चुनाव में अब तक की सबसे कम सीटें मिलने जा रही है। एक नया इतिहास बिहार की जनता बनाने जा रही है। अपने घोषणा पत्र में यह लोग केवल झूठ बोल रहे हैं। यह लोग इतना फेंक रहे हैं कि इनके समर्थकों को इनकी बात पर यकीन नहीं हो रहा है। लोग सोशल मीडिया पर इनका मजाक बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ''कंाग्रेस और राजद के लोग छठी मइया का अपमान कर रहे हैं। क्या कोई वोट पाने के लिए छठी मइया का अपमान कर सकता है क्या? क्या बिहार, क्या हिंदुस्तान, क्या मेरी माताएं जो निर्जला व्रत करती हैं, वो इसे सहन कर सकेंगी? '' उन्होंने कहा कि छठ देश-दुनिया में मनाया जाता है। इसके गीत सुन हम भावविभोर हो जाते हैं। छठ को यूनेस्को की सूची में शामिल कराने का प्रयास सरकार की ओर से चल रहा है। छठ के गीतों के माध्यम से संस्कार की प्रक्रिया चलती है। उसको देशव्यापी रूप देने के लिए छठ के गीतों को विभिन्न भाषा में प्रतिस्पर्धा करने वाले हैं। इससे हर भाषा के लोगों को मौका मिलेगा। इन्हें जनता चुनेगी कि उन्हें कौन-कौन गीत पसंद आते हैं। सबसे चर्चित गीतों के गायक और लेखक को अगले साल छठ से पहले सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने राजद-कंाग्रेस गठबंधन और लालू यादव के कार्यकाल को लेकर कहा कि जंगलराज में गाड़ियों के शोरूम बंद हो गए थे क्योंकि राजद के नेता अपनी टोलियां लेकर अपने साथियों को लेकर शोरूम लुटवा लेते थे। अगर किसी ने नई गाड़ी खरीदी हो तब उसके पीछे राजद के गुंडे लग जाते थे। जब कोई अपनी पूंजी लगाता क्या, ऐसे हाल में लोग पलायन कर गए। जब वो दिन याद करते हैं तो लगता था, कितना भयानक दिन था। उन्होंने कहा कि गोलू अपहरण कंाड कभी नहीं भूल सकते। इसी शहर में 2001 में स्कूल जाते एक बच्चे को अपराधियों ने अपहरण कर लिया था, बदले में ढेर सारे रुपये मांगे गए थे। नहीं देने पर राजद के चट्टे-बट्टों ने उस नन्हे गोलू के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए थे। राजद के शासन में अपहरण हुए, हत्या हुई। इनकी नीयत क्या है, इनके ताजा प्रचार से पता चल रहा है। खतरनाक नारे से पता चलता है। चुनाव के मैदान में कैसे गाने बज रहे। हम तो हाथ जोड़ गाने ला रहे हैं, जबकि इनके नारों में छर्रा, कट्टा, दोनाली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जब सुशासन होता है तो सब खिलते हैं, जंगलराज में दम घुटता है। आज पूरा बिहार जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। कोई नई बाइक खरीद रहा, स्कूटी खरीद रहा। एक आंकड़ा याद रखना, पिछले साल अक्टूबर-सितंबर में बिहार में 50 हजार मोटर बाइक बिकी थी, इस साल इन्हीं महीनों में डेढ़ लाख बिकी है। बिहार में तीन गुना अधिक खरीदारी हुई है। नई बाइक आई और हजारों रुपये बच गए। आज मखाना दुनिया भर में जा रहा, फूड प्रोसेसिंग, आईटी पार्क, लेदर क्लस्टर ये सब हमारे बिहार की पहचान बन रहे। कभी बिहार अपनी जरूरत के लिए मछली बाहर से मंगाता था, आज दूसरे राज्यों को भी भेज रहे, कमाई कर रहे। ये आत्मनिर्भरता का उदाहरण है। एनडीए का संकल्प है, बिहार में कमाई, दवाई, पढ़ाई और सिंचाई। बिहार का बेटा पलायन नहीं करेगा, यहीं काम करेगा। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि फिर एक बार बिहार में राजग गठबंधन की ही सरकार बनेगी। पीएम मोदी ने कहा कि मैं मुजफ्फरपुर आता हूं तो सबसे पहले यहां की मिठास ध्यान खींच लेती है। यहां की लीची जितनी मीठी होती है, उतनी ही मीठी आपकी बोली भी है।

# बिहार विस चुनाव : बागी तय करेंगे किसे मिलेगी कुर्सी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- महागठबंधन को फेंडली फाइट दे रहा ज्यादा दर्द
- पिछली बार दशमलव तीन प्रतिशत ज्यादा होने से बन गयी थी एनडीए की सरकार
- राजद ने निकाले सबसे ज्यादा बागी




पटना। पिछले चुनाव में दशमलव तीन प्रतिशत वोट के अंतर ने जहां एनडीए को सत्ता की कुर्सी पकड़ा दी, वहीं महागठबंधन सत्ता से दूर हो गया। यदि पुरानी स्थिति को देखें तो ऐसी स्थिति में एक-एक वोट की कीमत बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में विधानसभा चुनाव में बागियों द्वारा काटे गये वोट तय करेंगे कि महागठबंधन की सरकार बनेगी अथवा एनडीए की।

ये बागी हर दल के लिए सिरदर्द बन गये हैं। पूरे प्रदेश में 30 से ज्यादा ऐसी सीटें हैं, जहां बागी किसी न किसी दल के लिए सिरदर्द बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा ऐसे भी बागी हैं, जो उम्मीदवार नहीं हैं, लेकिन या तो निष्क्रिय हो गये हैं या अपनी पार्टी के प्रत्याशी का खुलकर विरोध कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा महागठबंधन के लिए परेशानी खड़ा कर रहे हैं। उसमें भी राजद के बागी ज्यादा हैं। यह सिरदर्द महागठबंधन के लिए ज्यादा है। महागठबंधन के लिए 11 सीटों पर आपस की लड़ाई और कठिन राह बना दिया है। इसे महागठबंधन ने फ्रेंडली फाइट का नाम दिया है। पिछली बार एनडीए ने कुल 125 सीटें (37.26 प्रतिशत वोट) हासिल कीं, जबकि एमजीबी ने 110 सीटें (37.23 प्रतिशत वोट) जीतीं अर्थात दशमलव तीन प्रतिशत वोट की बढ़ोत्तरी ने एनडीए को सत्ता में पहुंचा दिया। वहीं यह दशमलव तीन प्रतिशत की कमी के कारण महागठबंधन सत्ता से दूर हो गया। ऐसे में बागियों का महत्व ज्यादा बढ़ जाता है, जिस दल के बागी जितना वोट काटने में सफल होंगे। उतना ही उसकी असफलता की कहानी बड़ी हो सकती है। यही कारण है कि सभी दल अपने बागियों को मनाने और न मना पाने की स्थिति में उन्हें बाहर का रास्ता दिखाकर कार्यकर्ताओं को सख्त संदेश देने का काम कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा राजद ने 27 बागियों को बाहर का रास्ता दिखाकर संदेश देने की कोशिश की है। वहीं नीतिश कुमार ने भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल 11 नेताओं को तत्काल प्रभाव से जेडीयू से निष्कासित कर दिया है। इन सभी नेताओं पर आरोप था कि वे पार्टी की सदस्यता रहते हुए निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे थे और आधिकारिक उम्मीदवारों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। यदि बिहार की एक-एक विधानसभा पर नजर दौड़ाएं तो मधेपुरा में निर्दलीय प्रणव प्रकाश और अजय रंजन ने राजद के चंद्रशेखर यादव और जदयू के उमेश मंडल के बीच लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। प्रणव प्रकाश आईटी कंपनी में बड़े ओहदे पे काम कर चुके हैं। वहीं अजय रंजन पूर्व सांसद शरद यादव के करीबी माने जाते हैं। पप्पू यादव गुट का समर्थन मिलने से उनका जनाधार मजबूत हुआ है। यहां यादव-मुसहर-महादलित वोटों का बंटवारा तय है। वहीं मुजफ्फरपुर सीट पर बीजेपी के अजय निषाद का सिरदर्द उनके ही करीबी शंभू पटेल ने सिरदर्द बढ़ा दिया है। वहीं दूसरी ओर कंग्रेस से टिकट न मिलने के बाद डॉ. अमरेश चौधरी निर्दलीय मैदान में हैं। वे लंबे समय से पार्टी के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं और इलाके में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कामों के लिए लोकप्रिय हैं। वैशाली में राजद और कंग्रेस दोनों गठबंधन के उम्मीदवारों की मौजूदगी से पहले ही उलझन है, अब निर्दलीय विजय मंडल मैदान में हैं। उन्हें जन अधिकार पार्टी (पप्पू यादव) का अप्रत्यक्ष समर्थन मिल रहा है। विजय मंडल यादव और अतिपिछड़ा वोट बैंक पर पकड़ रखते हैं। नवादा में निर्दलीय रवि सिंह ने एनडीए का सिरदर्द बढ़ा रहे हैं। वे पहले जदयू से जुड़े थे, लेकिन टिकट कटने के बाद बागी हो गए। वहीं जदयू के जिला महासचिव रह चुके चंद्रभूषण तिवारी ने सासाराम सीट पर निर्दलीय चुनाव लड़कर जदयू के लिए सिरदर्द बन गये हैं। वहीं कटिहार में निर्दलीय रहीम खान का उतरना महागठबंधन के लिए परेशानी बना हुआ है। वे एआईएएम से पहले जुड़े थे और अब मुसलमान व यादव वोटों में सीधे सेंध लगा सकते हैं। यह सीट पहले ही त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी हुई थी। सीवान सीट पर निर्दलीय सतीश सिंह, जो पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव के समर्थक माने जाते हैं। पटना सिटी सीट पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष निर्दलीय उम्मीदवार राजकुमार गुप्ता जीएसटी और छोटे व्यापारियों के मुद्दे उठा रहे हैं। वहीं जहानाबाद में राजद से टिकट न मिलने के बाद मनोज यादव ने राजद प्रत्याशी का सिरदर्द बढ़ा रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री बघेल ने चलाया स्वच्छता और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान





कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय तथा पंचायती राज राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने गुरुवार को नई दिल्ली के एनिमल क्वारंटाइन एंड सर्टिफिकेशन सर्विसेज़ (एक्यूसीएस) में स्वच्छता अभियान और 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण कर की। साथ ही उन्होंने पुराने रिकॉर्ड और फाइलों की समीक्षा कर अनुपयोगी सामग्री का निपटान कराया। पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) की ओर से आयोजित विशेष अभियान 5.0 के तहत बघेल ने एक्यूसीएस परिसर का निरीक्षण किया और वहां की स्वच्छता व सुव्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक्यूसीएस भारत का अहम केंद्र है, जो देश में आने वाले पशुओं की वैज्ञानिक जांच और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अनुसार, विशेष अभियान 5.0 के तहत विभाग ने लंबित मामलों के निपटान, फाइल समीक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। कबाड़ और अनुपयोगी सामग्री की बिक्री से कुल पांच लाख 54 हजार रुपये की आय हुई है। मंत्रालय के अनुसार, सांसदों से मिले 15 संदर्भों में से 11 का निपटान किया गया। संसदीय आश्वासनों में 5 में से 3 पूरे हुए। राज्य सरकार से मिले सभी 8 संदर्भों पर कार्रवाई की गई और 214 सार्वजनिक शिकायतों का पूरी तरह समाधान किया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से मिले तीनों निर्देशों या मामलों पर विभाग ने पूरी कार्रवाई कर ली है।। लोक शिकायत अपीलों में से 35 में से 27 का निपटारा हुआ। नियमों और प्रक्रियाओं में एक सुधार किया गया। विभाग ने 24,645 भौतिक फाइलों और 680 ई-फाइलों में से 562 की समीक्षा पूरी की। साथ ही 221 स्थलों की सफाई का काम भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अमृतसर-लंदन गैटविक सीधी उड़ानें फिर से शुरू

अमृतसर। पंजाब का श्री गुरु रामदास जी अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर, लगभग पांच महीने बाद, एक बार फिर ब्रिटेन के लंदन शहर से सीधी हवाई सेवा से जुड़ गया है। एयर इंडिया ने 29 अक्टूबर से अमृतसर और लंदन गैटविक के बीच अपनी सीधी उड़ानें फिर से शुरू कर दी हैं। ये उड़ानें 12 जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के दुखद हादसे के कुछ ही दिनों बाद निलंबित कर दी गयी थीं। पहली उड़ान 29 अक्टूबर को अमृतसर से रवाना हुई, जबकि वापसी की उड़ान 30 अक्टूबर को अमृतसर पहुंची। एक संयुक्त बयान में, गुरुवार को फ्लाई अमृतसर इनिशिएटिव के वैश्विक संयोजक, पहल के भारत संयोजक समीप सिंह गुमटाला और अमृतसर विकास मंच के महासचिव योगेश कामरा ने उड़ानों के फिर से शुरू होने का स्वागत किया और इसे पंजाब और लंदन में रहने वाले पंजाबी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहली उड़ान पूरी तरह से बुक थी।

## कारसेवकों की स्मृति में बजरंग दल ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के लिए चले ऐतिहासिक आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर कारसेवकों की स्मृति में आज बजरंग दल, हरिद्वार ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन माँ गंगे ब्लड बैंक, एसआर मेडिसिटी हॉस्पिटल, जगजीतपुर, हरिद्वार के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

बजरंग दल का इतिहास राममंदिर आंदोलन के साथ गहराई से जुड़ा रहा है। 1990 के दशक में जब श्रीराम जन्मभूमि के लिए आंदोलन ने स्वरूप लिया, तब देशभर के लाखों युवाओं ने बजरंग दल के झंडे तले श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या की ओर कूच किया। अनेक कार्यकर्ता बलिदान हुए। आज उन्हीं वीरों के बलिदान की स्मृति में यह रक्तदान शिविर आयोजित किया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अजय कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन स्वयं रक्तदान करके किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय सहसेवा प्रमुख आनंद हरबोला ने बताया कि राममंदिर आंदोलन केवल मंदिर निर्माण का अभियान नहीं था, यह राष्ट्रजागरण की चेतना थी। बजरंग दल ने उस चेतना को जन-जन तक पहुंचाया। हमारे कार्यकर्ताओं ने न केवल संघर्ष किया वरन समाज सेवा के हर क्षेत्र में स्वयं को सिद्ध किया है। रक्तदान शिविर जैसे आयोजन इस बात का प्रमाण है कि बजरंग दल केवल आंदोलनकारी संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति पूर्णतः समर्पित सेवा परिवार है।

## बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए जीतेगा 200 से अधिक सीटें: शहनवाज

भागलपुर। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 200 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगा और 2010 का रिकॉर्ड तोड़ देगा। उक्त बातें बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने भागलपुर में एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भागलपुर से भाजपा प्रत्याशी रोहित पांडे इस बार रिकॉर्ड मतों से जीतकर विधानसभा पहुंचेंगे। भागलपुर की सातों विधानसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशी इस बार भारी अंतर से जीत हासिल करेंगे। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन जनता सब कुछ जानती है और इस बार इसका जवाब मतपेटियों में देगी। महागठबंधन पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इस बार एमवाय समीकरण का मतलब मुकेश और तेजस्वी यादव है। उन्होंने कहा कि जनता जाति समीकरण पर नहीं, बल्कि विकास और काम के आधार पर वोट दें।

## वृद्ध महिला से दुष्कर्म और हत्या के मामले में रोहिणी कोर्ट ने किशोर को ठहराया दोषी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने मानसिक रूप से अस्वस्थ 60 वर्षीय एक महिला से दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में 16 साल के आरोपित किशोर को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता और अपराध की क्रूरता को देखते हुए आरोपित को बालिग मानते हुए ये फैसला सुनाया।

कोर्ट ने आरोपित को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और 302 के तहत दोषी ठहराया। कोर्ट दोषी की सजा की अवधि पर 7 नवंबर को फैसला सुनाएगा। घटना 2017 की है जिसमें फुटपाथ पर जीवन-यापन कर रही 60 वर्षीय एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को आरोपित ने अपनी बर्बरता का शिकार बनाया। मामले की जांच में सामने आया कि आरोपित ने न केवल महिला के साथ दुष्कर्म किया, बल्कि लोहे की रॉड से उस पर अमानवीय हमला किया। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक रॉड से महिला के आंतरिक और बाहरी अंगों पर गंभीर चोटें आई थीं, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गयी। वारदात के समय आरोपित की उम्र 16 साल, 11 महीने और 22 दिन थी। पहले ये मामला किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष आया। किशोर न्याय बोर्ड ने अपराध की क्रूरता, आरोपित की मानसिक स्थिति और अपराध करने की समझ को देखते हुए आरोपित के खिलाफ बालिग की तरह मुकदमा चलाने का आदेश दिया। किशोर न्याय बोर्ड के इस फैसले को रोहिणी कोर्ट ने भी बरकरार रखा। रोहिणी कोर्ट ने कहा कि आरोपित की नीयत स्पष्ट रूप से हत्या करने की थी और उसने क्रूरता की सभी सीमाएं पार कर दीं। कोर्ट ने इस अपराध को रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में माना।

## साइंस सिटी में मानक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा विशेषज्ञों की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कपूरथला। मानक शिक्षा को प्रोत्साहित करने और विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच एवं जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पुष्पा गुप्ता साइंस सिटी ने गुरुवार को पंजाब भर के शैक्षिक संस्थानों के निदेशकों, जिला शिक्षा अधिकारियों और स्कूल प्रधानाचार्यों की एक बैठक की मेजबानी की। इस प्रोग्राम का उद्देश्य स्कूलों और साइंस सिटी के बीच एक संबंध मजबूत करना था, जिससे विज्ञान की शिक्षा अधिक पहुंच योग्य बने। ऐसे प्रयासों के माध्यम से छात्र को वर्ग में अनौपचारिक शिक्षा के साथ जोड़ने के लक्ष्य प्रभावी तरीके से प्राप्त किये जा सकते हैं। पुष्पा गुजराल साइंस सिटी की निदेशक डॉ राजेश ग्रोवर ने शिक्षा के भविष्य की बेहतरी के लिए सहयोगी प्रयासों की आवश्यकता को उजागर करते हुए इस बात पर बल दिया कि ऐसी अनुकूल माहौल बनाने की जरूरत है, जो वैज्ञानिक सोच, नवीनता और रचनात्मकता को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करे। उन्होंने स्कूल प्रमुखों से आग्रह करते हुए कहा कि अनौपचारिक शिक्षा को अपनाना चाहिए कि पारंपरिक शिक्षण विधियां उदासीन हो सकती हैं और बहुत सारे सिद्धांतों को सरल तरीकों से समझाने के लिए आवश्यक संसाधनों की भी कमी हो जाती है। उन्होंने कहा कि पुष्पा गुजराल साइंस सिटी शिक्षा का केंद्र है और समाज में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहा है। साइंस सिटी समाज में वैज्ञानिक कौशल पैदा करने के लिए पूरे साल बिना गणित के वैज्ञानिक कार्यक्रम कराये जाते रहते हैं।

## तस्लीमुद्दीन के राजनीतिक विरासत को लेकर दो भाईयों में भिड़ंत

- आखिर असली वारिस पुत्र कौन सरफराज या शाहनवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता







अररिया। 1959 में जोकीहाट के सिसौना पंचायत से सरपंच पद का चुनाव जीतकर राजनीतिक सफर तय करते हुए एच डी देवगौड़ा के सरकार में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के पद तक पहुंचे मरहूम जनाब तस्लीमुद्दीन सीमांचल की राजनीति के शुरू से धुरी रहे।

मो.तस्लीमुद्दीन के बड़े पुत्र जहां उनकी मौजूदगी में ही सियासी पारी शुरू कर दी थी। वहीं उनके निधन के बाद उनके छोटे पुत्र सरफराज आलम भी सियासत के मैदान में कूदे और दो बार से जोकीहाट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मो.तस्लीमुद्दीन के राजनीतिक असली वारिस को लेकर उनके दो बेटे एक बार फिर आमने सामने है। हालांकि इससे पहले भी 2020 के विधानसभा चुनाव में दोनों भाई आमने सामने थे और छोटे भाई शाहनवाज आलम ने त्रिकोणीय मुकाबले में बड़े भाई सरफराज आलम को पराजित किया था। हालांकि 2020 के विधानसभा चुनाव में सीटिंग एमएलए होने के बावजूद राजद ने शाहनवाज आलम का टिकट काट दिया था और सरफराज आलम पर भरोसा कर उन्हें टिकट दिया था। लेकिन शाहनवाज आलम ने एआईएमआईएम के टिकट से चुनाव लड़कर तीन कोणीय मुकाबले में राजद प्रत्याशी सरफराज आलम को परास्त किया। शाहनवाज आलम को एआईएमआईएम कैंडिडेट के रूप में 59,596 और राजद के सरफराज आलम को 52,213 मत प्राप्त हुए थे।वहीं भाजपा के रंजीत यादव 49,933 मत लाया था। लेकिन जब शाहनवाज आलम ने एआईएमआईएम के पांच विधायकों को तोड़कर राजद में शामिल हुए तो राजद में उनका कद बढ़ गया और बड़े भाई सरफराज आलम पिछड़ते चले गए। 2024 के लोकसभा चुनाव में राजद ने शाहनवाज आलम पर भरोसा जताया और उन्हें उम्मीदवार बनाया। हालांकि लोकसभा चुनाव में शाहनवाज की हार हुई। लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रदीप कुमार सिंह 6,00,146 और राजद के टिकट पर शाहनवाज आलम को 5,80,052 मत प्राप्त हुआ था।चर्चा की अनुसार,सरफराज आलम ने राजद से लोकसभा चुनाव का टिकट न मिलने पर शाहनवाज आलम की जमकर मुखालफत की थी। जिसके कारण शाहनवाज आलम 20,094 मतों से लोकसभा चुनाव हार गए थे।बावजूद इसके जब 2025 का विधानसभा चुनाव की बारी आई तो राजद ने सरफराज के बदले शाहनवाज पर ही भरोसा जताया और एक बार फिर जोकीहाट से टिकट देकर उन्हें प्रत्याशी बनाया। जिसके बाद सरफराज ने भी राजद से अपना नाता तोड़ा और जन सुराज के टिकट से भाई के खिलाफ मैदान में ताल ठोक दी है। शाहनवाज आलम जहां जोकीहाट से लगातार दो बार से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।वहीं सरफराज आलम जोकीहाट विधानसभा से चार बार प्रतिनिधित्व किया है। जोकीहाट विधानसभा की सियासत शुरू से ही मो.तस्लीमुद्दीन और उनके परिवार के इर्द गिर्द घुमती रही है।जोकीहाट चुनाव में मो. तस्लीमुद्दीन और उनके परिवार का दबदबा रहा है।केवल 1967 के चुनाव में पीएसपी के नजामुद्दीन, 1980 और 1990 के चुनाव में कंग्रेस के मोईदुर रहमान और 2005 के विधानसभा चुनाव में जदयू के मंजर आलम को कामयाबी मिल पाई। जबकि मो.तस्लीमुद्दीन ने जोकीहाट विधासभा से 1969, 1972, 1977, 1985 और 1995 में जीत दर्ज की।उनके पुत्र सरफराज आलम ने 1996,2000,2010 और 2015 में चुनाव जीतकर विधायक बने।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063